RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 51
नई दिल्ली, सोमवार, 25 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



किसानों के नाम पर राजनीति करने वालों की पहचान हो
राष्ट्रीय-10

www.dailypioneer.com

# केंद्र ने नवगठित डब्ल्यूएफआई पैनल को किया निलंबित

## ● खेल मंत्रालय ने नियमों का पालन नहीं करने और जल्दबाजी में प्रतियोगिता आयोजित करने पर की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नवगठित** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) विवादों में घिर गया। केंद्र ने रविवार को नए अध्यक्ष संजय सिंह की अगुवाई वाले डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया और मामलों को नियंत्रित करने और प्रबंधित करने के लिए एक तदर्थ निकाय का गठन करने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को पत्र लिखा है।

खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने रविवार कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया क्योंकि नवनिर्वाचित संस्था ने उचित प्रकिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा की थी। मंत्रालय ने साथ ही कहा कि नई संस्था पूरी तरह से पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में काम कर रही थी जो राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुरूप नहीं है। डब्ल्यूएफआई के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे जिसमें पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह और उनके पैनल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने मीडिया से बातचीत में बताया, नए निकाय ने डब्ल्यूएफआई संविधान का पालन नहीं किया। महासंघ अगले आदेश तक निलंबित रहेगा। डब्ल्यूएफआई कुश्ती के दैनिक कामकाम को नहीं देखेगा। उन्हें उचित प्रक्रिया और नियमों का पालन करने की जरूरत है। विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के साथ बृजभूषण के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व करने वाले शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया ने पूर्व अध्यक्ष के विश्वासपात्र संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बनने के विरोध में शुक्रवार को अपना पद्मश्री पुरस्कार सरकार को लौटा दिया था।



मीडिया से बातचीत करते भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह

इससे एक दिन पहले साक्षी ने भी कुश्ती से सन्यास की घोषणा कर दी थी। डब्ल्यूएफआई के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे, जिसमें पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह और उनके पैनल ने बड़े अंतर से चुनाव जीता था। संजय सिंह ने 21 दिसंबर 2023 को अध्यक्ष चुने जाने के दिन ही घोषणा की कि कुश्ती के लिए अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप साल खत्म होने से पहले ही उत्तर प्रदेश के गोंडा के नंदिनी नगर में होगी। सूत्रों ने कहा कि यह घोषणा जल्दबाजी में की गई है। उन पहलवानों को पर्याप्त सूचना दिए बिना जिन्हें उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना है। डब्ल्यूएफआई (शेष पेज 9)

# कोविड ने फिर पकड़ी रफ्तार

## जेएन-1 वैरियंट ने भारत और दुनिया की बढ़ाई चिंता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दुनिया** भर में कोविड वायरस के नए सब वैरिएंट (उप-संस्करण) जेएन-1 से संक्रमण मामलों में बढ़ोतरी ने भारत सहित सभी देशों को चिंतित कर दिया है। केंद्र सरकार ने कोविड संक्रमण के मामलों को देखते हुए निगरानी रखने के उद्देश्य से सभी नमूनों के जीनोम अनुक्रमण के लिए राज्यों को सभी कोविड-19 परीक्षण सैंपल भेजने का निर्देश दिया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी निगरानी मजबूत करने की सलाह दी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में पिछले 24 घंटों में 656 मामले और एक मौत की सूचना मिली है, अधिकारियों का कहना है कि यह संख्या अधिक हो सकती है क्योंकि लोग फेस्टिवल और सर्दियों के मौसम से पहले परीक्षण के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। भारत में अब तक जेएन वैरिएंट के 22 मामले सामने आए हैं। इस बीच, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भी दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र के देशों से कोविड-19 और इसके उभरते उप-संस्करण जेएन-1 के साथ ही इंफ्लूएंजा सहित श्वसन संबंधी बीमारियों के बढ़ते मामलों के मद्देनजर अपने निगरानी प्रयासों को बढ़ाने का आह्वान किया है। इसके अतिरिक्त डब्ल्यूएचओ ने लोगों से सावधानी बरतने को कहा है। डब्ल्यूएचओ ने लोगों से सावधानी बरतने की सलाह इसलिए जरूरी है क्योंकि मई में उसने घोषणा की थी कि कोविड संक्रमण अस्पताल में भर्ती होने और मौतों की गति में लगातार गिरावट के मद्देनजर कोविड-19 अब अंतरराष्ट्रीय चिंता व सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल नहीं है। कोविड-19 वायरस वैश्विक स्तर पर सभी देशों में सामने आने के साथ अपने स्वरूप को बदल रहा है और फैल रहा है।

वर्तमान साक्ष्य से पता चलता है कि जेएन-1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम है, हमें अपनी प्रतिक्रिया को अनुकूलित करने के लिए इन वायरस के विकास को ट्रैक करना जारी रखना चाहिए। डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा, इसके लिए देशों को निगरानी और जिनोम सिक्वेंसिंग को मजबूत करना होगा और आंकड़ों को साझा करना सुनिश्चित करना होगा।

जेएन-1 के तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे एक वर्ग के रूप में वर्गीकृत किया है। हाल के सप्ताहों में जेएन-1 संक्रमण का मामला कई देशों में रिपोर्ट किया गया और इसका प्रसार विश्व स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है। सिंह ने कहा, सीमित उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए, जेएन-1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कम आंका गया है। यह अनुमान लगाया गया है कि यह वैरिएंट अन्य वायरल और बैक्टीरियल (शेष पेज 9)



# कश्मीर में आतंकियों ने मस्जिद में पूर्व पुलिस अफसर की हत्या की

**मोहित कंधारी।** नई दिल्ली

**कश्मीर** घाटी में शांति भंग करते हुए सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। आतंकियों इस घटना को उस समय अंजाम दिया जब वह उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के शीरी इलाके के गंतमुल्ला इलाके में रविवार सुबह एक मस्जिद के अंदर से अजान दे रहे थे। यह घटना ऐसे समय में हुई जब बड़ी संख्या में पर्यटक और खेल प्रेमी गुलमर्ग और पहलगाम के होटलों व रिसॉर्ट में क्रिसमस और नए साल के जश्न में शामिल होने के लिए कश्मीर घाटी में पहुंच चुके थे। हाल के वर्षों में यह पहली ऐसी घटना है जहां किसी धार्मिक स्थल के अंदर किसी उपासक को आतंकवादियों द्वारा निशाना बनाया गया है। मोहम्मद शफी मीर की हत्या से पहले के क्षणों को याद करते हुए उनके रिश्तेदार मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि भोर से पहले की नमाज के लिए लाउडस्पीकर से अजान दी जा रही थी, तभी वह अचानक बंद हो गई। उन्होंने बताया कि मीर के आखिरी शब्द रहम थे। घटना के समय मस्तफा घर पर ही थे। पुलिस ने कहा कि मीर 2012 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने कहा कि रविवार तड़के उत्तरी कश्मीर जिले के शीरी इलाके के गंतमुल्ला इलाके में मस्जिद के अंदर आतंकवादियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर कहा, आतंकवादियों ने गेंटमुल्ला, शीरी बारामूला में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मोहम्मद शफी मीर पर मस्जिद में अजान पढ़ते समय गोलियां (शेष पेज 9)

## अवकाश सूचना




**क्रिसमस के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 25 दिसंबर 2023 को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक 27 दिसंबर 2023 को प्रकाशित होगा।**



गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को गुलदस्ता भेंट करते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

# द्रमुक नेता के यूपी बिहार विरोधी सुर से इंडिया गठबंधन में बढ़ी मुश्किलें

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई/पटना/नई दिल्ली

## ● दयानिधि मारन का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**डीएमके** के लोकसभा सांसद दयानिधि मारन का महीनों पुराना वीडियो रविवार को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से वायरल होने और उसके बाद जुबानी जंग का असर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन पर असर डाल सकता है। मारन ने एक पुराने वीडियो में तमिलनाडु में शौचालय साफ करने और अन्य छोटे-मोटे काम करने वाले उत्तर प्रदेश और बिहार के श्रमिकों पर अपमानजनक टिप्पणी की थी।

जिसके बाद का एक वीडियो क्लिप रविवार को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित करने के बाद भाजपा, तमिलनाडु की सत्ताधारी पार्टी डीएमके और राजद के बीच जुबानी युद्ध छिड़ गया है। राजद, कांग्रेस के नेतृत्व वाले बड़े विपक्षी दल भारत में द्रमुक का गठबंधन सहयोगी है और राज्य में द्रमुक और कांग्रेस गठबंधन सरकार में हैं। पार्टी के लोकसभा सांसद सेंथिलकुमार के गौमूत्र विवाद के बाद जिसे अब द्रमुक सदस्य की एक और आपत्तिजनक टिप्पणी पर यह विवाद खड़ा हो गया है।

इससे पहले राज्य के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म पर विवादास्पद टिप्पणी की थी, जिसकी दक्षिणी राज्य के कई अन्य पार्टी नेताओं ने वकालत की थी। जिसके बाद बड़ा विवाद खड़ा हो (शेष पेज 9)

# सिटी ऑफ जॉय में गूंजी गीता की पवित्र ऋचाएं

## ● प्रधानमंत्री ने कहा, गीता का पाठ करने से आएगी समाज में ऊर्जा

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**सिटी** ऑफ जॉय कोलाकता ने रविवार को एक लाख से अधिक लोगों ने संयुक्त रूप से पवित्र गीता की ऋचाओं का पाठ कर एक और विश्व रिकॉर्ड बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों द्वारा श्रीमद्भगवद गीता के पाठ करने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ आए लोगों की बड़ी सभा न केवल सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देगी बल्कि ऊर्जा का संचार करते हुए हमारे देश की विकास यात्रा से भी आगे बढ़ाएगी।



सनातन संस्कृति संसद, मतिलाल भारत तीर्थ सेवा मिशन आश्रम और अखिल भारतीय की संस्था लोक्खो कोन्थे गीतापाठ समिति के संयुक्त संयोजन में लोक्खो गीता पाठ कमेटी द्वारा आयोजित लोक्खो गीतापाठ का आयोजन किया गया। इसी प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत उदात्त परंपराओं, गहन ज्ञान और दार्शनिक-आध्यात्मिक ज्ञान का एक मिश्रण है। पीएम मोदी ने कहा, समावेशिता, सांस्कृतिक विविधता और सद्भाव हमारी अंतर्निहित ताकतें हैं। महाभारत के समय से लेकर हमारे स्वतंत्रता आंदोलन तक, आज भी श्रीमद्भगवद्गीता सभी को प्रेरित करती आ रही है।

उन्होंने कहा कि पवित्र गीता ने जिस बहुलवाद के मार्ग की पेशकश करने के साथ समय और स्थान की सीमाओं को पार कर संसार की वास्तविक प्रकृति का बोध कराया है। प्रधानमंत्री ने आशा करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों द्वारा गीता का पाठ करने से समाज में पर्याप्त ऊर्जा आएगी। पीएम ने कहा, 2047 तक की अवधि एक मजबूत, विकसित और समावेशी भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को पूरा करने के सामूहिक प्रयास का एक अवसर है। द्वारका मठ के शंकराचार्य और कई अन्य संतों और साधुओं के नेतृत्व में एक लाख से अधिक लोगों ने संयुक्त रूप से 20,000 शंखों की ध्वनि के बीच गीता के शाश्वत श्लोकों का जाप किया हर किसी के रोंगटे खड़े हो गए। कई आगंतुकों ने कहा, संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक होने के साथ हर किसी के जेहन में कौंध गई। साधुओं में से एक ने कहा कि सच है कि क्रिसमस की पूर्व संध्या पर गीता के पाठ ने कोलकाता के पुनर्जागरण आध्यात्मिकता के अपने ब्रांड को एक अलग ऊंचाई पर पहुंचा दिया, जहां आपको कृष्ण (भगवान) और कृष्ण (यीशु) के बीच कोई अंतर नहीं दिखाई दिया।

अब हर कोई समझ गया है कि कोलकाता वास्तव में रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानन्द का शहर है। उन्होंने कहा कि यह दावा नहीं हकीकत है कि रविवार के बाद कोलकाता और बंगाल का इतिहास हमेशा के लिए बदल जाएगा। इस बीच, राजनीति भी पवित्र भजनों के साथ जुड़ गई, यहां तक ????कि राज्य भाजपा ने भी कार्यक्रम के लिए बड़े पैमाने पर समर्थन प्रदान किया। हालांकि राज्य के विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने पहले कहा था कि उनकी पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है और गीता पाठ आने वाले आम चुनावों से बिल्कुल भी जुड़ा नहीं है, लेकिन उनकी टीम के साथी मजूमदार ने अपनी पार्टी की सक्रिय भागीदारी के बारे में कोई शिकायत नहीं करते हुए पूछा कि अगर भाजपा के लोगों ने इसमें सक्रिय रूप से भाग लिया है तो यह गलत है।

मजूमदार ने प्रधानमंत्री का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कैसे गीता दुनिया को भारत का उपहार है और दुनिया के पास गीता के उपदेश से बढ़कर इससे बड़ी कोई चीज़ नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग (टीएमसी नेता कुणाल घोष) इस कार्यक्रम का मजाक उड़ा रहे हैं लेकिन जल्द ही वे देखेंगे गीता के श्लोकों का राज्य की जनता पर क्या प्रभाव पड़ा। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका इशारा आम चुनाव की ओर है, उन्होंने कहा, वह लोगों की सामान्य विचार प्रक्रिया के बारे में बोल रहे थे। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने इस कार्यक्रम को कोई महत्व देने से इनकार कर दिया और कहा, लोगों को विभाजित करने के भाजपा के गंदे प्रयासों को राज्य के लोगों ने तब पढ़ा जब उन्होंने (शेष पेज 9)


# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले शुरू होगा मेगा अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## ● व्यापारियों और व्यापारिक समुदायों ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले लिया फैसला

**अयोध्या** में 22 जनवरी को निर्माणाधीन राम मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देश में देश भर के सभी राज्यों में हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या का मेगा अभियान शुरू होगा। उस दिन पूरे देश में दीपावली उत्सव की तरह मनाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत देश भर के बाजारों में 5 हजार से अधिक राम फेरी निकालने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

यह राम फेरियां बाजारों में राम भजन कर अलख जगायेंगी वहीं लगभग 2500 से अधिक राम संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे जिसमें लोगों को इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। नए साल से बाजारों में होर्डिंग भी लगाये जाएगें तथा दुकानों एवं वाहनों पर श्री राम मंदिर के स्टीकर, पोस्टर आदि लगाना तथा श्री राम कार्ड वितरित वितरित किए जाएंगे। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने का कि श्री राम किसी एक समुदाय के नहीं बल्कि भारत की आत्मा हैं जो देश की प्राचीन संस्कृति, सभ्यता तथा संस्कारों को परिलक्षित करते हैं और इसी दृष्टि से कैट ने 22 जनवरी को श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चलाये जा रहे अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने का निश्चय किया है।



उन्होंने बताया कि इस संबंध में कैट ने देश भर के व्यापारी संगठनों को एक एडवाइज़री जारी कर आग्रह किया है कि 1 जनवरी से 22 जनवरी तक देश के सभी राज्यों के प्रत्येक शहर में व्यापारी संगठन अन्य सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के साथ सक्रिय रूप से हर शहर अयोध्या-हर घर अयोध्या अभियान चलायें। उन्होंने बताया कि देश भर के अधिकतम बाजारों एवं व्यापारियों के घरों में 5 हजार से अधिक राम चौकी आयोजित कर प्रभु श्री राम के भजन कार्यक्रम का आयोजन किए जाने का लक्ष्य रखा है। कैट ने यह भी आग्रह किया है कि बाजारों में होर्डिंग भी लगाये जायें तथा दुकानों एवं वाहनों पर श्री राम मंदिर के स्टीकर, पोस्टर आदि लगाना तथा श्री राम कार्ड वितरित वितरित किए जाएंगे। भरतिया एवं खंडेलवाल ने बताया कि 22 जनवरी को दिल्ली समेत देश भर के सभी बाजारों में आकर्षक रोशनी कर बाजारों को जगमगाया जाएगा वहीं उसी दिन दिल्ली सहित देश भर के सभी शहरों में अनेक स्थानों पर मंदिरों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर श्री राम मंदिर के मॉडल एवं चित्र रख कर अयोध्या के आयोजन को बड़ी एलईडी के जरिए लोगों को सीधा प्रसारण दिखाने की भी व्यवस्था की जाएगी तथा उस दिन विश्व हिंदू परिषद द्वारा तय किए गए सभी कार्यक्रमों को अपने शहरों में व्यापारी पूरी तरह मनायेंगे।

कैट ने व्यापारियों से यह अभी आग्रह किया है 22 जनवरी को अपने घरों में रंगोली बनाकर तथा दिवाली जैसी रोशनी एवं सजावट कर श्री राम की पूजा अर्चना करें। दोनों व्यापारी नेताओं ने बताया कि कैट ने देश भर के व्यापारियों को सुझाव दिया है कि श्री राम मंदिर की स्मृति को संजोये रखने के लिए व्यापारी एक दूसरे को श्री राम मंदिर के मॉडल को उपहार स्वरूप दें एवं अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर भी उस मॉडल को स्मृति रूप में रखें। इसके (शेष पेज 9)

## ऑनर किलिंग की शिकार शीबा को नहीं मिला शव

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में ऑनर किलिंग का शिकार हुई 18 साल की शीबा की लाश 8 दिन बाद भी नहीं मिल पाई है। हत्यारोपी भाइयों ने दावा किया था कि गला दबाकर हत्या करके लाश उन्होंने गंगनहर में फेंक दी थी। कई दिन सर्च ऑपरेशन चलाने के बावजूद लाश रिकवर नहीं हो पाई है। सामान्यत डेडबॉडी पानी में तीन दिन बाद ऊपर आ जाती है, लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ। पुलिस को अब शक है कि आरोपी झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने लाश कहीं और छिपाई है। इसलिए पुलिस अब आरोपियों को जेल से रिमांड पर लेने की तैयारी में है।


JM FINANCIAL

जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
कार्पोरेट पहचान सं. : U67190MH2007PLC174287
पंजी. कार्यालय पता : 7वां तल, सिनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई–400 025
फोन : + 91 22 6630 3030 एफ : + 91 22 6630 3223 www.jmfinancialarc.com

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के तहत। पीरामल कैपिटल ऍंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः दीवान हाउसिंग ऍंड फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध) ने एक ऋण समूह (निम्नलिखित ऋणों सहित) का समनुदेशन उनके संबंध में सृजित अधोवर्णित प्रतिभूति हित सहित तथा उन पर सभी अधिकारों, स्वाम्वि और हित सहित, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफासी ऐक्ट") की धारा 5(1)(बी) के तहत एक समनुदेशन अनुबंध दिनांकित 29 मार्च, 2023 ("समनुदेशन अनुबंध") के माध्यम से जेएमएफएआरसी (जेएम) (इसमें आगे समनुदेशिती के रूप में संदर्भित) के पक्ष में कर दिया है। अधोहस्ताक्षरी समनुदेशिती (जेएम) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("उक्त अधिनियम") के तहत। उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग सूचनाएं जारी की हैं, जिनमें निम्नवर्णित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा एक बार पुनः, उक्त कर्जदार(रों) से यहां नीचे निदर्शित राशियां, जो कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित ऋण अनुबंध के साथ पठित अन्य प्रलेखों/विलेखों, यदि कोई, के तहत देय हैं, यहां नीचे वर्णित तिथि से भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक उक्त मांग सूचना(ओं) में वर्णित आगे ब्याज के साथ जेएम को इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की जाती है। ऋण के सम्यक् प्रतिभुगतान के लिए, कर्जदार(रों) द्वारा निम्नलिखित आस्तियां जेएम के पास बंधक रखी गई हैं।

| ऋणधारक(कों)/गारंटर(रों) के नाम | मांग सूचना तिथि तथा एनपीए तिथि के साथ राशि | प्रतिभूत परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| (कड़कड़डूमा नोएडा शाखा का एलसी नंबर 25600000206) मनीष वर्मा (उधारकर्ता) सुनीता सुखपाल (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 4207037 /– (रुपये बयालीस लाख सात हजार सैंतीस मात्र) एनपीए (05–04–2017) | ए–22, टी4, राइन, प्लॉट नंबर जीएच 06ए, राइन सेक्टर चाइ – 5 ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201308 |
| (गुड़गांव–सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर 19700042337) आशु सेठी (उधारकर्ता) अभिषेक यादव (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 8984251 /– (रु. उन्यासी लाख चौरासी हजार दो सौ इक्यावन मात्र) एनपीए (04–12–2018) | फ्लैट नंबर टा 104 प्रथम तल टावर ए अरण्य रेजीडेंसी उन्नति फॉर्च्यून प्लॉट नंबर जीएच–2 सेक्टर 119 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :– 201301 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर 01400004038) ज्योत्सना रतन (उधारकर्ता) अमित शर्मा (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 8977611 /– (रु. उन्यासी लाख सतहत्तर हजार छह सौ ग्यारह केवल) एनपीए (04–12–2018) | यूनिट नंबर 2006 20वीं मंजिल टावर 5 द अरण्या जीएच 02 सेक्टर 119 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :– 201301 |
| (नोएडा 1 राजेंद्र प्लेस शाखा का एलसी नंबर 13100001170) गीता वाही (उधारकर्ता) पवन कुमार वाही (सह–उधारकर्ता 1) पुनीत वाही (सह–उधारकर्ता 2) हिमानी तुली (गारंटर 1) | 01–11–2023 /रु. 8837191 /– (रु. अट्ठासी लाख सैंतीस हजार एक सौ इक्यानबे केवल) एनपीए (11–04–2017) | अपार्टमेंट नंबर–1606, 16वी मंजिल टावर–ए, सर्वोटा एम श्री प्लॉट नंबर– एसआई–2 डीपीएस रोड इंदिरापुरम गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201010 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर 27900002037) गुरनाम सिंह (उधारकर्ता) परमजीत कौर (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 15161284/– (रुपये एक करोड़ इक्यावन लाख इकसठ हजार दो सौ चौरासी केवल) एनपीए (03–02–2016) | फ्लैट नंबर–519 पांचवी मंजिल ब्लॉक नंबर–बी सेक्टर–29 रोहिणी नई दिल्ली दिल्लीः–110085 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर 01400005150) सौरव अग्रवाल (उधारकर्ता) सुशील कुमार अग्रवाल (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 7946202 /– (रु. उन्यासी लाख छियालीस हजार दो सौ दो केवल) एनपीए (09–07–2021) | फ्लैट नंबर ए–104,10वी मंजिल मीडोज विस्टा फेज – 1, परगना जलालाबाद, मोरटा गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेशः– 201010 |
| (दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा का एलसी नंबर 26600000230) मोह. इस्तयाक अहमद (उधारकर्ता) फरहा बानो (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 3333103 /– (रु. तैंतीस लाख तैंतीस हजार एक सौ तीन केवल) एनपीए (03–02–2018) | फ्लैट नंबर 604, 6ठवी मंजिल, टावर नंबर बी–6, पैलेस हाइट्स प्लॉट नंबर जीएच–02 बी, सेक्टर 1 ग्रेटर नोएडा (पश्चिम) गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेशः– 201308 |
| (कनॉट प्लेस शाखा का एलसी नंबर 13300000421 मुकेश कुमार (उधारकर्ता) रेखा कुमार (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 3001064 /– (रु. तीस लाख एक हजार चौंसठ केवल) एनपीए (04–01–2020) | यूनिट नंबर जीए1– ए–1708, 17वी मंजिल टावर ए, गायत्री ऑरा प्लॉट नंबर–जीएच–11, सेक्टर 1, ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेशः–201310 |
| (दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा का एलसी नंबर 26600000262) गिरधारी लाल (उधारकर्ता) लाली देवी (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 10315575 /– (रु. एक करोड़ तीन लाख पंद्रह हजार पांच सौ पिचहत्तर केवल) एनपीए (06–06–2017) | अपार्टमेंट नंबर– ई 22/ टी 4, राइन सेक्टर चाई–बी यमुना एक्सप्रेसवे ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेशः– 201308 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर 09200002430) मनधीर गाबा (उधारकर्ता) शांति प्रकाश गाबा (सह–उधारकर्ता 1) अर्चना (सह–उधारकर्ता 2) अनीता (गारंटर 1) | 01–11–2023 /रु. 13278906/– (रुपये एक करोड़ बत्तीस लाख अट्ठहत्तर हजार नौ सौ छह केवल) एनपीए (10–03–2021) | जी–36, अपर ग्राउंड फ्लोर राधे पुरी दिल्ली दिल्ली नई दिल्ली दिल्लीः–110051 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर 09200001355) मोनीत नागपाल (उधारकर्ता) अनुराग नागपाल (सह–उधारकर्ता 1) केवीएम स्टील प्राइवेट लिमिटेड (सह–उधारकर्ता 2) | 01–11–2023 /रु. 12028930 /– (रुपये एक करोड़ बीस लाख अट्ठाईस हजार नौ सौ तीस मात्र) एनपीए (06–05–2019) | 1) यूनिट नंबर 02 5वी मंजिल टॉवर पी06 सेक्टर–92 क्रिसेंट पार्क सारे होम गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा 122001 2) यूनिट नंबर 1, 7वी मंजिल टावर–टी15, क्रिसेंट पार्क ग्रीन पार्क–ii सारे होम, सेक्टर–92, गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा :–122001 3) यूनिट नंबर 02 19वी मंजिल टॉवर पी04 सेक्टर–92 क्रिसेंट पार्क सारे होम गुड़गांव गुड़गांव हरियाणाः–122001 |
| (कड़कड़डूमा नोएडा शाखा का एलसी नंबर 25600000293) बीरेंद्र तामसोय (उधारकर्ता) प्रियंका तामसोय (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 8655348/– (रु. छियासी लाख पचपन हजार तीन सौ अड़तालीस केवल) एनपीए (30–09–2020) | विला नंबर वीएफ–66, मैसर्स रॉयलगोल्फ लिंक सिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, रेप–2, सेक्टर–27, नोएडा नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेशः– 201308 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर 27900000806) रणधीर कुमार (उधारकर्ता) कुन्दन कुमार झा (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 4735451 /– (रु. सैंतालीस लाख पैंतीस हजार चार सौ इक्यावन मात्र) एनपीए (05–04–2017) | फ्लैट नंबर 006, जी एफ, टावर एन18 जेपी अमन सेक्टर 151 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :– 201310 |
| (नोएडा–सेक्टर 2 शाखा का एलसी नंबर 20000042056) प्रदीप कुमार (उधारकर्ता) इंद्रपाल (सह–उधारकर्ता 1) सोमवीर सिंह (सह–उधारकर्ता 2) | 01–11–2023 /रु. 2739931 /– (रु. सत्ताईस लाख उनतालिस हजार नौ सौ इकतीस केवल) एनपीए (30–09–2020) | फ्लैट नंबर एफएफ–1, पहली मंजिल फ्रंट आरएचएस साइड प्लॉट नंबर–सी3/6 डीएलएफ अंकुर विहार गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश :– 201010 |
| (दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा का एलसी नंबर 26600000280) विकास कुमार (उधारकर्ता) प्रकाश झा (सह–उधारकर्ता 1) अंजू देवी (सह–उधारकर्ता 2) | 01–11–2023 / रु. 2060603 /– (रु. बीस लाख साठ हजार छह सौ तीन केवल) एनपीए (08–09–2020) | फ्लैट नंबर 1906, 19वी मंजिल टॉवर 9, हैबीटेक पंचतत्व प्लॉट नंबर जीएच–8ए, टेक जोन प्ट ग्रेटर नोएडा वेस्ट गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201308 |
| (नोएडा–सेक्टर 2 शाखा का एलसी नंबर 20000041988) आसिफ खान (उधारकर्ता) शाहजहाँ खान (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 2510588 /– (रु. पच्चीस लाख दस हजार पांच सौ अट्ठासी केवल) एनपीए (05–03–2020) | फ्लैट नंबर – 606, टावर एच, लोरिडा सेक्टर–82, फरीदाबाद, हरियाणा फरीदाबाद हरियाणा :–121004 |
| (कनॉट प्लेस शाखा का एलसी नंबर 13300000445 अजय कुमार (उधारकर्ता) रागिनी सिंह (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 4121889 /– (रु. इकतालीस लाख इक्कीस हजार आठ सौ उन्यासी केवल) एनपीए (04–01–2020) | फ्लैट नंबर ए–2301 23वी मंजिल, टावर एक्वा गायत्री लाइफ, 1 एफ, सेक्टर–16 ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेशः–201307 |
| (एलसी नं. 19600042417, दिल्ली–सफदरजंग शाखा) रूपेश कुमार अरोड़ा (उधारकर्ता) लता रावत (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023/रु. 1332298/– (रु. तेरह लाख बत्तीस हजार दो सौ अट्ठानबे केवल) एनपीए (31–07–2021) | फ्लैट नंबर 01 ग्राउंड फ्लोर ब्लॉक बी प्लॉट नंबर 41 स्प्रिंग व्यू फ्लोर्स न्यू इंदिरापुरम एनएच 24 गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेशः–201001 |
| (गुड़गांव–सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर 19700043028) राजिंदर सिंह (उधारकर्ता) अर्शप्रीत कौर (सह–उधारकर्ता 1) अमनप्रीत कौर (सह–उधारकर्ता 2) | 01–11–2023 /रु. 8598657/– (रु. पिचासी लाख अट्ठानबे हजार छह सौ सत्तावन केवल) एनपीए (06–05–2017) | फ्लैट नंबर ए 1105 11वी मंजिल ब्लॉक ए सेक्टर 1 एनएच 8 पीयूष हॉरिजन धारूहेड़ा हरियाणा गुड़गांव हरियाणा :–122106 |
| (गुड़गांव–सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर 19700043165) विशाल श्रीवास्तव (उधारकर्ता) प्रीति सोंथालिया (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 11555091/– (रु. एक करोड़ पंद्रह लाख पचपन हजार इक्यानबे मात्र) एनपीए (06–03–2017) | पीयूष हॉरिजन फ्लैट नंबर ए 306 तीसरी मंजिल ब्लॉक ए सेक्टर 1 एनएच 8 धारूहेड़ा धारूहेड़ा हरियाणा महेंद्रगढ़ हरियाणा :–123101 |
| (गुड़गांव–सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर 19700043095) प्रवीण कुमार शर्मा (उधारकर्ता) ईशा शर्मा (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023/रु. 8927437/– (रुपये उन्यासी लाख सत्ताईस हजार चार सौ सैंतीस मात्र) एनपीए (03–11–2017) | यूनिट नंबर जी–1101 11वां लोर टावर जी न्यूटेक ला गैलेक्सिया एचआरए साइट सी ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :– 201310 |
| (गुड़गांव–सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर 19700043111) रोहित कुमार (उधारकर्ता) अनामिका कुमारी (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023/रु. 9305103/– (रुपये तिरानबे लाख पांच हजार एक सौ तीन केवल) एनपीए (03–11–2017) | यूनिट नंबर जी 1603 16वी मंजिल ब्लॉक–जी एचआरए 11 1ए सूरजपुर साइट सी न्यूटेक ला गैलेक्सिया ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :– 201301 |
| (दिल्ली – सफदरजंग शाखा का एलसी नं. 19600044861) गौरव जैतिक (उधारकर्ता) दीपिका गंध (सह–उधारकर्ता 1) तमन्ना जैतिक (सह–उधारकर्ता 2) | 01–11–2023 /रु. 5578642 /– (रु. पचपन लाख अठहत्तर हजार छह सौ बयालीस केवल) एनपीए (10–03–2021) | मकान नं. सी–82 तीसरी मंजिल सुदर्शन पार्क नई दिल्ली नई दिल्ली दिल्ली :–110015 |
| (लाजपत नगर शाखा का एलसी नंबर 28200000133) विशाल त्यागी (उधारकर्ता) गीता त्यागी (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023/ रु. 2151580/– (रुपये इक्कीस लाख इक्यावन हजार पांच सौ अस्सी मात्र) एनपीए (04–10–2019) | फ्लैट नंबर टी1–0105, टॉवर–1 प्रथम तल "रिद्धि सिद्धि" सेक्टर 99 गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा :– 122001 |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर 19000000988) मुकेश जैन (उधारकर्ता) नेहा जैन (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 5994683/– (रु. उनसठ लाख चौरानबे हजार छह सौ तिरासी केवल) एनपीए (04–01–2019) | 9वीं मंजिल 903– टी–सी शिवालिक होम्स कॉसमॉस इन्फ्रास्ट्रक्चर फेज–2 सूरजपुर जीबी नगर ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :– 201301 |
| (दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा का एलसी नंबर 26600000622) विकास कुमार (उधारकर्ता) संजे राठी (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 2058432 /– (रुपये बीस लाख अट्ठावन हजार चार सौ बत्तीस केवल) एनपीए (31–08–2021) | खसरा नंबर 175/2 मिन. का हिस्सा, प्राइवेट प्लॉट नंबर 03, कैसिया, ग्राम भूरारानी (एलायंस सिटी वन), रुद्रपुर रुद्रपुर, उत्तराखंड नैनीताल उत्तरांचल :– 263152 |
| (एलसी नं. 19600042856, दिल्ली–सफदरजंग शाखा) जतिन तेहरी (उधारकर्ता) प्रवेश गोयल (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023/ रु. 13566659/– (रुपये एक करोड़ पैंतीस लाख छियासठ हजार छह सौ उनसठ केवल) एनपीए (06–05–2019) | यूनिट नंबर 0601 6ठवीं मंजिल टॉवर जी2 द ग्रैंड सारे क्रिसेंट पार्क सेक्टर 92 गुड़गांव गुड़गांव हरियाणा :– 122001 |
| (एलसी नं. 19600042804 दिल्ली–सफदरजंग शाखा) राशिद अली (उधारकर्ता) लियाकत अली (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023/ रु. 4615304/– (रुपये छियालीस लाख पंद्रह हजार तीन सौ चार केवल) एनपीए (03–02–2019) | फ्लैट नंबर 1006 10वीं मंजिल टॉवर जैज रिदम काउंटी जीएच 16ई सेक्टर 1 ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :– 201301 |
| (एलसी नं. 19600042774, दिल्ली–सफदरजंग शाखा) अनीश सक्सेना (उधारकर्ता) नीतीश सक्सेना (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023/ रु. 10655295/– (रु. एक करोड़ छह लाख पचपन हजार दो सौ पिचानबे केवल) एनपीए (04–01–2019) | यूनिट नंबर 1801, ब्लॉक–सी 18वीं मंजिल, अंतरिक्ष वन सेक्टर–77 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :–201301 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 14600000711) अरुण कुमार (उधारकर्ता) पूजा (सह–उधारकर्ता 1) नीरज कुमार कंसल (सह–उधारकर्ता 2) | 01–11–2023 / रु. 2688773/– (रु. छब्बीस लाख अट्ठासी हजार सात सौ तिहत्तर केवल) एनपीए (30–09–2020) | ग्राउंड फ्लोर प्लॉट नंबर सी–137 ब्लॉक–सी आर्क सिटी दिल्ली रूड़की बाईपास रोड सैनिक विहार के पास नंगलाताशी मेरठ मेरठ उत्तर प्रदेशः– 250001 |
| (राजनगर शाखा का एलसी नंबर 19000001197) अश्विनी कुमार शर्मा (उधारकर्ता) श्वेता शर्मा (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 4317591 /– (रुपये तैंतालीस लाख सत्रह हजार पांच सौ इक्यानबे केवल) एनपीए (30–09–2020) | फ्लैट नंबर–एफ15–1204, 12वीं मंजिल 02 हैबिटेट बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड जो जीएच–05 टेक जोन से ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेशः–201308 में स्थित है |
| (नोएडा–सेक्टर 2 शाखा का एलसी नंबर 20000042226) वैभव मिश्रा (उधारकर्ता) राज कुमार मिश्रा (सह–उधारकर्ता 1) कौशल कुमार झा (सह–उधारकर्ता 2) | 01–11–2023 / रु. 2301334 /– (रुपये तेईस लाख एक हजार तीन सौ चौंतीस केवल) एनपीए (30–09–2020) | एफएफ–3 फर्स्ट फ्लोर आईएचएस प्लॉट नंबर ए–70 ब्लॉक–ए एसएलएफवेद विहार लोनी गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश :– 201102 |
| (रोहिणी शाखा का एलसी नंबर 09200001609) सुधीर रंजन (उधारकर्ता) ऋतु रंजन (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 5066624 /– (रुपये पचास लाख छियासठ हजार छह सौ चौबीस केवल) एनपीए (04–10–2019) | फ्लैट नंबर 1206, 12वीं मंजिल टॉवर – ए, स्प्रिंग व्यू हाइट्स, एनएच–24, ग्राम बम्हेटा, गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेशः– 201002 |
| (दिल्ली–पीतमपुरा शाखा का एलसी नंबर 19800041450) विकास आहूजा (उधारकर्ता) प्रिया आहूजा (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 2668805/– (रुपये छब्बीस लाख अड़सठ हजार आठ सौ पांच केवल) एनपीए (30–09–2020) | यूनिट नंबर टी–13/0803, 8वी मंजिल लेक ड्राइव अपार्टमेंट लेक ग्रोव सिटी कुंडली सोनीपत सोनीपत हरियाणा :– 131028 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर 01400004627) सुरेश चंद यादव (उधारकर्ता) रवि यादव (सह–उधारकर्ता 1) सुनीता देवी (सह–उधारकर्ता 2) राजवीर कुमार (गारंटर 1) | 01–11–2023 / रु. 4392105/– (रुपये तैंतालीस लाख बयानबे हजार एक सौ पांच केवल) एनपीए (04–04–2020) | फ्लैट नंबर 2, पहली मंजिल संपत्ति नंबर डी–60 खस. नंबर 602, 605 और 607 कृष्णा पार्क खानपुर देवली रोड दिल्ली नई दिल्ली दिल्ली :– 110062 |
| (फरीदाबाद – सेक्टर 19 शाखा का एलसी नंबर 19900041633) रुचि सलवान (उधारकर्ता) जितेंद्र सलवान (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 2638536 /– (रुपये छब्बीस लाख अड़तीस हजार पांच सौ छत्तीस केवल) एनपीए (06–03–2019) | फ्लैट नंबर–एन202 सेकेंड फ्लोर टॉवर–एन द गोल्डन पाम्स प्लॉट नंबर– जीएच01/ई सेक्टर–168 नोएडा यूपी नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :– 201301 |
| (कड़कड़डूमा नोएडा शाखा का एलसी नंबर 25600000729) रितेश श्रीवास्तव (उधारकर्ता) तूलिका श्रीवास्तव (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 4887981/– (रुपये अड़तालीस लाख सत्तासी हजार नौ सौ इक्यासी केवल) एनपीए (04–07–2019) | यूनिट नंबर ई1/1504, 15वी मंजिल, टॉवर–ई1 पटेल नियोटाउन, प्लॉट नंबर जीएच 03 सेक्टर टेकजोन 4 ग्रेटर नोएडा पश्चिम गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :– 201308 |
| (दिल्ली जनकपुरी शाखा का एलसी नंबर 24900001845) मुकेश कुमार (उधारकर्ता) नमिता (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 /रु. 1363337/– (रु. तेरह लाख तिरेसठ हजार तीन सौ सैंतीस केवल) एनपीए (08–02–2022) | डीडीए एसएफएस फ्लैट नंबर 492, तीसरी मंजिल, जीएच–13 पश्चिम विहार, नई दिल्ली नई दिल्ली दिल्लीः–110063 |
| (कड़कड़डूमा नोएडा शाखा का एलसी नंबर 25600000834) मनोज वर्मा (उधारकर्ता) पूनम वर्मा (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 653532/– (रु. छह लाख तिरेपन हजार पांच सौ बत्तीस मात्र) एनपीए (31–07–2021) | 1/2271–बी, पुराना प्लॉट नंबर–1412/2ए, दूसरी मंजिल, खसरा नंबर–2676/135, गली नंबर–8, राम नगर, शाहदरा, दिल्ली नई दिल्ली दिल्ली :–110032 |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर 27900001775) मोहित कुमार (उधारकर्ता) सीमा सिंह (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 3972062 /– (रु. उनतालिस लाख बहत्तर हजार बासठ केवल) एनपीए (30–04–2021) | फ्लैट नंबर–205, दूसरी मंजिल, ब्लॉक–एच, दिल्ली–99, आवास विकास भोपुरा टीला मोड़ रोड के सामने गाजियाबाद, यूपी गाजियाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201010 |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर 01400004900) आमना वहाब (उधारकर्ता) मोह. वहाब (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 1553292/– (रुपये पंद्रह लाख तिरेपन हजार दो सौ बयानबे केवल) एनपीए (30–09–2020) | यूनिट नंबर– डी302, तीसरी मंजिल, टॉवर–डी, संस्कृति, प्लॉट नंबर–10, सेक्टर–10, ग्रेटर नोएडा पश्चिम, यूपी गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश :– 201308 |
| (गुड़गांव–सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर 197जीयूआर34535) अजितेश पन्त उधारकर्ता) | 01–11–2023 / रु. 2595109/– (रुपये पच्चीस लाख पिचानबे हजार एक सौ नौ केवल) एनपीए (30–09–2021) | मकान/फ्लैट नंबर 503, तल सं. 5वीं, प्लॉट नं. टावर डी, जेनेसिस फ्लोरा, ग्रा भिवाड़ी भिवाड़ी अलवर राजस्थान :– 301019 |
| (गुड़गांव–सोहना रोड शाखा का एलसी नंबर 19700044513) तौसीत अहमद इदू (उधारकर्ता) | 01–11–2023 / रु. 3415055 /– (रु. चौंतीस लाख पंद्रह हजार पचपन मात्र) एनपीए (08–09–2021) | मकान/फ्लैट नं. ई 87, मंजिल नं. दूसरी, प्लॉट नं. पीयूष रोसेट, पीयूष सिटी, सेक्टर अलवर एक्सप्रेस हाईवे, ग्राम भिवाड़ी भिवाड़ी राजस्थान :– 301019 |
| (हरिद्वार शाखा का एलसी नंबर 28600002528) मनोज राय (उधारकर्ता) आशा राय (सह उधारकर्ता 1) | 01–11–2023 / रु. 1347971/– (रु. तेरह लाख सैंतालीस हजार नौ सौ इकहत्तर केवल) एनपीए (08–02–2021) | प्लॉट नं 119, खस. नं. 445 एमआई., टिहरी विस्थापित क्षेत्र ग्राम सलेमपुर महदूद 1 परगना ज्वालापुर हरिद्वार हरिद्वार उत्तरांचल :– 249402 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर 24000003234) अनुज कुमार गुप्ता (उधारकर्ता) मीनाक्षी खुराना (सह–उधारकर्ता 1) | 01–11–2023/ रु. 6849669/– (रुपये अड़सठ लाख उनचास हजार छह सौ उनहत्तर केवल) एनपीए (08–06–2023) | फ्लैट नंबर 304, परिसर नंबर 7/131 और 7/131–बी, स्वरूप नगर, कानपुर कानपुर शहरी उत्तर प्रदेश :– 208001 |

यदि उक्त कर्जदार जेएम को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, जेएम अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण जेएम की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

तिथि : 25–12–2023
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
जेएम फाइनैंशियल असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी लिमिटेड
अरण्य – ट्रस्ट के ट्रस्टी की अपनी हैसियत से कार्यरत


# शिक्षण संस्थाओं में निवेश करें कॉर्पोरेट : उपराष्ट्रपति

## गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी ने छात्रों को बांटी डिग्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में स्थित गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी का पहला दीक्षांत समारोह रविवार को धूमधाम से संपन्न हो गया। दीक्षांत समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज यूपी देश ही नहीं दुनिया में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर रोल मॉडल बन चुके है। साथ ही उन्होंने कॉर्पोरेट सेक्टर से देश के शिक्षण संस्थाओं में निवेश के लिए कहा।

उप राष्ट्रपति ने गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालयों के स्तर तक पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री से मांग भी की साथ ही ये विश्वास भी जताया कि उनकी मांग को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शतप्रतिशत पूरा किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, क्वांटम कम्प्यूटिंग में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि आने वाले समय में भारत तकनीकी का हब बनने जा रहा है। उप राष्ट्रपति ने कॉर्पोरेट सेक्टर से देश के शिक्षण संस्थाओं में निवेश के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि डिफेंस प्रोडक्शन के मामले में उत्तर प्रदेश बड़ा हब बनने की राह पर है। उन्होंने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को नए संसद भवन आने का निमंत्रण भी दिया। साथ ही उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नेशन फर्स्ट की भावना के साथ अपनी जिंदगी में आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में उप राष्ट्रपति द्वारा खराब मौसम के बावजूद सड़क मार्ग से समय से पहले ही समारोह में पहुंचने को युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने उप राष्ट्रपति को शून्य से शिखर की आदर्श प्रतिमूर्ति बताया। वहीं उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध की शिक्षाएं हमें बुद्धि और विवेक से धर्म का आचरण करते हुए टीम भावना के लिए प्रेरित करती हैं। मुख्यमंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले विश्वविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल और मंगलमय भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का नामकरण भगवान गौतम बुद्ध के नाम पर हुआ है। बुद्ध के जीवन में हमें बहुत सी विशेषताएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने जीवन के जिन रहस्यों को उद्घाटित किया था, वो हर मनुष्य के इर्द.गिर्द घटती हैं। बुद्ध ने हमें सिखाया है कि हमें समस्याओं को स्वीकारना आना चाहिए। जैसे ही हम समस्या को स्वीकार करते हैं तो उसके समाधान का रास्ता भी तलाशना होता है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने जेवर एयरपोर्ट के सोशल इम्पैक्ट स्टडी का कार्य किया। इससे फैकल्टी और छात्रों को नया अनुभव तो हुआ ही साथ ही विश्वविद्यालय को आर्थिक लाभ भी हुआ। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं का इंडस्ट्री के साथ जुड़ाव होना और रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ ही इनोवेशन सेंटर के रूप में कार्य करना होगा।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार में औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, लोक निर्माण विभाग के राज्यमंत्री बृजेश सिंह, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, कुलपति प्रो रविन्द्र कुमार सिन्हा, डीन एकेडमिक प्रो एमपी मलकानिया, प्राधिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारी व पुलिस विभाग, जिला प्रशासन एवं प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारीगण, विश्वविद्यालय के फैकल्टी मैंबर्स और उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राएं मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के 8 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

वहीं 8 संकायों के विद्या वाचस्पति, स्नातकोत्तर और स्नातक के 7914 छात्र–छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गईं। इसके अलावा म्यांमार, वियतनाम, लाओस, थाईलैंड और ताइवान के पांच विदेशी छात्रों को भी उपाधियां प्रदान की गईं।




ग्रेटर नोएडा स्थित गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के पहला दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## मुख्यमंत्री ने गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों से मिले

***गाजियाबाद।*** *मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार रात गाजियाबाद में रुके। मुरादाबाद और बिजनौर के कार्यक्रमों से वे सीधे हिंडन एयरपोर्ट गाजियाबाद में उतरे। यहां वे सड़क मार्ग से सीधे प्रताप विहार में जल निगम के गेस्ट हाउस पहुंचे और रात्रि विश्राम किया। इसके बाद रविवार सुबह गौतमबुद्धनगर में आयोजित कार्यक्रमों के लिए रवाना हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गेस्ट हाउस में गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों से करीब दो घंटे तक बातचीत की। जनप्रतिनिधियों ने अपनी कुछ मांगें सीएम के सामने रखीं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान पूरे इंदिरापुरम क्षेत्र को नगर निगम गाजियाबाद को हैंडओवर करने पर जोर दिया। कहा कि इंदिरापुरम की समस्याओं को दूर करने का एक यही अच्छा तरीका है। हैंडओवर करने से पहले गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को इंदिरापुरम में सड़क, नाली, पार्क ठीक करके देने होंगे। मेयर सुनीता दयाल ने सीएम को बताया कि इंदिरापुरम क्षेत्र मिलते ही निगम की आय में वृद्धि हो जाएगी और हम इसका रखरखाव भी अच्छे से कर सकेंगे। पिछले कई साल से लगभग वीरान पड़े कैलाश मानसरोवर भवन के रखरखाव पर भी सीएम ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीडीए या नगर निगम इसकी देखरेख करके संचालित कर सकता है। सीएम ने गाजियाबाद में बन रहे उत्तराखंड और पूर्वांचल भवन का स्टेटस भी नगरायुक्त से पूछा। मुख्यमंत्री ने प्रदूषण, कोरोना, अतिक्रमण अभियान पर भी चर्चा की। राज्यसभा सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल, मेयर सुनीता दयाल, भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, विधायक अतुल गर्ग, सुनील शर्मा, अजीत पाल त्यागी, दूधेश्वर मंदिर के प्रमुख महंत नारायण गिरि आदि ने मुख्यमंत्री से जल निगम के गेस्ट हाउस पहुंचकर मुलाकात की।*

## मकान की छत ढही, दो बच्चियों की मौत

### छत पर ईंट बिछाने का चल रहा था काम, चार मजूदर भी घायल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के समाधीपुर गांव में एक छत पर ईंट बिछाने का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक से छत ढह गई।

इस हादसे में दो बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं काम कर रहे मजदूर बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं, जिनका रेस्क्यू किया गया है। सभी का इलाज अस्पताल में चल रहा है। दरसअल थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत समाधिपुर गांव में लाल सिंह अपने घर की छत पर ईट बिछ्वाकर कर छत की मरम्मत करा रहा था। ऊपर की छत पर ज्यादा वजन हो जाने के कारण अचानक ऊपर की छत बीच वाली छत पर गिर गई, जिससे बीच वाली छत नीचे गिर गई।

जिस कारण नीचे लाल सिंह की पोती रीवा कुमारी 5 और जीवा कुमारी 3 र्ष खेल रही थीए जो मलबे में दबकर घायल हो गई, जिन्हें मलबे से निकलवा कर इलाज हेतु अस्पताल भिजवा दिया गया है। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

वही मकान में काम करने के दौरान राजवीर 45, विनोद 43, संजीव 35 और पंकज 23 घायल हुए हैं। मकान के गिरते ही चारों तरफ चीख पुकार मच गई।

ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकाला और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। आनन.फानन में सभी को ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

## ग्रेटर नोएडा में दो युवकों में जमकर चले लात-घूंसे

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र की एक सोसाइटी के गेट पर दो कार सवार युवकों में गाड़ी आगे पीछे करने को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों युवकों में लात और घूंसे चल गए। इस दौरान दोनों में जमकर मारपीट हुई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई।

दरअसल बिसरख थाना क्षेत्र की स्टेलर जीवन सोसाइटी के गेट पर एक कैब चालक और प्राइवेट कार चालक के बीच गाड़ी को आगे पीछे करने को लेकर विवाद हो गया। पहले इन लोगों के बीच कहासुनी हुई लेकिन उसके बाद यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों एक दूसरे से भिड़ गए और जमकर लात घूंसे चलने शुरू हो गए। कुछ युवकों ने मारपीट का वीडियो बना लिया।

## लिफ्ट गिरने के मामले में सर्विस मैन सहित पांच लोग गिरफ्तार

### नोएडा सेक्टर.125 स्थित रिवर साइड टावर में हुआ था हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर–125 स्थित रिवर साइड टावर में आठवीं मंजिल से लिफ्ट गिरने के मामले में एक कंपनी की ओर से एवफि स कंपनी के मालिक और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ सेक्टर–126 थाने में केस दर्ज कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में कम्युनिटी मैनेजर और सर्विसमैन समेत लिफ्ट की देखभाल करने वाले अन्य कर्मचारी शामिल हैं। हादसे में घायल पांचों लोगों की हालत अब बेहतर है। पुलिस को दी शिकायत में नवीन जांगिरा ने बताया कि रिवर साइड टावर की आठवीं मंजिल पर उनकी कंपनी इरा स्मिथ टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड का ऑफिस है।

कंपनी में कुल 35 कर्मचारी काम करते हैं। शुक्रवार को शाम साढ़े पांच बजे नौ इंजीनियर अपना काम समाप्त करने के बाद लिफ्ट से नीचे आने के लिए चढ़े। जैसे ही कंपनी की लिफ्ट नंबर दो को चालू किया गया वह भरभराकर आठवीं मंजिल से बेसमैंट में जाकर गिरी। इसमें सभी नौ लोग घायल हो गए।

## गाजियाबाद के 4 अस्पतालों में कोरोना जांच

### संयुक्त अस्पताल में दो वार्ड रिजर्व, 24 घंटे में नहीं मिला नया मरीज

**पायिनयर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जिला गाजियाबाद और नोएडा में 24 घंटे में कोरोना का कोई नया मरीज नहीं मिला है, लेकिन सतर्कता बढ़ा दी गई है। गाजियाबाद में अब एक की जगह चार अस्पतालों में कोरोना जांच शुरू कर दी गई है, वहीं प्रमुख अस्पताल में दो वार्ड कोरोना मरीजों के लिए रिजर्व कर दिए गए हैं।

बीते हफ्ते गाजियाबाद में कोरोना के तीस केस सामने आए थे। इसमें एक भाजपा पार्षद और उनकी मां शामिल थीं। तीनों मरीज होम आइसोलेट हैं। कोरोना के नए वेरिएंट का पता लगाने के लिए तीनों मरीजों के सैंपल जिनोम सिक्वेंसिंग जांच के लिए दिल्ली की लैब में भेजे गए हैं। डॉक्टरों का कहना है कि इसकी रिपोर्ट आने में करीब 10 दिन का वक्त लग जाता है। स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया, अभी तक गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल में ही रोजाना करीब 60.70 लोगों की कोरोना जांच हो रही थी। अब



एमएमजी के अलावा संयुक्त अस्पताल संजयनगर, महिला जिला अस्पताल और लोनी क्षेत्र स्थित सामुदायिक अस्पताल पर भी कोविड सैंपल लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि फिलहाल उन्हीं लोगों की कोरोना जांच हो रही है, जिसके लिए डॉक्टर सलाह दे रहे हैं।

इसके अलावा संजयनगर के संयुक्त अस्पताल में 6.6 बेड के दो वार्ड अब कोरोना मरीजों के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। ये वार्ड पहले से बने हुए थे, लेकिन कोरोना के मामले नहीं आने से इन्हें दूसरे कार्यों में प्रयुक्त किया जा रहा था। अब कोरोना के मरीज आते हैं तो उन्हें इन वार्डों में एडमिट किया जाएगा। डॉक्टरों का मानना है कि गाजियाबाद और नोएडा देश की राजधानी दिल्ली से एकदम सटे हुए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



लॉटस ब्लू वर्ल्ड तिराहा मार्ग पर नो-पार्किंग में खड़े एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का चालान काटता पुलिसकर्मी।

### प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के मधुबन बापूधाम इलाके में स्कूटी सवार बदमाशों ने एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर चार राउंड फायरिंग की। गोलियां ऑफिस के शीशे में धंस गईं। हालांकि कोई घायल नहीं हुआ। प्रॉपर्टी डीलर ने थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराई है। ग्राम दुहाई के रहने वाले मोहित त्यागी प्रॉपर्टी डीलर हैं। गाजियाबाद–मेरठ मार्ग पर ग्राम दुहाई में उनका श्री लक्ष्मी नारायण प्रॉपर्टीज नाम से ऑफिस है। रविवार सुबह करीब 10 बजे स्कूटी पर दो अज्ञात बदमाश आए और उन्होंने ऑफिस पर सड़क की तरफसे ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। उस वक्त मोहित त्यागी अंदर ही बैठे हुए थे। वे इस हमले में बाल.बाल बच गए। करीब चार गोलियां चलाने के बाद बदमाश फरार हो गए।

### स्वर्ण कारोबारी से लूट के मामले में एक और गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना कवि नगर क्षेत्र में 5 दिसंबर को कारोबारी से हुई लूट के मामले में स्वाट क्राइम ब्रांच टीम में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी ने लूट करने वाले मुख्य बदमाश को अपने घर में पनाह दी थी। जिसके एवज में इसने 10 लाख रुपए लिए थे। पुलिस ने इसके कब्जे से 10 लाख रुपए बरामद किए हैं। लूट की वारदात को अंजाम देने वाले अब तक छह लोग पकड़े जा चुके हैं, वहीं 67 लाख रुपए बरामद हुए हैं। गाजियाबाद में एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कवि नगर थाना क्षेत्र में 5 दिसंबर को स्वर्ण कारोबारी निशांत के साथ कुछ बदमाशों ने लूट की थी। इस मामले में गौतमबुद्धनगर निवासी सुखबीर सिंह भाटी को गिरफ्तार किया गया है। इसके कब्जे से पुलिस ने 10 लाख रुपए बरामद किए हैं। सुखबीर लूट करने वाले मुख्य आरोपी सुनील का जीजा है और वारदात के बाद इसने सुनील को अपने घर में पनाह दी थी। जिसके एवज में इसने 10 लाख रुपए लिए थे।

### अयोध्या के अक्षत कलश मंदिरों में किए जाएंगे स्थापित

**गाजियाबाद।** रविवार को दूधेश्वर नाथ मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद गाजियाबाद महानगर एवं राष्ट्रीय संत समाज ने अयोध्या से पूजित अक्षत कलश गाजियाबाद शहर के 15 मंदिरों में स्थापित करने हेतू वितरित किए गए। कार्यक्रम में 500 से अधिक महिलाए पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरि एवं विश्व हिन्दू परिषद गाजियाबाद महानगर के अध्यक्ष आलोक गर्ग ने किया। विश्व हिन्दू परिषद गाजियाबाद महानगर के अध्यक्ष आलोक गर्ग ने बताया कि महानगर में एक लाख से अधिक घरों में यह अक्षत कलश जाएगा। अयोध्या से कलश में जो अक्षत आए हैं उनमें और अक्षत मिलकर यह घर.घर पहुंचा जाएगा। बाहर से आए संतो ने इस अक्षत का महत्व भी बताया और सभी को अयोध्या आने का निमंत्रण दिया।

### दनकौर में गोली मारकर महिला की हत्या

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अट्टा गुजरान गांव के समीप स्थित यमुना नदी के बांध के पास महिला का शव गोली लगी अवस्था में मिला है। शरीर पर गोलियों के निशान है। जहां शव मिला वहां से हरियाणा का बॉर्डर कुछ ही दूरी पर है। ऐसे में आशंका है कि हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगाने के मकसद से बांध किनारे फेंका गया है। राहगीरों द्वारा दी गई सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। महिला के शव की पहचान नहीं हो पाई है। पहचान के लिए पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से संपर्क शुरू कर दिया है। रविवार दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली कि यमुना नदी के बांध के नजदीक एक महिला का शव पड़ा हुआ है।

# गुणवत्ता जांच में विफल दवाएं होंगी वापस

**नकली दवा विवाद**

## ● सतर्कता निदेशालय ने स्वास्थ्य सचिव को ऐसी दवाओं के लिए कंपनियों को कोई भुगतान नहीं करने को कहा



**पायनियर समाचारन सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अस्पतालों में नकली और खराब गुणवत्ता की दवाओं के मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए जाने के एक दिन बाद दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने स्वास्थ्य विभाग को रविवार को पत्र लिखकर गुणवत्ता मानक जांच में विफल हुई दवाओं को वापस लेने का निर्देश दिया है। साथ ही स्वास्थ्य सचिव को यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि ऐसी दवाओं के लिए कंपनियों को कोई भुगतान नहीं किया जाए।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार जो दवाएं घटिया गुणवत्ता की पाई गईं, उनमें फेफड़ों और मूत्र तंत्र के संक्रमण के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली महत्वपूर्ण जीवन रक्षक एंटीबायोटिक सेफैलेक्सिन शामिल हैं।

फेफड़ों, जोड़ों और शरीर में सूजन को ठीक करने के लिए एक स्टेरॉयड डेक्सामेथासोन, मिर्गी-रोधी और चिंता विकार-रोधी मनोरोग दवा लेवेतिरसेटम और उच्च रक्तचाप-रोधी दवा एम्लोडेपिन भी शामिल है। सतर्कता निदेशालय ने स्वास्थ्य सचिव को यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा है कि ऐसी दवाओं के लिए कंपनियों को कोई भुगतान नहीं किया जाए।

निदेशालय ने स्वस्थ्य सचिव से कहा कि यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाता है कि ऐसी सभी दवाएं जो निर्धारित मानदंडों में विफल रही हैं, उनकी मात्रा तत्काल पता लगाई जानी चाहिए और कानून की उचित प्रक्रिया के अनुसार जब्त की जानी चाहिए।

उन सभी अस्पतालों के स्टॉक से हटा दिया जाना चाहिए जहां ऐसी दवाएं आपूर्ति की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आम जनता को ऐसी मानक गुणवत्ताहीन दवाएं न दी जाएं। इसके अलावा संबंधित सभी दस्तावेजों को अपने कब्जे में ले लें। अन्य बातों के साथ-साथ निविदा दस्तावेजों और उससे संबंधित फाइलों सहित दवाओं की खरीद तुरंत करें और उसकी मूल प्रति सतर्कता निदेशालय को उपलब्ध कराएं। अगले 48 घंटों में की गई कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने को कहा।

## अस्पताल वैकल्पिक व्यवस्था करें: भारद्वाज



**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने स्वास्थ्य सचिव को घटिया दवाओं के स्थान पर जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और मरीजों का इलाज निर्बाध रूप से जारी रहे। मंत्री ने इस बात पर नाराजगी जताई की कि अस्पताल प्रशासन ने अब तक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की।

सौरभ भारक्षज ने स्वस्थ्य सचिव के लिखे पत्र में अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि दवाओं के अभाव में मरीजों को असुविधा होती है क्योंकि उन्हें इन दवाओं को बाजार से खरीदना पड़ता है। मंत्री ने सचिव को एक सप्ताह के भीतर डीजीएचएस और अस्पतालों द्वारा मानक गुणवत्ता की दवाओं की वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में जानकारी देने को कहा है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के लिए कि सीपीए और जीईएम के माध्यम से खरीदी गई दवाएं और उपभोग्य वस्तुएं मानक गुणवत्ता की हैं, स्वास्थ्य मंत्री ने सचिव से 15 दिनों के भीतर सभी आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक एसओपी तैयार करने को कहा है।

# अस्पताल में छेड़छाड़ मामले में जांच के आदेश

## ● स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्य सचिव से 24 घंटे मे प्रारंभिक और अंतिम रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर देने कहा



फाइल फोटो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्य सचिव को उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी के एक अस्पताल में महिला संविदा कर्मचारियों के साथ छेड़छाड़ और उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए एक जांच समिति गठित करने का निर्देश दिया है।

पुलिस के मुताबिक, बुराड़ी सरकारी अस्पताल में अनुबंध के आधार पर सफाई कर्मचारी के रूप में काम करने वाली एक महिला ने अपने प्रबंधक और तीन पर्यवेक्षकों पर उसके और दो अन्य कर्मचारियों से छेड़छाड़ करने और उनका उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।

सौरभ भारद्वाज ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि उन्हें सोशल मीडिया से पता चला है कि बुराड़ी अस्पताल में महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने और संविदा कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न से संबंधित कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं सामने आई हैं। हालांकि, ऐसा प्रतीत होता है कि दिल्ली पुलिस आरोपी व्यक्तियों के प्रति नरम रही है, जिससे सोशल मीडिया पर काफी आक्रोश फैल गया है।

ऐसी घटनाओं को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आपको यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जाता है कि दोषियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा सख्त से सख्त कार्वाई की जाए। महिला ने अपनी शिकायत में दावा किया कि चारों आरोपियों ने 17 दिसंबर और 19 दिसंबर को उससे और दो अन्य महिला कर्मचारियों के साथ छेड़छाड़ की और उनका उत्पीड़न किया। एक अधिकारी ने बताया कि 17 दिसंबर को आरोपियों ने कथित तौर पर महिला से छेड़छाड़ की और 19 दिसंबर को उन्होंने धमकी दी कि अगर वह उनकी अनुचित मांगों पर सहमत नहीं हुई तो वे उन्हें बर्खास्त कर देंगे। भारद्वाज ने इस मामले में स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में एक जांच समिति के गठन का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, उन्हें 24 घंटे में प्रारंभिक रिपोर्ट देनी होगी जबकि अंतिम रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर जमा करनी होगी। दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त सजा की संस्तुति की जानी चाहिए। कृपया इस पत्र की प्राप्ति के छह घंटे के भीतर कार्वाई रिपोर्ट जमा करें। पुलिस ने कहा कि इस सिलसिले में भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत 19 दिसंबर को बुराड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था।

## दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में महिलाएं असुरक्षित: सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि एक तरफ दिल्ली सरकार के अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं की कमी है, नकली दवाएं देने का आरोप लग रहा है तो दूसरी तरफ महिला कर्मचारियों के लिए यह असुरक्षित हो गये हैं। कुछ महीने पहले हमने एक निजी नर्स जो जीबी पंत अस्पताल में मरीजों की एक दशक से अधिक समय से सेवा करती थीं का बलात्कार होते देख था और अब हमारे सामने दिल्ली सरकार के बुराड़ी स्थित अस्पताल में यौन उत्पीड़न का मामला है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि यह अफसोसजनक है कि मंत्री सौरभ भारद्वाज को महिला कर्मचारियों के यौन उत्पीड़न के मामले में जागने और संज्ञान लेने में 2 दिन लग गए। वहीं नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच के साथ स्थानीय विधायक संजीव झा से भी पूछताछ की जाए क्योंकि महिलाओं ने आरोप लगाया है कि यौन शोषण करने वाले आप विधायक के समर्थक हैं। बिधूड़ी ने कहा है कि दिल्ली सरकार के तमाम सरकारी अस्पतालों और स्कूलों में आम आदमी पार्टी के समर्थकों को किसी न किसी बहाने घुसाया गया है।

## सहपाठियों की पिटाई से छात्र की मौत

**नई दिल्ली।** भजनपुरा इलाके में एक ही स्कूल में पढ़ने वाले कुछ छात्रों ने 17 वर्षीय छात्र की कथित तौर पर पिटाई कर दी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

12 दिसंबर को पीड़ित और छात्रों के एक समूह के बीच छोटी सी बात पर कहासुनी हुई थी हालांकि बीच-बचाव के बाद मामला सुलझ गया था। इसके बाद 15 दिसंबर की शाम करीब पांच बजे पीड़ित पर आरोपियों ने हमला किया, जिसमें उसके चेहरे और सिर पर चोटें आईं थीं। शनिवार सुबह वह बेहोश हो गया, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, वहां से उसे आरएमएल अस्पताल स्थानांतरित कर दिया गया। शनिवार रात करीब 10.30 बजे उसकी मौत हो गई।



क्रिसमस की पूर्व संध्या पर सेक्रेड हार्ट कैथेड्रल चर्च में मोमबत्ती जलाकर प्रभु यीशु के आगमन की तैयारी करते श्रद्धालु। फोटो: रंजन डिमरी

## डीजेबी में पानी, जल निकासी और वित्त प्रभारी सदस्यों की कमी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जल मंत्री आतिशी ने रविवार को मुख्य सचिव को यह सुनिश्चित करने को कहा कि अगले सात दिन में दिल्ली जल बोर्ड में जल, जल निकासी और वित्त का कामकाज देखने के लिए पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए जाएं।

दिल्ली जल बोर्ड में दो महीने से अधिक समय से जल एवं जल निकासी सदस्यों की नियुक्ति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आतिशी ने कहा कि कई परियोजनाएं रुकी हुई हैं क्योंकि तकनीकी मंजूरी केवल ए सदस्य ही दे सकते हैं।

आतिशी ने कहा कि दो वरिष्ठतम तकनीकी सदस्यों की नियुक्ति की फाइलें दिल्ली जल बोर्ड, शहरी विकास विभाग और सेवा विभाग के बीच घूम रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि तीन महीने से वित्त के लिए कोई पूर्णकालिक सदस्य नहीं है। जल मंत्री और डीजेबी अध्यक्ष आतिशी ने कहा कि जल और शहरी विकास के प्रभारी मंत्रियों को नियुक्तियों के संबंध में कोई फाइल नहीं भेजी गई और दावा किया गया है कि यह सेवा का मामला है और इसलिए निर्वाचित सरकार के दायरे से बाहर है।

## कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ निगम सख्त

### ● एमसीडी ने दक्षिणी क्षेत्र में 1 दिसंबर तक 111 तोड़फोड़ एवं सीलिंग की कार्रवाई की

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम ने कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ सख्त हो गया है। निगम ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के साथ मिलकर स्थानीय पुलिस की सहायता से सिविल लाइंस क्षेत्र के स्वरूप नगर वार्ड में अवैध रूप से कृषि भूमि की जा रही प्लॉटिंग को ढहा दिया।

एमसीडी ने स्वरूप नगर वार्ड में 4 स्थानों पर कृषि भूमि पर काटी जा रही अवैध कॉलोनियों को हटाया। इस साथ ही निगम ने दक्षिणी क्षेत्र में अवैध निर्माण पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 1 दिसंबर 2023 से अब तक 111 तोड़फोड़ एवं सीलिंग की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान उपरोक्त भूमि पर बिल्डर द्वारा की गई चारदीवारी,कमरे और सड़क इत्यादि निर्माण को पूरी तरह से ध्वस्त किया गया। दिल्ली नगर निगम के अनुसार, निगम की टीम अवैध निर्माण की कड़ी निगरानी कर रही है। निगम के संज्ञान में आया की कुछ बिल्डर सक्षम अधिकारी से बिना अनुमति लिए अवैध निर्माण करा रहे हैं। कुछ बेईमान बिल्डर जनता को बड़े फ्लैट्स का लालच देकर अपने जाल में फंसा लेते हैं। जब लोगों को पता चलता है कि उक्त निर्माण अवैध है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। दिल्ली नगर निगम ने डेरा मंडी, आया नगर, भाटी,छतरपुर, महरौली, नेब सराय, ग्रीन पार्क, सफदरजंग एन्क्लेव, ग्रेटर कैलाश-पार्ट 1 व 2, मांडी, भाटी इत्यादि स्थानों पर कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान कृषि भूमि पर अवैध रूप से की जा रही प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। निगम की टीम ने 8 स्थानों पर प्लॉटिंग के लिए शुरुआती दौर में की जा रही चारदीवारी को गिरा दिया। दिल्ली नगर निगम ने लोगों से अपील कि है कि वह सस्ते मकान एवं प्लाट के लालच में बेईमान बिल्डरों के झांसे में न आएं।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार 2047 विजन कॉन्क्लेव का आयोजन



विकास वैभव

**नई दिल्ली।** देश और दुनिया भर के बिहार के लोगों को जोड़ने के लिए 'लेट्स इंस्पायर बिहार' पहल के तहत शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी में 'बिहार 2047 विजन कॉन्क्लेव' का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारी, पेशेवर, छात्र शामिल हुए। बिहार को सशक्त करने लिए युवाओं के कौशल और उद्यमियों को आकर्षित करने वाले रोजगार के अवसर पर व्यापक चर्चा की गई।बिहार कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी विकास वैभव द्वारा शुरू किए गए बिहार के बेहतर भविष्य के इस अभियान में पूरे भारत से 76,000 से अधिक उद्यमी, शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता स्वेच्छा से योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर ब्रिगेडियर एके सिंह, मौलाना कल्बे रुशैद रिज़वी, प्रसिद्ध शायर शंभू शिखर, आलोक कुमार रंजन आदि मौजूद थे।

### वीपीएस के विंटर फेस्ट में झूमे छात्र



विवेकानंद पब्लिक स्कूल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व अन्य।

**नई दिल्ली।** विवेकानंद पब्लिक स्कूल द्वारा रविवार को आयोजित वाइब्रेशन्स 2023 विंटर फेस्ट में छात्र छात्राओं ने जमकर मस्ती की। हमारी धरोहर, श्रेष्ठ भारत की नई पहचान की थीम पर आयोजित उत्सव में विशिष्ट अतिथि के तौर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सचदेवा शामिल हुए, इस अवसर पर मोनिका पंत और ओम प्रकाश शर्मा शामिल थे। इसके अलावा शाम को सीपीआरएफ के पूर्व-डीआईजी ब्रिजेश प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में लकी ड्रा के विजेताओं की घोषणा की। वहीं उत्सव में खेलों के स्टॉल, स्वादिष्ट भोजन विकल्प, एक रोमांचक लकी ड्रा, आकर्षक प्रतिभा खोज, झूले, रचनात्मक टैटू जैसी मनोरंजन के लिए बहुत कुछ था। शीतकालीन उत्सव की सफलता छात्रों, अभिभावकों और मेहमानों की समान रूप से उत्साही भागीदारी से यादगार कार्यक्रम बन गया।

## कुकर्म का बदला लेने के लिए युवक की हत्या

### ● पुलिस ने तीन नाबालिगों को हिरासत में लिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दक्षिणपूर्वी दिल्ली के निजामुद्दीन में अपने साथ हुए कुकर्म का बदला लेने के लिए एक नाबालिग ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर 25 वर्षीय युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी और सूखी घास तथा कपड़े की मदद से उसका शव जला दिया।

पुलिस ने रविवार को बताया कि युवक कथित तौर पर अक्सर एक आरोपी से कुकर्म करता था जिसके बाद उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसे मारने की साजिश रची। तीनों आरोपी नाबालिग हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने 23 दिसंबर की रात को घटना के बारे में सूचना मिलने के बाद तीनों नाबालिगों को पकड़ लिया जिनकी उम्र 16 से 17 साल के बीच है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए एक दल तैनात किया गया था और उसने निजामुद्दीन बस्ती इलाके से आरोपियों को पकड़ लिया पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने आजाद नामक युवक की हत्या और खुसरो पार्क के समीप उसका शव रखने की बात कबूल कर ली है। उनके कबूलनामे के बाद पुलिस दल उन्हें लेकर घटनास्थल पर पहुंचा और पार्क से आधा जला शव बरामद किया। पुलिस ने बताया कि अपराध जांच दल ने घटनास्थल का मुआयना किया है। जांचकर्ताओं ने कहा, हमने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भिजवाया गया है।

हत्या और अपराध के सबूत छिपाने के लिए एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 21 दिसंबर की रात को युवक की हत्या की और सूखी घास तथा कपड़ा रखकर उसका शव जलाने की कोशिश की। पुलिस अधिकारी ने कहा, हमने हत्या में इस्तेमाल हथियार, पत्थर और एक डंडा बरामद किया है।

## तीन कोरोना योद्धा के परिवारों को एक-एक करोड़ की सम्मान राशि

### ● पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सम्मान राशि का चेक सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कोविड महामारी के समय लोगों की जान बचाते हुए कोरोना की चपेट में आकर जान गंवाने वाले तीन कोरोना योद्धा के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें केजरीवाल सरकार की ओर से एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक सौंपा।

इस दौरान गोपाल राय ने बताया कि कोरोना वॉरियर संदीप कुमार शर्मा कैट्स में, कृष्ण पाल गुरुनानक आई सेंटर में और पूनम नागर जीटीबी हॉस्पिटल में कार्यरत थे। अपनी ड्यूटी निभाते हुए ये लोग कोरोना की चपेट में आ गए और उनका निधन हो गया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने तीनो कोरोना योद्धा परिवारजनों से मिलने पहुंचे। उन्हें एक एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक सौंपा। पर्यावरण मंत्री ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी और भविष्य में भी जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भले ही अनुग्रह राशि परिवारों को हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर पाए, लेकिन मुझे उम्मीद है कि परिजनों को इस आर्थिक मदद से अपना भविष्य संवारने एवं जीवन यापन में थोड़ी सहायता मिलेगी।

गोपाल राय ने कहा कि कोरोना महामारी के बीच जनता की सेवा के लिए डॉक्टरों, नर्सों, और कर्मचारियों ने परिजनों से दूर रहकर मरीजों के इलाज के लिए 24 घंटे सेवाएं दी। इस बीच कई कोरोना योद्धा खुद कोरोना संक्रमित हुए और अपनी जान तक गवां दी। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले।

# दिल्ली मेट्रो ने परिचालन के 21 साल का सफर किया पूरा

## 393 किलोमीटर और 288 स्टेशनों का नेटवर्क किया खड़ा, हर दिन करीब 60 लाख लोग करते है यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिसंबर 2002 में 8.4 किलोमीटर की छोटी लाइन के साथ परिचालन शुरू करने वाली दिल्ली मेट्रो ने कई कीर्तिमान के साथ रविवार को 21 साल का सफर पूरा किया।

2002 में इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने रेड लाइन पर शाहदरा से तीस हजारी तक दिल्ली मेट्रो की पहली रेल का उद्घाटन किया था। हालांकि यात्री सेवाएं एक दिन बाद यानि क्रिसमस दिवस पर शुरू हुई। डीएमआरसी ने रविवार को एक बयान में कहा, तब से, मेट्रो दिल्ली और एनसीआर की जीवन रेखा बन गई है। 2002 में छह स्टेशनों के साथ केवल 8.4 किलोमीटर की उद्घाटन नेटवर्क लंबाई से दिल्ली मेट्रो 393 किलोमीटर और 288 स्टेशनों के नेटवर्क के साथ खड़ा हो गया है। मेट्रो में हर दिन साठ लाख से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। उन्होंने इसे दुनिया की सबसे बड़ी जन परिवहन प्रणालियों में से एक में बदल दिया है

उन्होंने कहा कि डीएमआरसी पिछले 21 वर्षों में एनसीआर में 380 किलोमीटर से अधिक अतिरिक्त लाइनें फैलाई गई हैं, जिससे यह एक आश्चर्यजनक खजाना बन गया है और शायद देश में बुनियादी ढांचे का सबसे बड़ा चमत्कार बन गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली मेट्रो के शुरु होने की कहानी बड़ी ही रोचक है। बता दें कि सबसे पहले 1969 में एक स्टडी में दिल्ली के लिए रैपिड ट्रांजिट सिस्टम की बात कही गई, लेकिन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और ये ठंडे बस्ते में चला गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 1984 में अर्बन आर्टस कमीशन दिल्ली के लिए एक मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम के प्रपोजल के साथ आया, इसमें भी रैपिड ट्रांजिट का जिक्र था।

### 4 सितंबर 71.03 लाख यात्रियों ने की सवारी

**4 सितंबर 2023 दिल्ली मेट्रो ने 71.03 लाख यात्रियों की यात्रा दर्ज की, जो जन परिवहन प्रणाली के लिए अब तक की सबसे अधिक है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी जो इंगित करती है कि दिल्ली मेट्रो कोविड 19 महामारी द्वारा सार्वजनिक गतिशीलता के सामने उत्पन्न चुनौतियों के बाद पूरे एनसीआर की जन परिवहन रीढ़ के रूप में खुद को फिर से स्थापित करने में सक्षम है।**

# केवीएस में वीर बाल दिवस का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली







राजधानी के कड़कड़डूमा स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एजीसीआर कालोनी में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बाल कवि सम्मेलन समेत कई प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा में 'एक ओंकार' के साथ हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या प्राची दीक्षित ने वीर बाल दिवस के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि सिखों के दसवें गुरू गुरू गोबिंद सिंह के चार पुत्रों को सम्मान देने के लिए वीर बाल दिवस मनाया जाता है। हर साल 26 दिसंबर के दिन को वीर बाल दिवस के रुप में मनाते हैं।

इस दिन को उनकी वीरता और बलिदान के रुप में याद किया जाता है। उसके बाद बाल कवि सम्मेलन का आयोजन हुअर और वीर बाल दिवस चल चित्र और माई जीओवी पोर्टल की वर्चुअल प्रदर्शनी दिखाने के साथ छात्रों ने वीर बाल दिवस पर आलेख, कहानी एवं कविता लेखन किया। कार्यक्रम में प्राचार्या प्राची दीक्षित, उप प्राचार्या अंजलि जैन, मुख्य अध्यापिका रचना जैन, सीसीए प्रभारी कुमुद रंजन झा, प्रार्थना सभा संयोजक राखी, नीतू शर्मा, आरपी सिंह, अंशु भारद्वाज, खुशबू ,संगीत शिक्षक गोविंद झा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति रही।

# गीता में जीवन की सभी समस्याओं का समाधान निहित : सांगवान

## दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का दीपोत्सव के साथ समापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त निदेशक रणबीर सिंह सांगवान ने कहा कि गीता में मानव जीवन की सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान निहित है। उन्होंने कहा कि गीता को जल्द ही हरियाणा सरकार द्वारा स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा।


अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के समापन पर बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से महोत्सव के नोडल अधिकारी व एडिशनल लेबर कमिश्नर कुशल कटारिया भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक रणबीर सिंह सांगवान ने कहा कि गीता हमारे देश का एकमात्र ऐसा पावन ग्रंथ है, जो कि भगवान के श्रीमुख से वाचित हुआ है। पाश्चात्य देशों में भी आज से पांच दशक पहले जब युवा पीढ़ी नशाखोरी का शिकार हो रही थी, प्रभुपाद स्वामी जी ने इस्कान को स्थापित कर जीवन की नई दृष्टि प्रदान की थी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के सभी जिलों में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की शुरुआत की थी। आज विदेशों में बसे भारतीय राज्य सरकार से उनके यहां यह गीता का आयोजन करवाने का अनुरोध करते हैं। गीता किसी धर्म विशेष का हिस्सा ना होकर समूची मानव जाति के लिए प्रासंगिक है।

एडिशनल लेबर कमिश्नर कुशल कटारिया ने कहा कि हमें प्रतिदिन गीता का अध्ययन और उस पर मनन अवश्य करना चाहिए। समापन समारोह में गुरुग्राम आईटीआई, स्कूलों से आए नन्हें-मुन्ने बच्चों व बाहर से कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इसके बाद संयुक्त निदेशक रणबीर सिंह सांगवान व एडिशनल लेबर कमिश्नर कुशल कटारिया ने अपने कर-कमलों से प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी विभागों के अधिकारियों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। दो दिवसीय महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली शिक्षण संस्थाओं की टीमों को भी प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा लोक कलाकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अंत में पांडाल में बनाए गए श्री शीतला माता मंदिर में दीपोत्सव मनाकर समारोह का समापन हुआ।

इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी संधू बाला, आयुष विभाग से डा. मोनिका सिंह, एलडीएम अशोक कुमार, माता मंदिर ट्रस्ट के दयाचंद, सनातन धर्म सभा के सुरेंद्र खुल्लर, सत्यवान शर्मा आदि मौजूद रहे।


गुरुग्राम-सोहना नवनिर्मित एलिवेटेड फ्लाईओवर पर धंसी सड़क।

# गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड फ्लाईओवर पर सड़क धंसी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रविवार** को गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड फ्लाईओवर पर सड़क धंस गई। इस दौरान कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। टीकरी गांव के सामने सडक् धंसने से करीब पांच फीट गहरा और दो फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। सूचना पाकर तुरंत पुलिस और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टीम मौके पर पहुंची व मुआयना किया।

रविवार दोपहर को सड़क धंसने के कारण वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने उस क्षेत्र से दूरी बनाई और दूसरी जगह से वाहनों को ले जाने लगे। मौके पर पहुंचे अधिकारियों, कर्मचारियों ने सड़क की दो लेन को वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दिया, ताकि सड़क धंसने का कारण पता चल सके। साथ ही उसको दुरुस्त किया जा सके। इस एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण कार्य वर्ष 2019 में शुरू हुआ था। निर्माण कार्य वर्ष 2021 में दो चरणों में पूरा हुआ और इसी साल इस एलिवेटेड फ्लाईओवर को आम जनता के लिए शुरू कर दिया गया। 21 किलोमीटर के इस एलिवेटेड फ्लाईओवर की कुल लागत 1944 करोड़ रुपये थी। बता दें कि अगस्त 2020 में इस एलिवेटेड फ्लाईओवर के निर्माण के दौरान सडक् का एक हिस्सा भी ढह गया था। कुछ समय के लिए काम पूरी तरह से रोक दिया गया था।

# पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए लगते रहेंगे कैंप : यादव

## लोगों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताया आभार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** की मनोहर सरकार की गरीब कल्याण नीतियों का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए मदनपुरी गली नंबर-3 स्थित हनुमान मंदिर में लगाए गए कैंप में दो दिन में लगभग एक हजार लोगों ने लाभ उठाया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी जवाहर यादव की पहल पर लगे इस कैंप में पात्र परिवारों के पीले राशन कार्ड बनाने के साथ-साथ प्रोपर्टी आईडी और पीपीपी संबंधित समस्याओं को भी हल किया गया।


शिविर में योजनाओं से संबंधित लाभ लेने को उमड़ी भीड़।

जवाहर यादव ने भी विश्वास दिलाया है कि जब तक एक भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित रहेगा, ऐसे कैंप लगते रहेंगे। हरियाणा सरकार कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने के लिए भाजपा का एक एक कार्यकर्ता संकल्पित है। उन्होंने बताया कि मदनपुरी, भीम नगर, अर्जुननगर और आसपास के क्षेत्र के किसी भी पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कोई परेशानी आ रही है तो वे न्यू कालोनी स्थित आफिस में समाधान करना सकते हैं।

मदनपुरी में कैंप लगवाने पर पूर्व पार्षद कंवरभान वधवा, पूर्व पार्षद सुरिंदर नासा, पूर्व पार्षद सुमन अदलखा, पूर्व पार्षद श्याम अदलखा व योगागुरु गोपाल, मदनपुरी आरडब्ल्यूए के प्रधान महिन्द्र सेतिया व अर्जुन नगर आरडब्ल्यूए के प्रधान संदीप वर्मा व प्रताप नगर आरडब्ल्यूए के प्रधान रवि मनोचा व मदनपुरी आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश अदलखा, बाल सुख सागर मंडल से सतीश आहूजा, डेरेवाल भवन के प्रधान रमेश कुमार चुटानी, प्रयास एक बुजुर्गों की सेवा से सुभाष डुडेजा, पंजाबी बिरादरी महासंगठन के महासचिव राम लाल ग्रोवर, डॉ. अश्वनी, सुभाष नगपाल, सुरिंदर अग्गी, तलवार, इंद्रजीत, तरण सिंह, सुरजीत सिंह, विमल बेदी, रीमी, सुभाष गांधी, मदनलाल अदलखा, अरविंद मेहता, सुभाष गांधी सुरजीत, राजीव चावला, जितेंद्र अरोड़ा, संदीप गुगलानी, डॉ. जितेंद्र वर्मा, इंद्रजीत सिंह आदि स्थानीय निवासियों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, ओएसडी जवाहर यादव का आभार जताया है।

# पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा के कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित


कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते कांग्रेस के गुरुग्राम प्रभारी करण सिंह दलाल।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बनाई कमेटी

**पूर्व** सीएम भूपेंद्र सिह हुड्डा व प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के 6 जनवरी 2024 के गुरुग्राम में कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कांग्रेस के गुरुग्राम प्रभारी पूर्व मंत्री कारण सिंह दलाल ने बैठक ली। कांग्रेस कार्यालय कमान सराय में जिले के सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

करण सिंह दलाल ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदय भान द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए सभी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत आगामी 6 जनवरी को गुरुग्राम में कार्यकर्ता सम्मेलन होना निश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रविवार को कांग्रेस कार्यालय में सभी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई। कार्यकर्ताओं को 6 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर जिम्मेदारियां भी सौंपी गई है। बैठक में 15 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। यही कमेटी पूरे कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार करगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया, विरेद्र यादव, सुधीर चौधरी, पंकज डावर, कुलराज कटारिया, हरिओम सिंह छोकर, मोहन लाल सैनी, बीरसिंह नंबरदार,पंकज भारद्वाज, सुनीता सहरावत, महेश घोड़ारोप, वर्धन यादव,पूर्व विधायक रामबीर, डॉक्टर शमसुद्दीन, जितेंद्र राणा समेत कई नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री शर्मा ने पहरावर की जमीन की लीज मनी का किया स्थायी समाधान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गांव** पहरावर की जो जमीन गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान को लीज पर दी गई थी, उसकी लीज मनी प्रत्येक वर्ष दो लाख है। उसमें प्रत्येक वर्ष दस प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। इसके लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा ने गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान को पचास लाख की राशि अपने निजी कोष से दी है। जिसकी एफडी करवाकर उसके ब्याज से लीज मनी भरी जाएगी।


50 लाख रुपये की राशि का चेक सौंपते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा।

गौड़ शिक्षण संस्थान के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ने बताया कि सबसे पहले वो पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा एवं राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा का आभार प्रकट करते है। उन्होंने कहा कि लीज मनी को भरना एक चिंता और चिंतन का विषय था, लेकिन शर्मा परिवार ने अपने निजी कोष से दान देकर इसका स्थायी समाधान कर दिया है जो की अत्यंत हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि इस 50 लाख रुपए की एफडी करवाकर उसके ब्याज से लगातार लीज मनी दी जाएगी। डा. जयपाल शर्मा ने बताया कि 11 दिसंबर 2022 को करनाल में सांसद कार्तिकेय शर्मा के अतुलनीय योगदान से भगवान परशुराम महाकुंभ का आयोजन किया गया था।

# राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्यौता देने शहर में निकाली अक्षत शोभायात्रा

### श्री सिद्धेश्वर मंदिर से शुरू होकर कई क्षेत्रों में पहुंची शोभायात्रा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आगामी** 22 जनवरी 2024 को होने वाले भगवान श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व देशभर में अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत की रथ यात्रा निकाली जा रही है। गुरुग्राम में शनिवार की रात को सिद्धेश्वर मंदिर में रखे गए इन अक्षतों की रविवार को रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान महिलाओं, पुरुषों, बच्चों ने इस यात्रा में शामिल होकर जय श्रीराम के नारे लगाए। इन नारों से हर वह क्षेत्र गूंज उठा, जहां से यह यात्रा निकली।


अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण देने के लिए अक्षत की निकाली जा रही शोभायात्रा।

मंगल परिधान (पीतांबर वस्त्र लाल चुनरी) पहनकर महिलाओं ने इस रथ यात्रा में शिरकत की। इसके बाद शोभा यात्रा शुरू हुई जो किज्योति हॉस्पिटल होते हुए रेल विहार तक पहुंची। वहां सनातन धर्म मंदिर में अक्षत रखकर आगे सेक्टर-14 में प्रवेश किया। वहां के अक्षत हनुमान मंदिर (अन्य बस्तियों के भी अक्षत यहीं रखे गए) और फिर राजीव नगर मंदिर पर इस यात्रा का समापन हुआ।

श्री सिद्धेवश्वर मंदिर से पवित्र अक्षत को शहर के विभिन्न भागों में निमंत्रण के लिए ले जाया जा रहा है। राम भक्तों की टोलियों ने रविवार से रथों पर सवार होकर इन्हें ग्रहण किया और तय स्थानों की ओर रवाना हुए। अक्षतों के माध्यम से श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण देने के लिए गुरुग्राम को 186 भागों में बांटा गया है। सभी लोगों से 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने का भी आह्वान करते हुए रामलला के विराजमान होने वाले उत्सव में पहुंचने का आग्रह किया जा रहा है। संपर्क अभियान समिति, सावरकर नगर की ओर से श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा रथ यात्रा का आयोजन किया गया है।

# रात के अंधेरे में घर में घुसने वाले आरोपियों पर केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना का गांव हरियाहेड़ा निवासी ने अपने की गांव के 3 से 4 आरोपियों के खिलाफ रात के समय में घर में घुसने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

यहा के निवासी सुनीलदत्त ने बताया कि उसकी गांव के ही निवासी खेमचंद उर्फ काले से पुरानी रंजिश चल रही है। शुक्रवार की रात करीब पौने 12 बजे खेमचंद उर्फकाले अपने साथ दो-तीन और युवकों को लेकर उसके मकान की छत पर आ गए। उसकी पत्नी छत पर किसी के चलने की आवाजें आने पर बाहर निकली। जिससे खेमचंद और काले था। उसकी पत्नी ने काले को पहचानते हुए शोर मचाया। शोर मचाने पर उसकी पत्नी को काले ने हथियानुमा औजार दिखाते हुए जान से मार देने की धमकी दी। वह जब कमरे से बाहर आया तो आरोपी उसे देख दूसरे लोगों की छत से भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

# रक्तदान के क्षेत्र में स्वास्तिक फाउंडेशन का काम सराहनीय : विधायक सिंगला

## रक्तदाताओं को किया सम्मानित, शिविर में बेटियों ने भी लिया भाग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**स्वास्तिक** फाउंडेशन की ओर से रविवार को सेक्टर-5 स्थित शिवा पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्त स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर स्वास्तिक फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। इस शिविर का शुभारंभ विधायक सुधीर सिंगला ने किया। शिविर की विशेषता रही कि 20 से अधिक बेटियों ने भी रक्त दान किया। इस शिविर में कुल 421 यूनिट रक्त दान हुआ।


गुरुग्राम में स्वास्तिक फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते विधायक सुधीर सिंगला।

कार्यक्रम के बेहतरीन संयोजन के लिए विधायक सुधीर सिंगला ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमित सैनी व राष्ट्रीय खिलाड़ी सागर सैनी को बधाई दी। रक्तदान शिविर में युवाओं का जोश व जज्बा खूब था। सभी ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया और रक्तदान किया। कार्यक्रम में मार्गदर्शन व स्वास्तिक फाउंडेशन के संरक्षक बनवारी लाल सैनी, संरक्षक सुमेर सिंह तंवर का रहा। उन्होंने व स्वास्तिक फाउंडेशन की पूरी टीम ने शिविर में पहुंचे अतिथियों का दिल की गहराइयों से स्वागत किया। रक्तदाताओं का आभार जताया। शिविर में सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल, लायंस क्लब, रोटरी क्लब की टीमों ने रक्त संग्रहण किया।

अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि रक्त के दान में स्वास्तिक फाउंडेशन का काम काफी सराहनीय है। सालाना रक्त दान शिविर में संस्था के वरिष्ठ सदस्यों और युवाओं की मेहनत नजर आती है। उन्होंने कहा कि किसी भी सामाजिक संस्था का पहला और आखिरी कर्तव्य यही होता है कि वह समाज की सेवा में हर तरीके से लगातार काम करती रहे। स्वास्तिक फाउंडेशन पर्यावरण के प्रति भी काम करती है तो अस्पतालों में भर्ती मरीजों के लिए भी रक्त दान जैसा पुण्य कार्य करती है।

उन्होंने कहा कि हर संस्था को इन कार्यों से शिक्षा लेनी चाहिए। शिक्षा स्कूल, कालेजों में ही नहीं मिलती, हम राह चलते भी कुछ नया सीख सकते हैं। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हम रोज स्वस्थ उठते हैं, इसके लिए भगवान का शुक्रिया अदा करें। साथ ही दिन में एक नेक काम जरूर करें। चाहे किसी बुजुर्ग को, लाचार को सडक् पार ही कराएं। पक्षियों के लिए दाना-पानी ही रखें। गाय या किसी पशु को चारा खिलाएं।

# टाटा नमक शुद्धता का प्रतीक है, ब्रांड ने इस क्षेत्र में नमक की क्वालिटी के लिए स्वर्णिम मानक स्थापित किए

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**टाटा** नमक, 1983 से भारत का प्रमुख आयोडीन युक्त नमक ब्रांड रहा है और इसने अपने प्रोडक्ट की शुद्धता की अपनी विरासत को कायम रखा है। लेबोरेटरी में हुए टेस्ट के दौरान, टाटा नमक देश भर के 100 नमक में सबसे शुद्ध नमक के रूप में उभरा है। इससे टाटा नमक, देश में शुद्धता और क्वालिटी के मानक के रूप में स्थापित होता है।




टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स- इंडिया, दीपिका भान ने अपनी टिप्पणी मेंकहा, टाटा नमक की शुद्धता और क्वालिटी के प्रति प्रतिबद्धता इस बात का प्रमाण है कि हम उत्तर प्रदेश के लोगों के हित के प्रति समर्पित हैं। टाटा नमक शुद्धता का प्रतीक है। ब्रांड ने इस क्षेत्र में नमक की क्वालिटी के लिए स्वर्णिम मानक स्थापित किए हैं। कड़े मानकों और प्रोडक्ट की क्वालिटी पर ध्यान देकर, हम यह प्रयास करते हैं कि उत्तर प्रदेश के हर घर में सही मात्रा में आयोडीन और सिर्फ बेहतरीन क्वालिटी वाला नमक ही पहुंचे।

टाटा नमक, बेहतरीन क्वालिटी मुहैया कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और यह नमक उद्योग में श्रेष्ठता का प्रतीक है। इस पहल के जरिये, टाटा नमक, आत्मविश्वास से अपनी श्रेष्ठता का दावा करता है, जिसकी तुलना देश भर के नमकों से की जाती है। इसलिए टाटा नमक उन उपभोक्ताओं के लिए पहली पसंद रहा है, जो शुद्धता और बेहतरीन क्वालिटी चाहते हैं ।

टाटा नमक की इस सक्रिय पहल से नमक उद्योग में टाटा नमक की अग्रणी स्थिति भी मज़बूत होती है। टाटा नमक वैज्ञानिक परीक्षण का समर्थक है और क्वालिटी को प्राथमिकता देता है। ब्रांड की इस प्रतिबद्धता से उपभोक्ताओं को वह भरोसा और आश्वासन मिलता है जिसके वे हकदार हैं और यह पहल टाटा साल्ट को भी इस क्षेत्र में शुद्धता के प्रतीक के रूप में स्थापित करती है। लेबोरटरी टेस्ट की रिपोर्ट का लिंक: https://www.tata-consumer.com/saltstested

# गुरुग्राम के सभी आरडब्ल्यूए एक होकर बिल्डर्स से मांगेंगे अपना हक

## सभी आरडब्ल्यूए की कन्वेंशन में लिया निर्णय, शहर की हर सोसायटी में समस्याओं का अंबार

### आरडब्ल्यूएज फेडरेशन व मानव आवाज संस्था ने किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रविवार** को यहां स्वतंत्रता सेनानी हॉल में ध्वजारोहण व राष्ट्र गान के साथ शुरू हुई आरडब्ल्यूएज राइट कन्वेंशन में शामिल प्रतिनिधियों की ओर से इस बात पर जोर दिया गया कि गुरुग्राम की हर निर्माणाधीन, हर तैयार सोसायटी में समस्याओं का अंबार है।


गुरुग्राम की सभी आरडब्ल्यूए की हुई कन्वेंशन में मौजूद प्रतिनिधि।

गुडग़ांव आरडब्ल्यूएज फेडरेशन व मानव आवाज संस्था की ओर से इस कन्वेंशन में कहा गया कि ना तो सरकार लोगों की समस्याओं पर ध्यान दे रही है और ना ही बिल्डर्स पर नियंत्रण के लिए बनाया गया रियल एस्टेट रेगुलेरिटी अथॉरिटी (रेरा)। अब चाहे कानूनी लड़ाई हो या विभागीय लड़ाई, सभी आरडब्ल्यूए मिलकर लड़ेंगे और न्याय हासिल करके रहेंगे। कर्नल हरिभगवान चाहर अध्यक्ष अदानी ओएस्टर ग्रांडे सेक्टर-102 और बृजकिशोर अध्यक्ष सत्या हर्मिटेज सेक्टर-103 ने भी अपने विचार रखे। जेएन मंगला, रेनू गोयल, गौतम कुमार, सुनील गुप्ता ने सरकार से इस विषय पर गंभीर होने का आग्रह किया। मंच संचालन कर रहे मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि गुरुग्राम की सोसायटी में घर खरीदारों को रेरा आने के बाद भी कोई लाभ नहीं हुआ। एक तरह से रेरा बिल्डर से मिलकर ही काम कर रहा है। बिल्डर्स लगातार अपनी मनमानी कर रहे हैं। अनेक उदाहरण हैं, जहां बिल्डर, डेवेलपर ने लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने कहा कि भविष्य में हम सबको एक मंच पर आकर लड़ाई लड़नी होगी।

**भ्रष्टाचार का अड्डा बने हैं रजिस्ट्रार कार्यालय: फोगाट**

गुड़गांव आरडब्ल्यूएज फेडरेशन से संदीप फोगाट ने कहा कि गुरुग्राम में 2000 से ज्यादा एसोसिएशन पंजीकृत हैं। गुरुग्राम के लाखों लोगों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने निराश किया है। उन्होंने बेबाकी से कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों का रजिस्ट्रार जनरल सोसायटीज चंडीगढ़, स्टेट रजिस्ट्रार चंडीगढ़ और जिला रजिस्ट्रार सोसायटीज गुरुग्राम के कार्यालय में भारी राजनीतिक हस्तक्षेप है। गुरुग्राम जिला रजिस्ट्रार कार्यालय तो भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है।

**सबको यूनिटी से काम करना होगा: पवन बंसल**

पवन बंसल ने कहा कि हम सबको यूनिटी दिखानी है। जितनी एकता होगी, उतने ही मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा। एक और एक 11 बनकर काम करना होगा। किसी के पास समय है तो किसी के पास अच्छे विचार हैं। इस तरह से हम सबको अपनी लड़ाई के लिए मैदान तैयार करके उसमें उतरना है।

**सामुदायिक केंद्र भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा: कल्याण**

पूर्व आईआरएस कल्याण शर्मा ने कहा कि सरकार के पास हर समस्या का समाधान होता है, लेकिन सरकार करना नहीं चाहती। सीएम विंडो शो-पीस बनकर रह गया है। ग्रीवेंस में भी शोशेबाजी नजर आती है। अफसरों के पास जवाब नहीं होते। उन्होंने भ्रष्टाचार का सेक्टर-14 के सामुदायिक केंद्र के रूप में उदाहरण देकर कहा कि इसके निर्माण के लिए 11.20 करोड़ रुपये की राशि खर्च हो चुकी है, लेकिन सिर्फ ढांचा ही तैयार हुआ है।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 25 दिसंबर , 2023



# 12 करोड़ रुपये की लागत से होगा पलवल में ऑडिटोरियम का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पलवल** शहर के लोगों को बेहतर सुविधा देने के लिए नगर परिषद पलवल द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से ऑडिटोरियम का निर्माण करवाया जाएगा। इसके निर्माण के बाद पलवल के शहरवासी इस सभागार में ही अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति, रिहर्सल व दूसरे मनोरंजन आदि के कार्यक्रम कर सकेंगे। नगर परिषद पलवल की तरफ से इसको बनाने के लिए प्रपोजल ऊपर भेजा गया है। वहां से पास होते ही इसको बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा।



नगर परिषद पलवल की तरफ से पलवल शहर में ऑडिटोरियम को बनाने की योजना पर अमल शुरू किया गया हैं। पलवल ऑडिटोरियम बनाने में 12 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। क्षेत्रवासी सामूहिक रूप से अपने भाषण, विज्ञान, सांस्कृतिक, नृत्य, कला, इंडोर गेम, नेताओं व कलाकार आदि के कार्यक्रम प्रस्तुत कर सकेंगे। अब तक पलवल शहर में ऑडिटोरियम की व्यवस्था नहीं थी। जिसकी वजह से शहरवासियों को अपने कार्यक्रम निजी होटलों, सामुदायिक भवनों या खुले में करने पड़ते थे। जिससे लोगों का काफी समय और धन बर्बाद हो जाता था। ऑडिटोरियम बनने के बाद प्रशसन भी अपने कृषि. विज्ञान, बाल दिवस के कार्यक्रम, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, हरियाली तीज आदि को इसी में प्रस्तुत कर सकेंगे। ऑडिटोरियम कुर्सियां पंक्तियों में ढलान रूप में लगेंगी। ऑडिटोरियम में विशेष प्रकार की लाइटें भी लगाई जाएंगी।

जिससे इसमें होने वाले कार्यक्रम बेहतर ढंग से प्रस्तुत हो सकें। इसके अलावा जरूरत के समय पर नगर परिषद, जिला परिषद व ब्लॉक समीति आदि के कार्यक्रम भी यहां पर हो सकेंगे। पूरा ऑडिटोरियम वातानुकूलित युक्त होगा। गर्मी, सर्दी व बरसात में होने वाले कार्यक्रमों के आयोजकों, दर्शकों और कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों कों सुविधा रहे। इस सभागार की विशेषता यह होगी कि इसमें एक बार में हजारों दर्शक एक साथ बैठकर किसी कार्यक्रम का आनंद ले सकेंगे। ओडोटेरियम के बनने के बाद यहां पर शहर के छात्रों, किसानों, बुजुर्ग, महिलाओं के लिए समय समय पर कार्यक्रमों का आयोजन भी जिला प्रशासन द्वारा करवाया जाएगा। जिससे शिक्षा, कृषि, विज्ञान, खेल, जागरूकता अभियान आदि की जानकारी लेकर आगे बढ़ सकें। यह ऑडिटोरियम दिल्ली-मथुरा हाईवे पर बनाया जाएगा। जिससे यहां पर पहुंचने में लोगों को सुविधा रहे।

> **नगर** परिषद द्वारा ऑडिटोरियम के निर्माण का फैसला एक अच्छा फैसला है। इसके निर्माण के बाद हजारों लोग एक साथ बैठकर विज्ञान प्रदर्शनी, कृषि प्रदर्शनी और नाटक, नृत्य जैसे कार्यक्रमों का आनंद ले सकेंगे।
>
> **-अजय सौरोत, शहरवासी**

> **नगर** परिषद पलवल क्षेत्र में 12 करोड़ रुपये की लागत से ऑडिटोरियम बनाने का प्रपोजल ऊपर भेजा गया है। वहां से प्रपोजल पास होते ही इस पर कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। यह ऑडिटोरियम दिल्ली-मथुरा हाईवे पर बनाया जाएगा।
>
> **-डॉ. यशपाल, चेयरमैन, नगर परिषद**

# कालीबाड़ी मंदिर ने किये कंबल और पुराने कपड़े वितरित



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

**तिगांव** रोड पर प्रणब कन्या आश्रम में जरूरतमंद लोगों को सर्द मौसम में कंबल वितरण और पुराने कपड़े बांटने का कार्यक्रम आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फरीदाबाद कालीबाड़ी मंदिर सेक्टर-16 की ओर से किया गया। जिसमें मंदिर कमेटी की ओर से महासचिव एक पंडित और उनकी टीम उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रणव कन्या आश्रम की ओर से संचालक माताजी मुक्ति प्राणा मौजूद रहीं। इस अवसर पर आसपास के झुग्गी झोंपड़ी में रहने वाले लोगों को जहां पुराने कपड़े वितरण किए गए, वहीं एक बार फिर से कंबल देकर फरीदाबाद कालीबाड़ी मंदिर ने जरूरतमंद लोगों को इस सर्द मौसम में ठंड से बचने के लिए सेवा कार्य किया। इस कंबल वितरण कार्यक्रम में करीब 200 कंबल व पुराने कपड़े मंदिर कमेटी की ओर से प्रणव कन्या आश्रम में जरूरतमंद लोगों को बांटे गए। इस अवसर पर महासचिव मंदिर कालीबाड़ी एके पंडित ने कहा कि अभी हम 200 कंबल बांट रहे हैं, आने वाले समय फिर जरूरतमंद लोगों को कंबल और पुराने कपड़े बाटेंगे। आशीष शर्मा का विशेष सहयोग रहा है। मंदिर कमेटी चाहे धार्मिक कार्यक्रम हो या फिर समाज सेवा से जुड़ा कार्य हो, हमेशा ही आगे रहता है। इस वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिजीत गांगुली, शांतुनुदेव सरकार, मनीष ब्रह्मचारी, रूपाली कौर, तनुश्री देव सरकार, सुप्रिया आचार्य का सहयोग रहा।

# एक निरीक्षक होने से प्रभावित हो रही क्वालिटी व राशन वितरण प्रणाली

## खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में इंस्पेक्टर के पदों की कमी का खामियाजा भुगत रहे लोग

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**खाद्य** एवं आपूर्ति विभाग पलवल में इंस्पेक्टर के पदों की कमी का खामियाजा क्षेत्र के लोगों को उठाना पड़ रहा हैं। कुछ साल पहले तक जिला पलवल में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में कई-कई निरक्षक होते थे। जिसकी वजह से लोगों को राशन वितरण सही प्रकार से हो जाता था। वहीं नाप-तोल आदि यंत्रों व खाद्य पदार्थों की जांच भी सही प्रकार से होती थी। परंतु पूरे जिले में एक ही निरीक्षक तैनात होने से अब राशन प्रणाली का वितरण प्रभावित होता है। वहीं खाद्य पदार्थों की जांच भी समय पर नहीं होती है। जिससे कई बार मिलावटखोर इसका फायदा उठाकर घटिया क्वालिटी के पदार्थ बेचने में सफल हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि इसकी वजह से पेट्रोल व डीजल पंप की क्वालिटी व नापतोल की जांच भी समय पर नहीं हो पाती है। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि सरकार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में इंस्पेक्टर के पदों पर तुरंत ही मांग के हिसाब से पूरी तैनाती करनी चाहिए। जिससे खाद्य एवं आपूर्ति वितरण प्रणाली प्रभावित नहीं हो।



कुछ साल पहले तक जिला पलवल में चार निरीक्षक के पद होते थे। जिससे पलवल, होडल, हसनपुर, पृथला, बडौली व हथीन ब्लॉक में राशन प्रणाली का वितरण समय पर होता था। वहीं निरीक्षक पर्याप्त होने से पेट्रोल पंपों पर माप यंत्रों व पेट्रोल तथा डीजल की क्वालिटी की जांच भी समय-समय पर होती रहती थी। जिससे वाहन चालकों को जहां पूरी मात्रा में पेट्रोल व डीजल उपलब्ध होता था, वहीं उसकी जांच के डर से क्वालिटी भी बेहतर होती थी। यही हाल खाद्य तेलों का रहता था। मिलावट खोर मिलावट करने से पहले सौ बार सोचते थे। परंतु अब जिले में एक ही इंस्पेक्टर होने से उसका कंट्रोल एरिया अधिक हो जाता है। जिससे राशन प्रणाली भी कई बार जिले में सही समय पर नहीं हो पाती है।

लोगों का कहना है कि अब पेय पदार्थ व खाद्य पदार्थों पर एफएसएसआई मार्क की जांच भी सही प्रकार नहीं होती है। जिससे दुकानदार इसका फायदा उठाकर घटिया क्वालिटी के खाद्य पदार्थ बेचने में सफल हो जाते हैं और इसका खामियजा क्षेत्र के लोगों को उठाना पड़ता है। लोगों का कहना है कि सरकार को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में निरीक्षक के पदों की पूरी संख्या में तैनाती करनी चाहिए। जिससे राशन प्रणाली का वितरण सही प्रकार से हो सके। वहीं नाप तोल व क्वालिटी के हिसाब से भी सही मात्रा में सामान की आपूर्ति हो सके।

> खाद्य एवं आपूर्ति विभाग पलवल में एक ही निरीक्षक होने से उसका कंट्रोल क्षेत्र पूरा जिला हो जाता है। जिससे क्षेत्र की राशन वितरण प्रणाली प्रभावित होती है। सरकार को निरीक्षक के पदों पर पूरी तैनाती की जानी चाहिए।
>
> **-प्रवीण गहलौत, शहरवासी**

> खाद्य एवं आपूर्ति विभाग में कुछ सालों से निरीक्षक के पदों की कमी बनी हुई है। जिसकी वजह से पूरे पलवल जिले का भार एक ही इंस्पेक्टर पर है। उन्हें पूरे जिले की राशन प्रणाली के अलावा नाप-तोल व क्वालिटी आदि की जांच भी करनी पड़ती है। इसकी वजह से कई कार्य प्रभावित होते हैं।
>
> **-शिल्कराज कश्यप, खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक**

# बाइक सवारों ने युवक से कैश, मोबाइल व एटीएम कार्ड लूटा

## कार्ड से 70 हजार भी निकाले




पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**ड्यूटी** से घर जाने के लिए नेशनल हाईवे पर आगरा चौक पर सवारी के इंतजार में खड़े युवक से बाइक सवार दो युवकों ने 15 हजार रुपये, मोबाइल, एटीएम कार्ड लूट लिया और फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने बैंक खाता चेक किया तो लुटेरों ने उसके खाते से 70 हजार रुपये निकाल लिए थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, जिला मथुरा यूपी के खायरा गांव निवासी हेमराज ने दी शिकायत में कहा कि वह दूधौला गांव के निकट कंपनी में नौकरी करता है। पीड़ित ड्यूटी से छुट्टी होने के बाद पलवल पहुंचा और अपने गांव जाने के लिए नेशनल हाईवे पर आगरा चौक पर सवारी के इंतजार में खड़ा हुआ था। उसी दौरान उसके बाद दो युवक बाइक पर सवार होकर आए और बातचीत करने लगे।

लेकिन, जब तक वह कुछ समझ पाता, तब तक आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसकी जेब में रखे 15 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया। इतना ही नहीं आरोपी उसके एटीएम कार्ड को भी लूटकर ले गए, जिसके बाद उसने शोर मचाया तो आरोपी लूटे हुए सामान को लेकर वहां से बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

पीड़ित ने अपने बैंक खाते को चेक किया तो लुटेरों ने अलग-अलग जगह से 70 हजार रुपये निकाल लिए थे, जिसकी शिकायत पीड़ित ने कैंप थाना पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि लुटेरों ने जहां-जहां से पैसे निकाले हैं, उन एटीएम बूथों की सीसीटीवी फुटेज एकत्रित की जा रही है, ताकि लुटेरों की पहचान कर गिरफ्तार किया जा सके।

# ममता चौहान ने शिक्षा मंत्री से भेंट की

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**प्रदेश** कार्यकारिणी सदस्य भाजपा हरियाणा वीर ममता चौहान ने राजहंस होटल सूरजकुंड, फरीदाबाद में शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर से मुलाकात की।



इस दौरान शिक्षा मंत्री को शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया व मौके पर ही शिक्षा मंत्री ने इन समस्याओं का समाधान किया। इस पर ममता चौहान ने शिक्षा मंत्री धन्यवाद कर आभार जताया।

# सीनियर सिटीजन क्लब ने किया हवन



**फरीदाबाद।** सेक्टर 21-ए में स्थापित सीनियर सिटीजन क्लब में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के यजमान राजन सिक्का प्रधान-आर्य समाज सेक्टर-21 ने श्रद्धालुओं को पौष मास के शुक्ल पक्ष में चतुर्दशी को आये क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं। अर्जुन भल्ला कोषाध्यक्ष ने बताया कि आर्य समाज के विधि विधान से हवन यज्ञ करने से वातावरण सुगंधित हो जाता है। पारिवारिक सुख शांति, समृद्धि की कामना के लिए हवन यज्ञ के अवसर शुभ होते हैं। इस मौके पर आरके मल्होत्रा, राकेश आर्य, आरसी सेठी, नीरजा मल्होत्रा, सुमन चावला, एआर कक्कड़, वीणा आदि कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ब्लॉक में सुरक्षा के लिए रेडियम युक्त पीली पट्टी का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सुरक्षा** की दृष्टि से ब्लॉक डी2 सेक्टर-10 में सड़कों के दोनों तरफ रेडियम युक्त पीली पट्टी का निर्माण आरंभ कराया गया। जिसकी शुभारंभ ब्लॉक के प्रधान जगजीत सिंह नैन व ब्लॉक के संरक्षक पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह बीसला ने किया। इन रेडियम युक्त पीली पट्टी को सुरक्षा की दृष्टि से ब्लॉक में लगवाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि इन पट्टी से रात के अंधेरे के समय व कोहरा के समय गाड़ी या पैदल चलने वाले को पता चलता है कि वो सड़क के ऊपर चल रहे या नीचे तो नहीं उतर गए। यह पट्टी रात के अंधेरे में चमकेगी। इन पट्टी के लगने से ब्लॉक के साथ साथ शहर की सुंदरता और बढ़ेगी। पट्टी करीब ब्लॉक की हर सड़क पर लगवाई जा रही हैं। यह पट्टी किसी प्राइवेट कंपनी से करीब 10 किलोमीटर के एरिया में लगवाई जा रही हैं। ब्लॉक के हर वासी ने कार्यकारिणी के कार्य को सहारा है। इस मौके पर महासचिव अनूप वशिष्ठ एडवोकेट, उपप्रधान दीपा शर्मा, रशमी महाजन मौजूद थीं।



# फरीदाबाद में अवैध पिस्तौल के साथ युवक काबू

**फरीदाबाद।** एक युवक को हवाबाजी के शौक ने जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। बता दें कि आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेंट्रल की टीम ने देसी पिस्तौल सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भूपेंद्र उर्फ भौंपू गांव जाजरु बल्लभगढ़ का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से पुल के पास से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर देसी पिस्तौल व जिंदा रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसकी गांव जाजरु में जिम है।

# स्काउट एंड गाइड शिविर के समापन पर प्रतिभागी हुए सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एडवांस्ड** इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन पलवल में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। भारत स्काउट गाइड के त्रिदिवसीय शिविर के दौरान संस्था के चेयरमैन डॉ. पुनीत गोयल व चेयरपर्सन डॉ. पूनम गोयल ने सभी स्काउट एंड गाइड को शुभकामनाएं दीं और अपने संदेश में कहा कि शिविर के दौरान जो भी प्रशिक्षण उन्होंने प्राप्त किया है, उसका अपने जीवन में पालन करते हुए एक आदर्श नागरिक बनें। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के मुख्य प्रशासक सुनील दलाल रहे, जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य लक्ष्मी शर्मा द्वारा की गई। संचालन स्काउट गाइड संस्था के सचिव विष्णु गौड व एडवांसड इंस्टीट्यूट की व्याख्याता गीता हर्षाना द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डीओसी योगेश सौरोत ने बताया कि 21 से 23 दिसंबर तक आयोजित तीन दिवसीय शिविर के अंतर्गत टेंट पिचिंग, फूड प्लाजा तथा कॉपी लेखन आदि प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले दलों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया है। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी शर्मा ने विद्यार्थियों के कौशल को सराहा व प्रशंसा की।




# मानव सेवा समिति ने लगाया शिविर, 115 लोगों ने कराई जांच



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सर्वोदय** अस्पताल सेक्टर-8 के सहयोग से मानव सेवा समिति ने रविवार को मानव भवन सेक्टर-10 में एक हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित किया। कर्म सत्य संघ की भागीदारी में लगाए गए इस शिविर में 115 लोगों के कोलेस्ट्रॉल, थायराइड, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, पीएफटी की निशुल्क जांच की गई। सांस रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नेहा मगा ने लोगों को बताया कि बढ़ते प्रदूषण व मौसम बदलने पर बुजुर्गो व महिलाओं को सांस रोग की समस्या हो जाती है। पीएफटी जांच से फेफड़ों की ताकत का पता चलता है। उसके बाद उचित उपचार से रोग सही हो जाता है। डॉ. शुभम व डॉ. भावना गर्ग ने भी उचित उपचार देकर लोगों का इलाज किया। युवा समाजसेवी शिव कुमार वशिष्ठ, सर्वोदय अस्पताल के राकेश त्यागी, नवीन शर्मा व विवेक शर्मा ने शिविर के सफल आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन अरुण बजाज, मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, सदस्य मदनलाल मोदी, गोविंद वर्मा, सदाशिव सेठी, वैभव मंगल, कुसुम बंसल मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल किसानों के कार्यों को रखते हैं सर्वोपरि : प्रवीण डागर

## विधायक ने छह करोड़ 10 लाख की लागत के बोरवेल के कार्य का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**विधायक** प्रवीण डागर ने गांव मिंडकोला, कानौली व स्यारोली में सेम की समस्या से निजात दिलाने के लिए 84 बोरवेल लगाने के कार्य का नारियल फोड़कर विधिवत शुभारंभ किया। हथीन विधायक प्रवीण डागर ने इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हथीन विधानसभा क्षेत्र के गांव मिंडकोला सहित गुरुगाम नहर के आस-पास के लगभग 20 गांवों की हजारों एकड़ जमीन पिछले 20-25 साल से सेम से लगातार पीड़ित रही है, जिससे हमारा किसान बिल्कुल बर्बाद हो गया। जहां पिछली सरकारों ने किसानों के बार-बार कहने पर भी कोई ध्यान नहीं दिया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में अब किसानों के हित के कार्य किए जा रहे हैं। हथीन की प्रगति रैली व हरियाणा विधानसभासभा सत्र में उन्होंने पहली मांग अपने किसानों की सेम की समस्या खत्म कराने की रखी, जिसे पूरा करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा हथीन क्षेत्र में लगभग 25 करोड़ की लागत के 150 बोरवेल लगाने को मंजूरी दी गई।



उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सहयोग से हमारे 64 बोरवेल पहले सुचारू हालत में हैं, जिनसे लगभग तीन से चार हजार एकड़ जमीन का सुधार हो चुका है और किसानों के चेहरे खेतों में फसल देखकर खुश हैं। उनके द्वारा लगभग छह करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से 84 बोरवेल के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है, जो गुरुग्राम नहर के आस-पास मिंडकोला, कानौली, स्यारोली, खेड़ली जीता, रीबड, मढनाका, अकबरपुर नाटौल, बिघावली, जैनपुर आदि गांवों के जंगल में लगाए जा रहे हैं। जल्द ही इनका कार्य पूरा कर किसानों को संपूर्ण रूप से सेम की समस्या से निजात दिला दी जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का इस विकराल समस्या से किसानों को निजात दिलाने के लिए विशेषकर धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी और बोरवेल की आवश्यकता होगी, उन्हें भी मंजूर कराया जाएगा। वर्तमान सरकार किसानों की हितैषी है। विधायक प्रवीण डागर ने कहा कि हथीन के किसानों को प्रदेश के अन्य किसानों के बराबर लाना उनका ध्येय है। वर्तमान सरकार में किसानों के खेतों के लिए रास्ते व सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। नई अनाजमंडी का निर्माण गांव मिंडकोला में किया जाएगा। गन्ना किसानों को सबसे अधिक मूल्य व 14 फसल एमएसपी पर हरियाणा सरकार द्वारा खरीदी जा रही हैं। भावांतर भरपाई योजना, फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि योजना लागू कर भारत सरकार व प्रदेश सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। सिंचाई के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

इस अवसर पर गांव मिंडकोला में देवी, ब्लॉक समिति हथीन के वाइस चेयरमैन सुमेर सिंह, हसनपुर के सरपंच राजू शर्मा, नरेंद्र डागर, धर्म मेंबर, छिद्दा मेंबर, हरकिशन, जग्गी, जीवनलाल, नरेश डागर, गांव कानौली के सरपंच सूबे, बच्चू, लेखी, नरेंद्र, बैंदा, गांव स्यारोली के जिले, जीतू, राजमल, महेश खेड़ली व अधिकारीगण मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी व स्कॉलरशिप टेस्ट में दर्जनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने की भागीदारी



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**धर्म** पब्लिक स्कूल पलवल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी एवं फूड फेस्ट का आयोजन किया गया। दीपक मंगला विधायक पलवल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक बघेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। सर्वप्रथम विद्यालय के निदेशक पवन अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या ज्योति डांगे ने पुष्प गुच्छ से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया।

विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के मॉडल का स्टॉल लगाकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में प्राथमिक कक्षा, छठी से नौवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषय से संबंधित अनेक ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक मॉडल बनाकर अपनी कल्पना, रचना एवं प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के भव्य मंदिर का मॉडल विद्यार्थियों के परिश्रम, उनकी कल्पना शक्ति एवं रचनात्मक कौशल का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा था। साथ ही चंद्रयान-3, स्मार्ट सिटी के लाइव प्रोजेक्ट, एसिड रेन वर्किंग मॉडल, सोलर कार, हीमोडाइलिसिस के मॉडल देखकर दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर होना पड़ा। इनके अतिरिक्त मैथेमेटिकल पार्क, धर्म पब्लिक स्कूल का जीवंत मॉडल, वर्किंग मॉडल ऑफ 2डी व 3डी शेप्स, प्रापर्टीज ऑफ एंगल्स ऑफ सर्कल्स, हड़प्पा कालीन सभ्यता, भारतीय चुनाव प्रक्रिया, साबरमती आश्रम, नवीकरण ऊर्जा, जलियांवाला बाग का चित्रण, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (फ्यूचर ऑफ पलवल) आदि शामिल रहे।

# सम्मान समारोह से आम आदमी पार्टी का बढ़ा जनाधार : संजय वर्मा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**आप** पार्टी लीगल सेल के जिला अध्यक्ष संजय वर्मा बामनीखेड़ा ने कहा कि आप पार्टी का सम्मान समारोह बड़े धूमधाम के साथ किया। पूरे प्रदेश में निकाली गई बदलाव यात्रा में लोगों का भरपूर समर्थन मिला। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में आप पार्टी की सरकार बनेगी। प्रभारी सुंदर लाल गौतम ने कहा कि अब प्रदेश के लोगों ने निकम्मी सरकार को सत्ता से बाहर करने का फैसला कर लिया है। उन्होंने कहा कि अब हरियाणा के लाल नै एक मौका केजरीवाल नै के नाम से प्रदेश की 90 विधानसभाओं में बदलाव यात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर सुंदरलाल गौतम, एडवोकेट संजय वर्मा व एडवोकेट सचिन बंसल ने होडल के गांव सेवली, डकोरा, मर्रोली, पालड़ी, शोलका, गुदराना, सिया, तूमसरा आदि गांव में ग्राम सचिव व ग्राम सदस्य को पहचान पत्र वितरित किया व जींद में होने वाली जनसभा का न्योता दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग केजरीवाल के विचार सुन सकें। पलवल के गांव गुदराना में सैकड़ों साथियों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



## शीत सत्र

### असहज स्थितियां

**हाल में समाप्त संसद का शीत सत्र** अनेक असहज करने वाली घटनाओं का गवाह बना। हालांकि, इसमें गरमागरम भाषणों और अशोभनीय स्थितियों के साथ अनेक महत्वपूर्ण विधेयक भी पास हुए। इस सत्र में बाहरी चरमपंथी तत्वों द्वारा धुंआ छोड़ने की घटना के साथ ही रिकार्ड संख्या में विपक्षी सदस्यों को निलम्बित किया गया। महुआ मोइत्रा के खिलाफ 'सवालों के बदले नकद' के आरोप पर उनकी सदस्यता समाप्त की गई। इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण विधेयक पास किए गए जिनमें आपराधिक नियमों में संशोधन तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त व निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों के प्राविधान शामिल हैं। लेकिन सुरक्षा खतरा प्रकरण के बाद 'अशोभनीय आचरण' के आरोप में रिकार्ड संख्या में सांसदों के निलम्बन के बाद ये महत्वपूर्ण विधेयक बिना किसी चर्चा के पास हुए। विपक्षी सांसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या गृह मंत्री अमित शाह से इस मुद्दे पर बयान की मांग कर रहे थे, हालांकि उन्होंने यह मांग बड़े अराजक तरीके से उठाई। अध्यक्ष ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लोकसभा के लगभग एक तिहाई सदस्यों को निलम्बित कर एक उदाहरण पेश किया। लेकिन विपक्षी सदस्यों ने इस निलम्बन को दूसरी तरह से देखा। राजद सांसद मनोज कुमार झा व कांग्रेस नेता शशि थरूर ने निलंबन को 'सम्मान का तमगा' बताया। महुआ मोइत्रा का निष्कासन अध्यक्ष का अब तक का सर्वाधिक त्वरित निर्णय है। इथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर यह निर्णय 90 मिनट में किया गया। संसद की सुरक्षा में चूक पर बहस की मांग करने वाले विपक्षी सांसदों का निलंबन अपने आप में अभूतपूर्व अनुशासनिक घटना है।




इसके साथ ही संसद में अन्य विवाद भी पैदा हुए।

तृणामूल कांग्रेस-टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी को इस कारण निलम्बित किया गया क्योंकि वे उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 'मजाक उड़ा रहे' थे और राहुल गांधी इसका वीडियो बना रहे थे। इस पर सत्ता पक्ष के सांसदों व कुछ अन्य सांसदों ने घोर आपत्ति की। विपक्ष का कहना था कि सरकार का यह कदम विचार-विमर्श को कुचलने के लिए है। उप-राष्ट्रपति जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति का मजाक उड़ाना किसी प्रकार उचित नहीं है क्योंकि इससे संवैधानिक पद तथा सदन की गरिमा गिरती है। संसद में सुरक्षा चूक की जांच एक समिति कर रही है और अध्यक्ष ने सदन में इसकी रिपोर्ट रखने का वादा किया था। ऐसे में विपक्षी सांसदों द्वारा संसद का कामकाज ठप करना चुनावों में पराजय से उपजी उनकी हताशा का परिणाम था। विडंबना है कि एक ओर विपक्ष संसद का कामकाज बाधित करता है और जब महत्वपूर्ण विधेयक बिना चर्चा के पास हो जाते हैं तो इस पर भी विलाप करता है। देश की जनता इसे अच्छी तरह देख रही है। शीत सत्र में आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य कानून के स्थान पर बिल्कुल नये प्राविधानों वाले विधेयक पेश किए गए। इनसे भारत की अपराध न्याय व्यवस्था में आमूल परिवर्तन आएगा। दु:ख की बात है कि विपक्ष ने इतने महत्वपूर्ण विधायनों पर चर्चा के बजाय अराजकता पैदा करना ज्यादा अच्छा समझा। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना बिल्कुल ठीक है कि यदि विपक्ष का यही व्यवहार रहा तो 2024 के चुनाव के बाद उसकी संख्या और घट सकती है। संसद के शीत सत्र ने भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्ति दिला कर न्याय व्यवस्था मजबूत करने तथा दूरसंचार क्षेत्र को और प्रभावी बनाने व उसे निजी क्षेत्र के लिए खोलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

# अटल के सपनों को पूरा कर रहे मोदी

**अटल बिहारी वाजपेयी की विचारधारा को, चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में हो, एकात्म मानववाद के रूप में हो या अंत्योदय के रूप में, इसे भारत भूमि पर जी-जान से और जूनून से उतारने का काम प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं।**



**प्रभात झा**

(लेखक पूर्व सांसद एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं)



**आज** अटलजी की 99वीं जन्म जयंती है। 25 दिसंबर 2024 को उनकी जन्म जयंती का शताब्दी वर्ष होगा। हमें पूरा विश्वास है कि अटलजी के आदर्शों पर चलने वाले और वर्षों की जनसंघ और भाजपा के घोषणापत्र में लिखे वचनों को साकार करने वाले वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी जन्म शताब्दी की अद्भुत तैयारी की योजना बना चुके होंगे या बना रहे होंगे। यह अटल जी का सौभाग्य है कि आज उनके द्वारा प्रारंभ की गई विचारधारा को, चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में हो, एकात्म मानववाद के रूप में हो या अंत्योदय के रूप में, इसे भारत की जमीन पर जी-जान से और जूनून से उतारने का काम प्रधानमंत्री कर रहे हैं।

जनता पार्टी की सरकार के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ में अटलजी पहले भारतीय विदेश मंत्री थे जिन्होंने हिंदी में भाषण देकर पूरे विश्व को जहां चौंका दिया था और अपनी राष्ट्रभाषा को सम्मान प्रदान किया था। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी अब तक विश्व के 66 राष्ट्रों में गए और भारत की, भारत माता की और वहां बसे भारतीयों के बीच अपनी संस्कृति और राष्ट्रवाद का पुनर्जागरण जिस तरह से किया, उसे अटलजी को दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि कहें तो अतिशयोक्ति न होगी।

केंद्र में अटलजी की पहली सरकार 13 दिन की थी, दूसरी बार 13 महीने की थी। जब 13 महीने की सरकार गिर रही थी तब विपक्ष में बैठे लोगों ने ताने मारे थे कि अटलजी सत्ता के लिए धारा 370, राममंदिर निर्माण, तीन तलाक को समाप्त करना, समान नागरिक संहिता जैसे अपनी विचारधारा के विषय को भूलकर एनडीए के अन्य दलों से समझौता किया। प्रधानमंत्री के नाते अटलजी ने सदन में जवाब दिया था कि राष्ट्रपति जी द्वारा सबसे बड़े दल होने के नाते हमें सरकार बनाने के लिए बुलाया गया, तो हमने न्यूतम साझा कार्यक्रम बनाया था जिससे देश पर पुन: चुनाव का भार न पड़े और अच्छी सरकार दे सकें। तब विपक्ष से अटलजी ने कहा कि एक बात समझ लीजिये, जिस दिन हम बहुमत में आएंगे, उस दिन न धारा 370, न राममंदिर, न तीन तलाक और न समान नागरिक संहिता को छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में भाजपा की अकेले दम पर केंद्र में बहुमत की सरकार बनवाई। 2019 में इतिहास रचा गया और दुबारा सरकार बनी। प्रधानमंत्री के कानों में अटलजी के वे वाक्य जो उनके द्वारा सदन में कहे गए थे और जनसंघ से लेकर भाजपा के घोषणापत्र में लगातार लिखे जा रहे थे, को पूरा करने का अवसर आया। उन्होंने तनिक भी देर नहीं की और अपने राजनैतिक पुरखों की लिखी और कही विचाराधारा की बातों को 140 करोड़ जनता के चरणों में समर्पित किया।

अटलजी ने मुंबई में संपन्न हुए भाजपा के प्रथम सम्मेलन में कहा था- अंधेरा हटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। आज उनके इस वाक्य को प्रधानमंत्री मोदी शब्दश: साकार करने में अनवरत देश के एक सेवक एवं कार्यकर्ता के रूप में सक्षमता से लगे हैं। अटलजी ने पूरे भारतवर्ष में पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण तक जनता को भाजपा की आकर्षित करने का अद्भुत प्रयास किया। अटलजी ग्वालियर स्थित शिंदे की छावनी के कमल सिंह बाग स्थित अपने पैतृक निवास के एक छोटे से पाटोर में पैदा हुए। उनके पिता पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी आजादी से पूर्व उत्तर प्रदेश के बटेश्वर से ग्वालियर आकर सिंधिया स्टेट के दौरान एक स्कूल में शिक्षक की नौकरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। अटलजी चार भाई थे। पहले भाई का नाम अवध बिहारी वाजपेयी, दूसरे का नाम प्रेम बिहारी वाजपेयी, तीसरे भाई सदा बिहारी वाजपेयी और सबसे छोटे थे अटल बिहारी वाजपेयी। अटलजी का संपर्क बाल्यकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक तीजारेजी से हुआ। वहीं से वे संघ के स्वयंसेवक बने।

अंग्रेजों के जमाने में ग्वालियर में विक्टोरिआ कॉलेज जिसका नाम आज महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय है, में वे पढ़ते थे। अटल जी को जिन शिक्षकों ने पढ़ाया था उनमें एक बहुत बड़े साहित्यकार डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन जी थे। वहां से अध्ययन करने के बाद अटलजी कानपुर पहुंचे। वहां उन्होंने लॉ में एडमिशन लिया। इसे संयोग ही कहा जा सकता है कि उनके पिताजी ने बेटे के साथ लॉ किया। उसी दौरान भाऊराव देवरस, जो उत्तर प्रदेश में संघ के बहुत बड़े अधिकारी थे, उन्हें अध्ययन के पश्चात उत्तर प्रदेश के संडीला क्षेत्र में संघ के विस्तारक-प्रचारक के रूप में भेजा था। यहां इतनी जानकारी इसलिए दे रहा हूं कि भाजपा से जुड़े देश के पहले प्रधानमंत्री अटलजी भी अपने जीवन में विस्तारक रूपी प्रचारक रहे और आज के भी प्रधानमंत्री मोदी अपने छात्र जीवन में संघ के सम्पर्क में आये और वर्षों तक प्रचारक रहे। प्रचारक रहते हुए वे पहले गुजरात भाजपा के संगठन मंत्री बने और बाद में भाजपा के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बने। यह संयोग ही कहा जाएगा कि संघ के संस्कार से युक्त अब तक जो दोनों प्रधानमंत्री राष्ट्रीय विचारधारा के बने, वे प्रारम्भ से ही संघ के स्वयंसेवक रहे। अटलजी ने कश्मीर के बारे में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा की गई घोषणा कि कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है, को उस दिन साकार कर दिया जब संसद में आजादी की 50वीं वर्षगांठ पर तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष पीएस संगमा की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पारित करा लिया गया कि कश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है। कश्मीर के बारे में अटलजी के मन में कितनी स्पष्टता थी, यह उनके इस काव्य से ही स्पष्ट हो जाता है....

*धमकी, जिहाद के नारों से, हथियारों से*
*कश्मीर कभी हथिया लोगे, यह मत समझो*
*हमलों से, अत्याचारों से, संहारों से*
*भारत का शीष झुका लोगे, यह मत समझो*
*संसार भले ही हो विरुद्ध*
*कश्मीर पर भारत का सर नहीं झुकेगा*
*एक नहीं, दो नहीं, करो बीसों समझौते*
*पर स्वतन्त्र भारत का निश्चय नहीं रुकेगा*

वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ जनता के मन में पाक अधिकृत कश्मीर में तिरंगा फहराने का सपना पूरा होगा। हम यहां पर अटलजी की तुलना वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी से कतई नहीं कर रहे। लेकिन अटलजी की जन्म जयंती पर संयोगवश जो दोनों नेताओं में एकात्मभाव, एकात्मदर्शन और विचारधारा की प्रतिबद्धता दिखी और दिख रही, उसको समाज के सामने रखना लेखक के नाते मैं अपनी प्रतिबद्धता ही मानता हूं। अटलजी आज भले ही काया से हमारे बीच नहीं हैं लेकिन छाया से वे हम सबके बीच सदैव रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें भारत रत्न देकर और 25 दिसंबर को उनके जन्म दिवस को सुशासन दिवस घोषित कर एक आदर्श जीवनशैली के राजनेता और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी सेवा का जहां सम्मान किया, वहीं राजघाट पर उनकी समाधि सदैव अटल बनाकर हर भारतवासी की ओर से जो श्रद्धांजलि अर्पित की, वह इतिहास में अमर हो गया। आज जो भी नागरिक व कार्यकर्ता दिल्ली आता है, सदैव अटल पर जरूर श्रद्धांजलि अर्पित करता है और अपनी विचारधारा के पुरोधा को प्रणाम करते हुए अभिभूत हो जाता है।

# पड़ोसी देशों में चुनाव

> "भारत और उसके लगभग सभी पड़ोसी देशों में अगले साल आम चुनाव होंगे। यह क्षेत्रीय राजनीति के हित में है कि इन सभी देशों में स्थिर सरकारें बनें।"

**कुमारदीप बनर्जी**

(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं)



भारत और उसके लगभग सभी पड़ोसी देशों में 2024 में आम चुनाव होंगे। यह क्षेत्रीय राजनीति के हित में है कि इन सभी देशों में स्थिर सरकारें बनें। हालांकि, घरेलू राजनीति का राजनयिक संबंधों पर प्रभाव नहीं पड़ता है, पर भारत और उसके पड़ोस के मामले में स्थिति अलग है। भारत का बांग्लादेश, भूटान और श्रीलंका से अनेक मोर्चों पर गहरा संबंध है और इन सभी देशों में अगले साल चुनाव हैं। इन तीनों को भारत और चीन से अपने संबंधों में संतुलन बनाना होगा ताकि उनकी घरेलू अर्थव्यवस्थाओं में स्थिरता बनी रहे और भारत के साथ उनके दीर्घकालीन द्विपक्षीय संबंध प्रभावित न हों।

सबसे पहले बांग्लादेश में नव वर्ष के पहले दो सप्ताह में चुनाव है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बहुत अच्छे संबंध हैं। वे इस देश में 15 साल से शासन कर रही हैं और उनकी सत्ता में वापसी लगभग निश्चित है। बांग्लादेश इस क्षेत्र में भारत का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सहयोगी है और दोनों की नियम-आधारित, स्वतंत्र व खुला हिंद-प्रशांत क्षेत्र बनाए रखने में बहुत दिलचस्पी है। शेख हसीना सरकार को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उन्होंने अपने देश से भारत-विरोधी तत्वों, आतंकियों, अलगाववादियों व चरमपंथियों का सफाया कर दिया है। इससे भारत-बांग्लादेश संबंधों को पिछले 15 साल में बहुत मजबूती मिली है।

बांग्लादेश हिंद महासागर में बहुत महत्वपूर्ण स्थान पर है और आवागमन के महत्वपूर्ण क्षेत्र की तरह काम करता है। भारत के अनेक पूर्वोत्तर राज्यों के साथ इसकी भौगोलिक निकटता व्यापार के लिए महत्वपूर्ण भूमि-मार्ग उपलब्ध कराती है। इससे भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्रों तथा दक्षिण पूर्व एशिया व उससे आगे मनुष्यों का आवागमन सुनिश्चित होता है। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने सितंबर में दिल्ली में आयोजित जी20 बैठक में द्विपक्षीय बैठक की थी। एक प्रेस बयान में दोनों देशों ने 'चट्टोग्राम व मोंगला बंदरगाहों के प्रयोग तथा भारत-बांग्लादेश मैत्री पाइपलाइन के शुरू करने पर समझौते के क्रियान्वयन' का उल्लेख किया था।



भारत और बांग्लादेश के नेताओं ने आईएनआर में द्विपक्षीय व्यापार समझौते के क्रियान्वयन तथा दोनों देशों के बीच बिजनेस बढ़ने पर संतोष प्रकट किया था। उन्होंने समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते-सीपा पर वार्ता शुरू करने की इच्छा प्रकट की थी जिसमें वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार तथा निवेश प्रोत्साहित व संरक्षित करना शामिल है। भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंध न केवल दोनों देशों के लिए, बल्कि क्षेत्रीय व वैश्विक शांति के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। बांग्लादेश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और अपनी पंथनिरपेक्ष नीति के कारण ही हसीना सरकार अपने देश में इस्लामवादी और जिहदी कट्टरपंथी तत्वों पर लगाम लगाने में सफल हुई है।

पिछले महीने बांग्लादेश और भारत ने तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसमें 'अखूरा-अगरतला क्रास बार्डर रेल लिंक, खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन तथा मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की दूसरी इकाई शामिल है जिसमें भारत ने बांग्लादेश में लगभग 2 बिलियन डालर निवेश का वादा किया है।' चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापार सहयोगी है और भारत दूसरे स्थान पर आता है। भारत जानता है कि स्थिर, विश्वसनीय और लोकतांत्रिक साझीदार उसके हित में है। इससे वह आक्रामक, स्वेच्छाचारी व पैसे लुटाने वाले चीन का मुकाबला कर सकता है जो भारत पर रणनीतिक दबाव डालने के लिए उसकी सभी सीमाओं के प्रयोग का प्रयास करता है।

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में उद्योग असोसियेशन के एक आयोजन में उद्योगपतियों के समक्ष नई शताब्दी में भारतीय विदेश नीति के दृष्टिकोण पर भाषण दिया। उन्होंने कहा, 'पिछले दो-तीन दशकों में व्यापार नियमों के क्रियान्वयन की प्रकृति ने अनेक सवाल पैदा किए जिनका संबंध उनकी प्रभावशीलता तथा सरकार की विश्वसनीयता से था। मेरे ध्यान का बड़ा हिस्सा, आर्थिक हिस्सा इस बात पर जाता है कि हम दुनिया के साथ कैसा आर्थिक व्यवहार करते हैं, अपने बिजनेसों का कैसे समर्थन करते हैं, अपने ग्राहकों का कैसे समर्थन करते हैं और हम अपना रोजगार कैसे बढ़ाते हैं।' हालांकि, उन्होंने भारत के पड़ोस में लोकतंत्रों के कामकाज पर कोई सीधी बात नहीं कही, पर रणनीतिक हितों पर द्विपक्षीय संबंध जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया, भले ही यह अभियानों के शोर में थोड़ दब ही क्यों न जाएं। उल्लेखनीय है कि भारत के पड़ोसी पाकिस्तान में भी अगले साल चुनाव होने जा रहे हैं। हालांकि, पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध ज्यादा मैत्रीपूर्ण नहीं हैं। भारत के हित में है कि वहां भी स्थिर सरकार बने।

## आप की बात

### भगवद्गीता का महत्व

**हाल ही में** गीता जयंती पूरे देश में मनाई गई। भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गीता का उपदेश दिए सदियां बीत जाने के बाद भी गीता आज भी उतनी ही मार्गदर्शक है जितनी उस समय महाभारत काल में थी। उस समय भी सत्ता की भूख उतनी ही थी जितनी आज है। आज विश्व में जो बड़े युद्ध हम देख रहे हैं वह ठीक उसी प्रकार सत्ता की भूख के परिणाम स्वरुप हैं। महाभारत के युद्ध में भी बड़ी संख्या में जनधन का संहार हुआ था। ठीक वैसे ही आज कुछ देशों के युद्ध में समुची मानव जाति को तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से भयभीत कर दिया है। इन युद्धों का समाधान भी गीता में सुझाए गए निर्देशों के अनुरूप ही हो सकता है। भगवान कृष्ण ने गीता के माध्यम से न्याय के पक्ष में अन्यायी के खिलाफ युद्ध करने का संदेश दिया है। भगवान कृष्ण ने अपने समय की सड़ी-गली परंपराओं को तोड़ कर, जरासंध व कंस जैसे तानाशाह अत्याचारियों को समाप्त कर गोपालकों, ग्रामीणों, वनवासियों व सर्वोपरि महिलाओं का सम्मान स्थापित किया था। भगवान कृष्ण का जीवन और गीता के उपदेश प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण, नदियों की शुद्धता व पवित्रता तथा युद्धों में भी नियमों के पालन का जो संदेश देते हैं, वह आज शताब्दियां बीतने के बाद भी पूर्णत: प्रासांगिक है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मायावती का दृष्टिकोण

**मायावती** ने कहा, फिजूल की टिप्पणियां करने से बचे क्या पता भविष्य में किसको.किस की जरूरत पड़ जाए। उनके इस कथन को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। मायावती का यह बयान न केवल एनडीए बल्कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के लिए भी है। वर्तमान समय में मायावती किसी भी गठबंधन में नहीं है। फिर भी वे इस बार अपने ही बलबूते पर लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं। मायावती ने भाजपा की ही तरह राज्यसभा के सभापति का संसद परिसर में निलंबित विपक्षी सांसदों द्वारा मजाक बनाए जाने पर उसे बेहद अशोभनीय करार दिया है। उनका यह भी कहना है कि सरकार एवं विपक्ष के बीच जबरदस्त मतभेद, तनाव एवं टकराव वाली घटनाओं से देश के लोकतंत्र एवं संसदीय परंपराओं को शर्मसार होने से बचाया जाना आज बेहद जरूरी है। यह जिम्मेदारी केवल एक दल की न होकर सभी दलों की है। उन्होंने लोकसभा की सुरक्षा में हुई चूक को भी गंभीर मान कर संसद की सुरक्षा व्यवस्था और चाक चौबंद करने तथा दोषियों व षड्यंत्रकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की भी मांग की है। मायावती का यह तटस्थ दृष्टिकोण प्रशंसनीय है।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### नीलगायों का आतंक

हर वर्ष रबी की फसल के साथ ही नीलगायों का आतंक शुरु हो जाता है। झुंड में रहने वाला यह पशु जब किसी खेत में घुसता है तो फसल को लगभग बर्बाद कर देता है। जब किसान इन्हे भगाने की कोशिश करते हे तो ये हिंसक होकर उन पर जानलेवा हमला कर देते हैं। फसल चौपट करने के साथ ही यह पशु राजमार्ग एवं गांवों को राजमार्ग से जोडने वाली सडकों पर अनेक दुर्घटनाओं का भी कारण बन रहे हे। 48 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दोडने तथा लगभग 200 किलो वजन वाला यह बलिष्ठ वन्यजीव जब तेजी से सड़क पार करता है तो वाहन चालक के कुछ समझने से पहले ही यह वाहन से टकराकर उसे असंतुलित कर भयानक दुर्घटना का कारण बनता है। पिछले एक दशक मे मध्य प्रदेश, बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित अनेक राज्यों मे नीलगाय की संख्या तेजी से बढी है। इनकी संख्या बढ़ने के अनेक कारण हैं और भविष्य में इन कारणो से इनकी संख्या बढ़ने की आशंका है। नीलगायों के साथ ही अनेक वन्यपशुओं की बढ़ती संख्या तथा उनका आबादी व सड़कों पर आतंक रोकने के व्यापक प्रयास किए जाने चाहिए।

– **विमलेश पगारिया,** बदनावर

### कश्मीर की प्रगति

**कश्मीर** घाटी के ताजा हालात सुखद रूप से आश्चर्यचकित करते हैं। धीरे-धीरे पुराने वैभव की ओर लौटते कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों से और विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति के आने वाले समाचार उत्साहित करते हैं। प्रकृति ने घाटी को जो खूबसूरती प्रदान की है वह न केवल स्वास्थ्य वरन् आर्थिक प्रगति की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। पर्यटन के जरिए राज्य की अर्थव्यवस्था को बड़ी मजबूती प्रदान की जा सकती है। अब वहां राजनीतिक माहौल भी तेजी से बदल रहा है। कल तक हिंसा और पत्थरबाजी का साक्षी रहा कश्मीर अब फिर अपने वैभव की ओर लौट रहा है। दशकों बाद राज्य में धार्मिक राजनीतिक और सामाजिक बदलाव देखकर अब तक वहां कब्जा जमाए निहित स्वार्थी तत्व व पाकिस्तान के मुहरे परेशान और कुछ भी करने को तैयार हैं। बीच-बीच में होने वाली आतंकी घटनाएं इसका संकेत देती हैं। सेना, पुलिस तथा स्थानीय जागरूक लोगों व खासकर नौजवानों की सक्रियता से आतंकवाद दम तोड़ चुका है। अब जरूरत मुख्यधारा से कटे कुछ पथभ्रष्ट युवाओं को राह पर लाने की जरूरत है।

–**अमृतलाल मारू,** इन्दौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# अटल में सम-विषम परिस्थितियों में कार्य करने की अद्भुत क्षमता थी: योगी

● मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कई विभूतियों को किया सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी राजनीति के अजात शत्रु थे। उनके पास सम व विषम परिस्थियों में कार्य करने की अद्भुत क्षमता थी। जनता.जनार्दन को सम्मोहन की अद्भुत साधना जिस एक महान व्यक्तित्व में देखने को मिलती थी, वह नाम अटल जी का था। गरीबों के लिए बनने वाली योजनाओंए इंफ्रास्ट्रक्चर के बड़े.बड़े कार्यए वैश्विक मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान व विरासत के सम्मान की आधारशिला अटल जी ने रखी थी।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित श्अटल गीत गंगाश् कार्यक्रम में कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कई विभूतियों को सम्मानित भी किया। सीएम ने कहा कि इस आयोजन का महत्व इस वर्ष और अधिक हो गया। जिन बातों को लेकर अटल ने कभी लिखा था. हिंदू तन मन, हिंदू जीवन, रग.रग हिंदू मेरा परिचय् जिन मूल्यों व आदर्शों के लिए अटल जी ने जीवन जिया था, उसका मूर्त रूप प्रभु राम का भव्य मंदिर, 22 जनवरी 2024 को पीएम मोदी के करकमलों से इसका शुभारंभ होगा। यह भी अद्भुत संयोग है कि यह वर्ष अटल जी की जन्मतिथि का शताब्दी वर्ष भी है। 25 दिसंबर 1924 को अटल जी का जन्म हुआ था। पूरे वर्ष अनेक कार्यक्रम होंगे और 25 दिसंबर 2024 को भव्य समारोह देखने का अवसर भी हमें प्राप्त होगा।

सीएम ने कहा कि ऐसा व्यक्तित्वए जिसने मूल्यों व आदर्शों की स्थापना की। स्थिर सरकारें कैसे उपयोगी होती हैंए इसकी शुरुआत अटल जी ने 1998 से प्रारंभ की। आज वही परंपरा चल रही है। अटल जी ने बताया कि लंबे समय तक कार्य करते हुए भी मूल्योंए आदर्शों व प्रतिबद्धता से जनता. जनार्दन की सेवा कर सकते हैं। भारत के अंदरए भारत के अनुरूप विकास के बड़े.बड़े कार्यक्रमों को लागू कर सकते हैं। अटल जी ने यह करके दिखाया। घरेलू हो या विदेशी मोर्चा, अटल जी राह बनाते गए।

सीएम ने कहा कि अटल जी ने कहा था. मेरे प्रभु मुझे जितनी ऊंचाई कभी न देना कि गैरों को गले न लगा सकूं। उनकी संवेदना को देखें। हम बड़ी. बड़ी बातें करेंए लेकिन गरीबए आमजनए नौजवानए महिलाओं के लिए संवेदना समाप्त हो जाए तो उसे मनुष्य कहने का अधिकार नहीं है। अटल जी ने भारत की राजनीति को आइना दिखाया। नई दिशा दी। अटल जी के पास राजनीति का लंबा अनुभव रहा। डॉण् श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सानिध्य व दीनदयाल उपाध्याय के साथ मिलकर भारत की भावी राजनीति की जो रूपरेखा तैयार की गईए अटल जी ने सफलतापूर्वक उसकी आधारशिला खड़ी की। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उसी आधार पर नया स्वरूप हम सभी भारतवासी नए रूप में देख रहे हैं।

सीएम ने कहा कि अटल गीत गंगा से वर्ष भर के कार्यक्रम की शुरुआत हो गई। उन्होंने कहा कि अटल जी के शताब्दी महोत्सव पर राज्य सरकार भव्यता के साथ विकास खंड, ग्राम पंचायत, जनपद, कमिश्नरी, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, विधानसभा, राज्य स्तर पर बड़े-बड़े आयोजन करेगी। राज्य सरकार नए लोगों को आगे बढ़ने को प्रेरित करते हुए छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगी। स्कॉलरशिप जारी करेगी। अटल जी जैसे महान व्यक्तित्व को जनता.जनार्दन तक लाकर फिर से भारतीय राजनीति के मूल्यों को नई पीढ़ी की प्रेरणा के लिए रखने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि अटल जी पर शोध भी होना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अतिथियों का स्वागत किया। सुप्रसिद्ध कवि डॉ. कुमार विश्वास ने एकल काव्य पाठ किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, महापौर सुषमा खर्कवालए योगी सरकार के मंत्री डॉ. संजय निषादए दयाशंकर मिश्र दयालु, विधायक पंकज सिंह, नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश, रामचंद्र प्रधान, मुकेश शर्मा, अवनीश सिंह, पवन सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रए महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# 1541 ग्राम पंचायतों में चौपाल आयोजित

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण हेतु प्रदेश के प्रत्येक विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या.गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और इन ग्राम चौपालों के बहुत ही सार्थक परिणाम निखर कर सामने आ रहे हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता हैए वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1541 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गयाए जिनमें 5011 प्रकरणों का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों में 4401 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 8606 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे और इन चौपालो में 01 लाख 34 हजार से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। ग्राम्य विकास आयुक्त ने बताया कि 6 जनवरी 23 से अब तक 67865 ग्राम चौपालों का आयोजन किया जा चुका हैए जिनमें 49 लाख से अधिक ग्रामीण मौजूद रहे और लगभग 3 लाख से अधिक समस्याओं/प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

## राम मन्दिर लोकार्पण के अवसर पर हरिकीर्तन करेंगे लोकतंत्र सेनानी: यशवंत सिंह

लखनऊ। लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति के संरक्षक और विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने कहा है कि अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि मन्दिर के लोकार्पण के अवसर पर 22 जनवरी को लोकतंत्र सेनानी जहाँ हैं, वहीं हरिकीर्तन करेंगे। रविवार को चन्द्रशेखर चबूतरा, दारुलसफा लखनऊ पर हुई लोकतंत्र सेनानी कल्याण समिति की आन लाइन बैठक को सम्बोधित करते हुए समिति के संरक्षक और विधान परिषद सदस्य यशवंत सिंह ने कहा कि अयोध्या में राम जन्म भूमि मन्दिर का लोकार्पण का अवसर हर हिंदुस्तानी के लिए गौरव का अवसर है। प्रधानमंत्री गृह मंत्री और मुख्यमंत्री योगी की जितनी भी तारीफ की जाए, कम है। इस अवसर से जुड़ने का सबसे सरल साधन है हरिकीर्तन। इस जुड़ाव के लिए 22 जनवरी को सुबह से हर ओठ पर केवल एक स्वर गूंजे, हरे रामा, हरे रामा, रामा, रामा, हरे हरे।



# महाकुंभ से पहले प्रयागराज में बड़े हनुमान मंदिर का होगा कायाकल्प

● मेला क्षेत्र में स्थित लेटे हनुमान मंदिर की है पौराणिक महत्ता

● 40 करोड़ की लागत से मंदिर परिसर के कायाकल्प की योजना



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार 2025 में होने वाले महाकुंभ के अयोजन को यादगार बनाने में जुटी है। प्रयागराज में व्यापक स्तर पर परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इसी क्रम में महाकुंभ मेला क्षेत्र में स्थित बड़े हनुमान मंदिर के कायाकल्प का भी प्रस्ताव है। बड़े हनुमान मंदिर को लेटे हनुमान का मंदिर भी कहा जाता है। स्थानीय लोगों के साथ ही हर वर्ष देश और विदेश से लाखों लोग यहां हनुमान जी की विस्मित कर देने वाली छटा के दर्शन करने आते हैं। अधिक भीड़ होने पर यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती हैए इसलिए योगी सरकार ने महाकुंभ से पहले करीब 40 करोड़ की लागत से बड़े हनुमान मंदिर परिसर के कायाकल्प की योजना बनाई है। इसमें आसपास की जमीन को लीज पर लेकर मंदिर का विस्तार किया जाएगा। साथ ही पर्यटक सुविधाओं में भी इजाफा होगा।

योगी सरकार महाकुंभ के रूप में दुनिया के सबसे बड़े मेले के अयोजन की मेजबानी करने जा रही है। सरकार की मंशा है की यह आयोजन इतना दिव्य और भव्य हो कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह यादगार बन जाए। इसी क्रम में महाकुंभ की तैयारियों के साथ ही आसपास के धार्मिक स्थलों और पर्यटक स्थलों का भी विकास किया जा रहा है। लेटे हनुमान मंदिर के एक्जिक्यूशन प्लान को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी ;पीडीएद्ध के तहत इंप्लीमेंट किया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए हाई कोर्ट के रिटायर जस्टिस से लीगल ओपिनियन भी लिया गया है। योजना के तहत प्रयागराज मेला अथॉरिटी आसपास के इनक्रोच्ड एरिया को डिफेंस अथॉरिटी और कैंटोनमेंट बोर्ड से लॉन्ग टर्म के लिए लीज पर ले सकती है। इनक्रोच्ड एरिया का यूपी प्रयागराज मेला अथॉरिटी इलाहाबाद एक्ट 2017 के तहत उपयोग किया जा सकता है।

मंदिर के ले आउट प्लान के अनुसार, मंदिर का प्रवेश द्वार मल्टीपल एग्जिट वाला होगा। आसान आवागमन और बेहतर भीड़ प्रबंधन के साथ भगदड़ से बचने के लिए गर्भ गृह के आसपास 30 मीटर की खुली जगह रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की भी पुख्ता व्यवस्था होगी। लाइन में लगकर दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 9 मीटर का क्यू शेड भी लगाया जाएगा। एक समय में अधिक से अधिक लोगों को दर्शन कराने के लिए ओपन एयर थिएटर अवधारणा के साथ गर्भगृह का निर्माण किया आएगा। इसके अलावा परिसर में पुजारी स्थल, प्रसाद स्थल, यात्री शेड और भंडारा गृह भी होगा। सबसे पीछे की ओर एग्जिट डोर होगा। वीआईपी एंट्री और एग्जिट के साथ ही परिसर में बड़ी पार्किंग की भी व्यवस्था की जाएगी। मंदिर परिसर में आने वाले लोगों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाएगा। इसमें टॉयलेट, ड्रिंकिंग वाटर फैसिलिटीए शू रैक्स, साइनेज, बेंचेस जैसी आम जरूरत की चीजें भी होंगी। आरती स्थल और गेदरिंग हाल के साथ ही पूरा परिसर सोलर लाइट्स से जगमगाएगा। मंदिर परिसर के कायाकल्प और सौंदर्यीकरण के लिए तय एस्टीमेट के अनुसार 40 करोड़ से 48 करोड़ रुपए तक के खर्च का अनुमान है। इस प्रोजेक्ट की समय सीमा 10 माह है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से हर वर्ग को किया जा रहा समृद्धः केशव मौर्य

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कृषि विभाग, विद्युत विभाग, ग्राम विकास विभाग, राजस्व विभागए श्रम विभाग, बाल विकास पुष्टाहार, उद्योग विभाग, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम कौशल सम्मान निधि योजना, मिशन शक्ति, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की और बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य हर गांव हर नागरिक तक केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना हैए जिससे कोई भी पात्र किसी भी योजना के लाभ से वंचित ना रहे। समस्त विभागों को निर्देश दिये कि जो भी आवेदन स्टालों के माध्यम से यहां एकत्र किये है या पात्रता की सूची में उनका नाम है तो उस विभाग के अधिकारी उन्हें पात्रता के अनुसार लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

उप मुख्यमंत्री ने कृषकों से कहा कि पराली को खेत में ना जलाये और पराली को संबंधित कम्पनी को देकर उसका लाभ उठायें। किसानों से अपील की है कि गायों का दूध निकालने के बाद उन्हें खुला ना छोड़े। संबंधित अधिकारियो को निर्देश दिये कि निराश्रित गौवंश को पकड़कर गौआश्रय स्थल में रखा जाये। जो भी गन्ना कृषकों को भुगतान अवशेष है, उसे अति शीघ्र भुगतान कराया जाये।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी व राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के लाभार्थियों को चेक वितरण, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, शिशु मातृत्व एवं बालिका योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वस्थ्य बालक योजनाए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निपुण बच्चों, माध्यमिक शिक्षा विभाग के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। जनप्रतिनिधियों में सांसद संतोष कुमार गंगवार, महापौर डॉ. उमेश गौतम, विधान परिषद सदस्य कुवर महाराज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक नवाबगंज डॉ. एमपी आर्या, विधायक मीरगंज डॉ. डीसी वर्मा, पूर्व विधायक छत्रपाल गंगवार, पूर्व विधायक बहोरल लाल मौर्य, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दिर्विजन सिंह शाक्य, अधिकारियों में डीएम रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, परियोजना निदेशक डीआरडी, तेजवंत सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंहए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक वीके अरोड़ा, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सहित सम्बंधित अधिकारीगण व लाभार्थी उपस्थित रहे।

# देश में बड़े पैमाने पर बढ़ रहा है कालाधन : अखिलेश यादव

● नोटबंदी के बाद भ्रष्टाचार में वृद्धि हुईः सपा प्रमुख

● कन्नौज के सपा प्रबुद्ध समाज व महा ब्राह्मण समाज की पंचायत आयोजित



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते देश में नोटबंदी के बाद भ्रष्टाचार में वृद्धि हुई है। कालाधन बड़े पैमाने पर बढ़ रहा है। भारत को कर्जदार बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार से मुक्ति मिलने पर ही देश में खुशहाली आएगी। अखिलेश यादव आज यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में कन्नौज के प्रबुद्ध समाज तथा महा ब्राह्मण समाज पंचायत के प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा आज पीड़ित, वंचित समाज का अंग बन गया है। समाजवादी पार्टी उनके संघर्ष में साथ रहेगी। उनकी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी को साथ लेकर चलती है। आगे बढ़ने के लिए समाजवादी पार्टी का साथ दीजिए।

कन्नौज से आये ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि समाजवादी सरकार के समय ही जनपद में तमाम विकास कार्य हुए थे। भाजपा सरकार ने उन्हें बर्बाद कर दिया है। कन्नौज के कार्यकर्ताओं ने याद दिलाया कि कन्नौज में समाजवादी सरकार में आलू, चावल से वोदका बनाने, परफ्यूम पार्क स्थापित करनेए पैरामेडिकल कॉलेज की स्थापनाए उमरदा में काऊ मिल्क प्लांट लगाने के साथ फकीरे गांव में फ्री सोलर लाइट का प्लांट लगाया था। भाजपा ने जनपद के विकास पर तनिक भी ध्यान नहीं दिया। डॉ. राममनोहर लोहिया, नेताजी, अखिलेश यादव तथा डिम्पल यादव जी को कन्नौज की जनता ने जिताया था। यादव ने कहा कि कन्नौज से हम सबका पुराना रिश्ता है। यह रिश्ता अटूट रहेगा। कन्नौज ऐतिहासिक नगरी है। बैठक में कन्नौज से आए मनोज दीक्षित, पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय, मिलन भाई, हरितोष द्विवेदी, आलोक दुबे, आदित्य तिवारी, राकेश तिवारी, बबलू तिवारी, बामन तिवारी, जयकुमार तिवारी, अंकित त्रिपाठी, बृजधीर दुबे आदि ने अपने विचार व्यक्त कि, और अखिलेश यादव को 2024 के लोकसभा चुनाव में विजयी बनाने का संकल्प लिया।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का काम जनता को धोखा देना है। वह लोगों को गुमराह करने में माहिर है। भाजपा ने गरीबों के सम्मान को चोट पहुंचाई है। मुफ्त राशन बांटकर भाजपा गरीबों की गरीबी का मजाक उड़ाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में किसान परेषान है। नौजवान बेरोजगार है। जब किसानों को रोजगार देंगे तभी उनकी आमदनी बढ़ेगी।

यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास में भाजपा का कोई लेना देना नहीं है। पूंजीनिवेश के नाम पर सिर्फ तड़क भड़क सम्मेलन किए गए। जो एमओयू हुए वे जमीन पर उतरे नहीं। भाजपा विकास पर सिर्फपाखंड करती है। सपा धोखा नहीं देती है। अपने दो कार्यकाल में भाजपा सरकार ने एक भी अपनी योजना लागू नहीं की। एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल इलाज हेतु 108 और प्रसूताओं के लिए 102 नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा शुरू की गई थी जिसे भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है।

अपराध नियंत्रण के लिए यूपी डायल 100 और महिला अपराध नियंत्रण के लिए 1090 डायल सेवा शुरू की गई थी। इन सभी ऑनलाइन डायल अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की योजनाओं को भाजपा सरकार ने बर्बाद कर दिया है। जैसे यूपी डायल 100 को 112 बनाकर बर्बाद कर दिया है। एक्सप्रेस.वे पर कन्नौज के पास 100 एकड़ में मंडिया स्थापित की गई थी। यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में विश्वस्तरीय निर्माण कार्य किये गये। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस.वे बना। गोमती रिवरफ्रंट बना। गोमती रिवरफ्रंट गुजरात के साबरमती रिवरफ्रंट से गई गुना ज्यादा खूबसूरत है इसीलिए भाजपा सरकार ने गोमती रिवरफ्रंट को बर्बाद कर दिया।

# युवाओं, महिलाओं व किसानों की आवाज को मजबूत करने वाली है यूपी जोड़ो यात्राः राय

लखनऊ। 'यूपी जोड़ो यात्रा' रविवार को अपने पांचवे दिन प्रदेश के जनपद बिजनौर के नहटौर नगरए सेनी धर्मशाला से मेन बाजार होते हुये एजेन्सी चौकए पीर की चुंगी, हल्दौर चौराहा होते हुए नूरपुर रोड़ से नूरपुर की तरफ कूच किया। पूरी यात्रा के दौरान कांग्रेसजनों के हाथों में सरकार विरोधी नारेबाजी करते मंहगाईए बेराजगारी और लोकतंत्र की हत्या के विरोध में स्लोगन लिखी तख्तियां दिखाई दी। ग्राम चक गोवर्धन, आंकुए खण्ड साल, बाला पुर, कुंडा होते हुए नगर पालिका नूरपुर पहुंची जहाँ अमरोहा तिराहे पर 'यूपी जोड़ो यात्रा' का भव्य स्वागत किया गया।

यात्रा के दौरान कुण्डा, नहटौर, नूरपुर रोड, बिजनौर पर भारी तादाद में मौजूद कांग्रेसजनों और आम नागरिकों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी का जोरदार स्वागत किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री अजय राय ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'यूपी जोड़ो यात्रा' भाजपा के विभाजनकारी नफरत की राजनीति के खिलाफ युवाओं, महिलाओं, किसानों के हक की आवाज को मजबूत करने वाली यात्रा है। यह यात्रा आमजन के लिए संघर्ष और जन.जन से सम्पर्क और संवाद की यात्रा है। भाजपा ने जिस प्रकार से सामाजिक ताने बाने को खराब किया है, 'यूपी जोड़ो यात्रा' उसे सुधारने की एक पहल है। 'यूपी जोड़ो यात्रा' सभी वर्गो को आपस में जोड़ने की यात्रा है। नूरपुर अमरोहा तिराहे पर यात्रा जिले में समाप्त हो गई। यात्रा के दौरान भारी संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। कल अमरोहा जिले में लकड़ा चौराहे से यात्रा की शुरुवात होगी। जहां पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा शाह बिलायत दरगाह पर चादरपोशी एवं महात्मा गांधी व बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा।



## सपा प्रतिनिधि मण्डल 28 को जाएगा चित्रकूट

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल 28 दिसम्बर को चित्रकूट जायेगा। चित्रकूट के ग्राम लोढ़वारा निवासी हरीमोहन सिंह यादव पूर्व विधान सभा अध्यक्ष को भाजपा के पूर्व मंत्री की भतीजी के परिवार द्वारा राजनैतिक रंजिश और षड़यन्त्र के तहत प्रशासन द्वारा मकान ध्वस्त करा दिया गया और कृषि योग्य भूमि सीज कर दी गयी है। प्रशासन द्वारा उन्हे प्रताड़ित किया जा रहा है। पीड़ित परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम लोढ़वारा चित्रकूट पहुंचेगा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल है विशम्भर प्रसाद निषाद राष्ट्रीय महासचिव सपा, विशम्भर सिंह यादव विधायक बबेरू, डॉ. मान सिंह यादव सदस्य विधान परिषद, अनिल पटेल विधायक चित्रकूट, वीर सिंह पटेल पूर्व विधायक, शिवशंकर सिंह यादव जिलाध्यक्ष सपा चित्रकूट, निर्भय सिंह पटेल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी लोहिया वाहिनी, सत्यनारायण पटेल जिला महासचिव सपा, मो. गुलाब खान जिला उपाध्यक्ष सपा एवं नरेन्द्र यादव जिला उपाध्यक्ष सपा।

# पर्यटन मंत्री ने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर दीं शुभकामनाएं

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन सोमवार 25 दिसम्बर के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकमानाएं दी हैं। स्व. बाजपेयी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर जारी एक बधाई संदेश में जयवीर सिंह ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन सादगीए सरलता एवं सार्वजनिक जीवन में उच्च मापदण्डों को समेटे हुए था। जनता के प्रति उनके समर्पणए सेवा के भाव के कारण ही उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी बेदाग छवि एवं राजनीतिक शैली अनूठी थीए जिसके कारण उन्हें राजनीति में अजातशत्रु भी कहा जाता है।

पर्यटन मंत्री ने बधाई संदेश में यह भी कहा है कि अटल बिहारी वाजपेयी भारत के एक समर्पित सपूत थे। सार्वजनिक जीवन में उनके द्वारा स्थापित की गई राजनीतिक कार्यशैली एवं परम्परा आज के राजनीतिज्ञों के लिए एक संदेश है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को उनके बताये हुए मार्ग चलते हुए देश को सशक्त बनाने में जुट जाना चाहिए। इसके साथ ही पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रभु यीशु के जन्मदिन 25 दिसम्बर, के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों खासतौर से ईसाई समुदाय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है और उनके सुख समृद्धि की कामना की है। प्रभु यीशु के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर दिए गए शुभकामना संदेश में जयवीर सिंह ने कहा है कि प्रभु यीशु का क्षमा, दया एवं करूणा का संदेश आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि विश्वशांति एवं मानवता के उद्धार के लिए उनके संदेशों पर अमल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत सदियों से शांति का पुजारी है और इसी वजह से विश्वगुरू कहा जाता था। उन्होंने प्रभु यीशु के जन्मदिन को शांति एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण मनाये जाने की कामना की है।



# प्रधानमंत्री की प्रशंसा से मेरा संकल्प और मजबूत हुआः चंदा देवी

लखनऊ( भाषा )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया वाराणसी दौरे में उनसे संवाद कर सुर्खियों में आईं लखपति दीदी के नाम से मशहूर चंदा देवी का कहना है कि प्रधानमंत्री की प्रशंसा ने सरकारी योजनाओं का उपयोग करने वाली साथी बहनों के उत्थान के लिए काम करने के उनके संकल्प को और मजबूत किया है। सरकारी योजनाओं से परिवार की जीवन शैली और किस्मत बदलने वाली मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के सेवापुरी विकास खंड के रामपुर गांव की निवासी 35 वर्षीय चंदा देवी के आत्मविश्वास और उनके धारा प्रवाह भाषण की शैली की प्रधानमंत्री ने सराहना की थी। चंदा देवी ने तब लोगों का और ज्यादा ध्यान आकर्षित किया जब मोदी ने उनसे पूछा कि आप इतना बढ़िया भाषण दे रही हो, क्या चुनाव लड़ोगी ?।

चंदा देवी ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि वह प्रधानमंत्री से आमने-सामने बातचीत करेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 18 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बरकी ग्राम सभा में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करते हुए चंदा देवी से सबसे ज्यादा देर तक बात की और बाद में रैली को संबोधित करते हुए भी उनकी सराहना की। रैली में मोदी ने कहा, आज अभी यहीं हमारी एक बहन चंदा देवी का मैंने भाषण सुना, इतना बढ़िया भाषण था, यानी मैं कहता हूं बड़े-बड़े लोग भी ऐसा भाषण नहीं कर सकते।

चंदा देवी ने बातचीत में कहा, चुनाव लड़ने के लिए कहे जाने की बात तो दूर मैंने तो प्रधानमंत्री से मिलने के बारे में भी सपने में नहीं सोचा था। यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है कि मैं उनसे मिली और आठ से नौ मिनट तक बातचीत करने का मौका भी मिला। चंदा देवी के आत्मविश्वास और वाक्पटुता से प्रभावित होकर प्रधानमंत्री ने उनसे उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि के बारे में पूछा और यह भी पूछा कि क्या इतना बढ़िया भाषण दे रही हो, क्या कभी चुनाव लड़ी हो? उनके नहीं कहने पर मोदी ने पूछा कि क्या भविष्य में चुनाव लड़ोगी ?, इस पर चंदा देवी ने इनकार किया।

चंदा देवी पिछले एक दशक से राधा महिला सहायता समूह से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा, मैं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद आत्मनिर्भर बन गई हूं और अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हूं। बैंक सखी के रूप में काम करके मैंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा मेरी प्रशंसा करना और चुनाव लड़ने के लिए कहना उनकी महानता को दर्शाता है। उनके इस कदम से मुझे बहुत खुशी और संतुष्टि हुई है। इससे मेरी साथी बहनों और मेरे परिवार की जीवनशैली को और बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने का मेरा संकल्प और मजबूत हुआ है।

चंदा ने बताया कि उनके परिवार में कुल पांच सदस्य हैं और समूह से जुड़ने से पहले उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, इसलिए उनका रहन-सहन, खान-पान, शिक्षा व्यवस्था ठीक नहीं थी। चंदा देवी ने कहा कि एक दीदी ने उन्हें समूह के बारे में जानकारी दी और इस समूह से जुड़कर 15 हजार रुपए कर्ज लेकर सब्जी की खेती शुरू की और उन्हें 30 हजार रुपए मुनाफा हुआ। जैसे-जैसे उनकी खेती ने लाभ देना शुरू किया, उनकी आर्थिक और रहने की स्थिति में सुधार हुआ। उन्होंने एक बैंक सखी के रूप में भी काम करना शुरू किया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में और सुधार हुआ और वह आत्मनिर्भर बनीं। उन्होंने कहा कि अब वह सालाना 1.30 लाख रुपए बचाती हैं और लखपति दीदी बन गई हैं और चाहती हैं कि सरकार महिला सशक्तिकरण को और बढ़ावा दे। बेहतर वित्तीय स्थिति के कारण अपने जीवन में आए बदलाव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, पहले हमारे पास जो होता था वही खाते और पहनते थे, लेकिन अब हमें क्या खाना है और क्या पहनना है इसका विकल्प मौजूद है। आज मैं अपने बच्चों से पूछती हूं कि वे क्या खाना चाहते हैं और इसमें सुधार कर सकते हैं। चंदा ने जोर देकर कहा, पहले हमें केवल वही खाने को मिलता था जो हमारे पास होता था और चुनने का कोई विकल्प नहीं होता था। प्रधानमंत्री से मुलाकात पर उन्होंने कहा, ऐसा लग रहा था जैसे मैं स्क्रीन पर कोई फिल्म देख रही हूं। मैं सिर्फ इस बात से खुश हूं कि मैं उनसे मिल पाई। जब वह हमारे बीच आए तो हम आशंकित थे लेकिन उन्होंने बहुत सहज व्यवहार किया। उन्होंने कहा, हमें तो उनसे बातचीत करके बहुत अच्छा लगा और यह लगा कि हम उनके साथ ऐसे जुड़े हैं, जैसे वह हम में से ही एक हों।

# टीम भावना सराहनीय: पाठक

## आयुष्मान भारत व प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में असपताल ने किया उत्कृट कार्य

- आयुष्मान भारत, पीएम जन आरोग्य योजना में लाभार्थियों को दिया सर्वाधिक लाभ


डा. अमन सिददीकी को प्रशस्ति पत्र देते डिप्टी सीएमओ।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** एक न्यूज चैनल द्वारा लखनऊ स्थित होटल रेडिसन में आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जनपद में लाभार्थियों को सर्वाधिक लाभ देने के लिए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अमन हॉस्पिटल की चिकित्सक को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

यह जानकारी रविवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थित अमन हास्पिटल में डॉ. शरद द्विवेदी एवं डा. अमन सिददीकी ने संयुक्त रुप से दी। बताया कि उनके द्वारा आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करते हुए लाभार्थियों को सर्वाधिक लाभ पहुंचाने पर आज न्यूज चैनल द्वारा लखनऊ के होटल रेडिसन में आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित कैविनेट के कई मंत्रियों ने सराहना की। वहीं डा. सिददीकी नें बताया कि यह सम्मान हॉस्पिटल परिवार से जुडे चिकित्सकों व कर्मियों की टीम भावना के साथ कार्य करनें पर मिला है। इस दौरान डा. फरोग सिददीकी, डा. जुबैर सिददीकी सहित तमाम अस्पताल कर्मी मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

**फतेहपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बहुआ ब्लाक के महमदपुर व पहाड़पुर गांव पहुंची। इस दौरान गांव में आयोजित चौपाल में अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। पहाड़पुर में लगी चौपाल के दौरान विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि भारत में विकास नया कीर्तिमान बन रहा है। गांव से लेकर शहर तक एक सामान विकास को रफ्तार दी जा रही है। किसानों के हित को देखते हुए उनके खाते में सम्मान निधि भेजने के साथ ही खाद, बीज की उपलब्धता पर्याप्त की जा रही है, पूर्व की सरकारों में किसानों को खाद बीज के लिए आंदोलन करना पड़ता था। अब सुविधा और स्वास्थ्य जरूरतमंदों को घर तक पहुंचाया जा रहा है। मूलभूत सुविधाओं के साथ भारत के गौरवशाली संस्कृति को सरकार संवारने का काम कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा एक मिशन लेकर निकली है। अब लोग भ्रष्टाचार, लूट की नहीं, विकास के मुद्दों पर सरकार से बात कर रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व पटल पर भारत की नई पहचान बनाई है। एक सशक्त देश बनकर भारत विश्वमंच पर आया है। भाजपा नेता प्रकाश गुप्ता, पहाड़पुर प्रधान सिद्धनाथ तिवारी, महमदपुर प्रधान बद्री प्रसाद, सचिव राघवेन्द्र प्रसाद, एडीओ एजी सुशील पाल, पूर्ति निरीक्षक सिद्धांत सौरभ भूषण, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. उपेन्द्र पटेल, एमओआईसी शैलेन्द्र गौतम, प्राशिसं अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह सेंगर, प्रधानाध्यापक लाल बहादुर सिंह, सीएचओ सरला पाल, एएनएम सरिता राजपूत, कृषि विभाग से गौतम व विनीत प्रजापति, पंचायत सहायक योगेंद्र द्विवेदी एवं ज्ञान सिंह चौहान सहित सभी विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# जनवरी में खाद्यान्न वितरण का होगा बहिष्कार

- कोटेदारों के महा सम्मेलन में हुआ निर्णय

**संवाददाता।** फतेहपुर



**आल** इंडियन फेयर प्राइस शाप डीलर एसोसिएशन के बैनर तले जिले के कोटेदारों का महासम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें निर्णय लिया गया कि जनवरी माह में खाद्यान्न वितरण का बहिष्कार किया जाएगा। प्रदेश नेतृत्व के अगले आदेश तक जिले में खाद्यान्न वितरण नहीं होगा। महासम्मेलन की अध्यक्षता उमेश त्रिवेदी व भारत साहू ने संयुक्त रूप से की। जिसमें तीनों संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी, कमलेश मिश्र व रामनारायण ने हिस्सा लिया। उपस्थित कोटेदारों ने तीनों प्रदेश अध्यक्षों का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्षों ने कहा कि कोटेदार लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन उनकी एक भी मांग आज तक पूरी नहीं की गई। नेताओं ने कहा कि यदि कोटेदारों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो जनवरी माह में खाद्यान्न वितरण पूरे प्रदेश में नहीं होगा। प्रदेश नेतृत्व के अगले निर्णय तक जिले में सभी खाद्यान्न वितरण नहीं किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। नेताओं ने कोटेदारों को एकजुटता का पाठ भी पढ़ाया। कहा कि किसी भी हाल में संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। तभी समस्याओं का निस्तारण होगा। महासम्मेलन का संचालन राजकुमार सिंह ने किया। इस मौके पर मानवेंद्र, उमाशंकर तिवारी, दिनेश सिंह, लल्लन पाल, ओम प्रकाश, दयाशंकर मिश्र, विकास सिंह, भरत पटेल, अनुज, लक्ष्मकांत बाजपेई भी उपस्थित रहे।

# उर्वरकों का ड्रोन स्प्रे प्रदर्शन दिखाकर किसानों की दी जानकारी

**संवाददाता।** फतेहपुर

**विकसित** भारत संकल्प के साथ केंद्र सरकार द्वारा कृषि तकनीकी का प्रयोग कर किसान की आय दोगुनी हो सके इसको लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रविवार को असोथर नगर पंचायत की किसान विभा अग्निहोत्री व मनोज सिंह के सरसों के खेतों में इफ्को नैंनों व सागारिका रसायन का छिड़काव किसानों की उपस्थिति में किया गया। सुदूरवर्ती यमुना कटरी के गांव जरौली में महिला कृषक मंजू सिंह के पीले सरसों व चने के खेतों में सागारिका का कुशल ड्रोन स्प्रे प्रदर्शन किया। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की आय कैसे दोगुनी हो इस पर सरकार कितनी गंभीर है विषय पर रोशनी डाली। बताया कि आज देश वैश्विक स्तर पर शिषरोन्मुख है जिसमें तकनीकी खेती का महत्वपूर्ण योगदान है। आज की वर्तमान केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा किसानों को बीज व उर्वरक के साथ ही इनके संतुलित प्रयोग विधियों का प्रदर्शन किसान के खेत में और किसानों की मौजूदगी में किया जा रहा है जिसके कारण आज किसान कृषि को आसानी से कर रहे हैं। इस अवसर पर इफ्को क्षेत्र कृषि प्रदर्शक पवन पटेल, स्पेंड्रोन चालक निर्मल कुमार, किसान आदित्य अग्निहोत्री, क्षेत्र के प्रगतिशील किसान जयदेव सिंह गौतम, अखिलेश सिंह, नवीन सिंह, कमलेश तिवारी, सौरभ अग्निहोत्री, विवेक भदौरिया, दुर्गा प्रसाद दीक्षित, प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, मुन्ना, जगरूप निषाद, अनमोल निषाद बुद्धू सिंह सहित किसान बंधु उपस्थित रहे।

# शान्ति व्यवस्था व जनसुरक्षा बनाये रखने को धारा 144 लागू

**कानपुर देहात।** इस वर्ष 25 को किसमस डे व 31/12/2023 व 01/01/2024 को नववर्ष मनाया जायेगा। उक्त पर्वो को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण मनाये जाने एवं इस मध्य पड़ने वाली परीक्षाओं आदि के दृष्टिगत जनपद में लोक व्यवस्था/शान्ति व्यवस्था एवं जनसुरक्षा बनाये रखना अति आवश्यक है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की 144 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्था शान्ति व्यवस्था जनाएवं को सामान्य बनाये रखने की दृष्टि से जनपद की सम्पूर्ण सीमा में इसके अन्तर्गत पड़ने वाले समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र हेतु निम्नलिखित निषेधाज्ञा पारित की है कि जनपद कानपुर देहात में किसी भी व्यक्तिध्संस्था/संगठन द्वारा किसी कार्यक्रम/माध्यम से साम्प्रदायिक सद्भाव व सामाजिक सौमनस्य को बिगाड़ने का प्रयास नहीं किया जायेगा।

जनपद में कोई भी ड्रोन कैमरा का प्रयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त कि बिना नहीं लेगा, किन्तु सुरक्षा एजेन्सियां इससे मुक्त रहेंगी। ड्यूटी पर तैनात शासकीय कर्मचारियों /अधिकारियों और अन्य कर्मियों जो शासकीय पत्र धारण करने हेतु अधिकृत हैए को छोड़कर कोई भी व्यक्ति आग्नेय अस्त्र, विस्फोटक पदार्थ, लाठी भाला अथवा तेज धार वाले हथियार लेकर सार्वजनिक रूप से न तो विचरण करेगा और न किसी प्रकार से ऐसे अस्त्र.शस्त्रों का प्रदर्शन करेगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा जिसका उद्देश्य किसी विधि विरुद्ध गतिविधि में भाग लेना हो।

किसी भी चार पहिया या अन्य छत वाले वाहनों की छत पर कोई यात्री यात्रा नही करेगा और दो पहिया वाहनों पर 02 से अधिक व्यक्ति तथा अन्य वाहनों पर निर्धारित यात्रियों से अनेक यात्री यात्रा नही करेगे। कोई भी व्यक्ति/नवयुवक मोटर वाहन अधिनियम 1988 का उल्लंघन नही करेंगा और न ही मोटर साइकिल आदि पर सवार होकर हुडदंग करते हुए मार्ग/यातायात बाधित करेगा और करायेगा। कोई भी व्यक्ति/संस्था/संगठन/दल/ समूह आदि द्वारा फूहडए अश्लील/जन मान्य को भडकाने वाला कोई भी गाना न गाया जायेगा और न ही बजाया जायेगा। सार्वजनिक स्थलों पर पानए गुटखाए सिगरेट एवं अन्य नशे की सामग्री का सेवन वर्जित रहेगा।

कोई भी व्यक्ति/संगठन सार्वजनिक/धार्मिक स्थलों के आस.पास खुलेआम मांस आदि नहीं फेंकेगा और न ही किसी भी प्रकार का मदिरापान आदि किया जायेगा और न ही नशे व हालत में सार्वजनिक स्थान पर भ्रमण करेगा। कोई भी व्यक्ति कोविड.19 प्रोटोकाल एवं सोशल डिस्टेसिंग नियम का न तो उल्लंघन करेगा और न ही किसी को उल्लंघन करने हेतु दुष्प्रेरित करेगा।कोई भी नई परम्परा अथवा जुलूस आदि के नये रास्ते कदापि न अपनाये जाये और न ही जुलूस/कार्यक्रम के दौरान लोक व्यवस्था के प्रतिकूल आपत्तिजनक एवं अवैधानिक गतिधियों की जाये।

# असेंट पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव शिक्षांस्कृति का आयोजन

संवाददाता घाटमपुर-नगर के जहानाबाद रोड पर स्थित असेंट पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव शिक्षांस्कृति का आयोजन किया गया जिसमें घाटमपुर क्षेत्र की बिधायक श्रीमती सरोज कुरील मुख्य अतिथि के रुप में पंहुची, बिधायक पति सत्य प्रकाश कुरील, बिद्यालय के चेयरमैन रमेश बर्मा, सचिव संदीप बर्मा, प्रबन्ध समिति की सदस्या श्रीमती आरती बर्मा एंव कार्यकारी निदेशक प्रो0 अंकुर जैहरी द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित करने के साथ मॉ सरस्वती के चि्त्र पर माल्यार्पण कर किया गया। वार्षिकोत्सव में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देश के बिभिन्न प्रदेशों की झाकिॅया भी सजाई, इस अवसर छात्र-छात्राओं सांस्कृतिक गीत व अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये, बिद्यालय के प्रबन्ध रमेश बर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बिघालय की प्रगति आख्या और समय-समय पर होने वाले बिद्यालय में आयोजनों की जानकारी दी। तथा कहा कि बिद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम येसे होते हें जिससे बच्चों में सहयोग की भावना और आत्म बिश्वास बढे। सचिव संदीप बर्मा और प्रधानाचार्य मुकेश माथुर ने भी संवोधित किया।

## क्विक न्यूज

### ठगी के मामले में आरोपी के घर 82 की नोटिस चस्पा

**बिंदकी (फतेहपुर)।** दवा कंपनी की फ्रेंचाइजी लेने के नाम पर एक व्यक्ति से तीन आरोपियों ने 11.94 लाख की ठगी की। तीन आरोपियों के खिलाफधोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था जिसमें दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। एक महिला आरोपी फरार है, जिसके लखनऊ स्थित घर में पुलिस ने धारा 82 की नोटिस चस्पा की है। नगर के मोहल्ला ठठराही निवासी बृजेश शर्मा पुत्र आदित्य शर्मा से दवा कंपनी की फ्रेंचाइजी के नाम पर रामनारायण भारतेंदु गुप्ता तथा दीपा गुप्ता पत्नी भारतेंदु गुप्ता ने 11.94 लाख रुपए की ठगी की थी। पीड़ित बृजेश शर्मा ने 9 फरवरी 21 को तीनों आरोपियों के खिलाफधोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। रविवार को कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक नीरज कुशवाहा ने बताया कि दो आरोपी राम नारायण व भारतेंदु गुप्ता पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं, जबकि तीसरी आरोपी दीपा गुप्ता लगातार फरार चल रही थी। फरार आरोपी दीपा गुप्ता पत्नी भारतेंदु गुप्ता के लखनऊ के मोहल्ला सरदारी खेड़ा आलमबाग स्थित उसके घर में धारा 82 की नोटिस चस्पा की गई है, फरार महिला आरोपी को न्यायालय में हाजिर होने की बात कही गई है। कहा कि यदि समय रहते महिला आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं हुई तो कुर्की की भी कार्रवाई की जाएगी।

### पलिया विधायक ने जनता दरबार में समस्याओं को सुनकर किया निस्तारण



गोलागोकर्णनाथ ;खीरीद्ध पलिया विधायक रोमी साहनी ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और गरीब जरूरतमंदों को पचास हजार रूपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान किया। पलिया के अमित कुमार को इलाज के लिए दस हजार रूपए की आर्थिक मदद दीए पलिया के ही लालता प्रसाद की बेटी की शादी में 10ए000 दस हजार रूपए की आर्थिक सहायता दीए दुर्घटना में घायल मोहित पुत्र सुब्बा ग्राम सूड़ा को विधायक रोमी साहनी ने पांच हजार रूपए की आर्थिक मदद दीए ग्राम बम्हनपुर मृतक खुशीराम पुत्र नोखे के बेटे बबलू को पांच हजारए ग्राम एबीपुर ग्रंट न011 को तीन हजारए ग्राम विशेनपुरी की सुदामी को दिए दो हजार रूपएए पलिया के शिवचरन की बेटी शादी के लिए दिए दो हजारए ग्राम मुरारखेड़ा की गीता देवी को इलाज के लिए दो हजार रुपए दिये।

# जयपुरिया के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बिखरी इंद्रधनुषी छटा

**फतेहपुर।** मलवां कस्बा स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में वार्षिकोत्सव अभिव्यक्ति-23 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सी. इंदुमती ने शिरकत की। साथ ही बड़ी संख्या में अभिभावकों के अलावा गणमान्य व्यक्तियों ने समारोह स्थल पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद उठाया। मुख्य अतिथि के आगमन के साथ दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। उसके बाद सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व गणेश वंदना हुई। प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्यों के अलावा प्रबंधिका रंजना सिंह व प्रधानाचार्य संग्राम सिंह भदौरिया ने जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ, शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुषी छठा बिखेर दी। डीएम ने कहा कि मेहन व लगन से पढ़ाई करके अपने विद्यालय के साथ-साथ गुरूजनों व अभिभावकों का नाम रोशन करने का काम करें।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने केक सहित कई खाद्य पदार्थो के सैंपल लिए

**फर्रुखाबाद।** क्रिसमस के त्योहार को देखते हुए एफएसडीए टीम नें विभिन्य खा। सामग्री के नमूने लिये। जिससे हड़कंप मच गया।क्रिसमस पर्व के दौरान विशेष रूप से विक्रय होने वाले खा। पदार्थ केक, पेस्ट्री, विभिन्न फ्लेवर के स्पेशल क्रिसमस ड्राई केक्स सहित अन्य बेकरी उत्पाद व इनके निर्माण में प्रयोग होने वाले खा। पदार्थ मैदा, क्रीम, कोकआ पाउडर, चॉकलेट, सिरप, ऐसेन्स, फ्लेवरिंग ऐजेन्ट, क्रीम में प्रयुक्त होने वाले कलर तथा बाजार में बिकने वाले विभिन्न प्रकार के रेडी टू मेक केक मिक्स में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए अभियान सहायक आयुक्त (खा।) द्वितीय सैय्यद शाहनवाज हैदर आबिदी के निर्देशन एवं मुख्य खा। सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खा। सुरक्षा अधिकारी बिजेन्द्र कुमार, विमल कुमार व आशीष कुमार वर्मा द्वारा कार्यवाही की गयी।

## इन दुकानों पर लिए गये नमूने

रेलवे रोड कायमगंज पर स्थित इरशाद मंसूरी पुत्र छग्गन मंसूरी के खा। प्रतिष्ठान मेसर्स खुशबू बेकरी से खा। पदार्थ खा। रंग केसर यलो व मैदा का एक-एक नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया। कायमगंज मतलूब मार्केट स्थित मोहम्मद महफूद्द पुत्र मोहम्मद जलालुद्दीन के खा। प्रतिष्ठान वेल टेस्ट जोन बेकर्स एण्ड कैफे से खा। पदार्थ प्रीमियम डार्क कम्पाउण्ड स्लैब (ब्राण्ड डेनाली) का एक नमूना,रेलवे रोड कायमगंज स्थित पवन अरोरा पुत्र जगत राम अरोरा के खा। प्रतिष्ठान न्यू मार्डन बेकरी पिज्जा हाउस से खा। पदार्थ व्हिप्ड टॉपिंग का 1 नमूना, कमल मार्केट, ट्रांसपोर्ट चौराहा कायमगंज स्थित विपिन कुमार पुत्र दफेदार सिंह के खा। प्रतिष्ठान द केक फास्ट बेकर्स से खा। पदार्थ केक का 1 नमूना जाँच हेतु संग्रह किया गया।

# पूर्व मंत्री प्रभा द्विवेदी की स्मृति में पांचाल पर्व के रूप में काव्य गोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद




**पूर्व मंत्री** स्व.प्रभा द्विवेदी जी की स्मृति में पांचाल पर्व के रूप में काव्य गोष्ठी का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रविवार को कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय कवि डॉक्टर शिवओम अम्बर के नुन्हाई स्थित आवास पर आयोजित काव्य गोष्ठी का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राम शंकर अवस्थी की वाणी वंदना से शुरू हुए कार्यक्रम में युवा कवि उत्कर्ष अग्निहोत्री ने मौन मन में नमन किया मैंने, प्यास का यों शमन किया मैंने। रूप का देवता मिला जब भी, दृष्टि से आचमन किया मैंने स्व. ब्रह्मदत्त द्विवेदी मंजुल जी की पंक्तियां पढ़ीं और उनकी कविताओं का पाठ किया। कवयित्री स्मृति अग्निहोत्री ने क्या मिला प्रतिशोध से जो था चला वह भी गया, बंध गये ये केश लेकिन गोद सूनी हो गयी। द्रोपदी पर लिखी कविता पढ़ी। भारती मिश्रा ने अब डालियाँ जड़ों को मुँह चिढ़ाती हैं तुम हो नीचे और हम ऊपर यह बताती हैं। प्रीति तिवारी ने कहा कि ख्वाब में एक सूरत नजर आ गई आपकी जिसमें सूरत नजर आ गई जिंदगी भर आपको पूजने के लिए आपकी जरूरत नजर आ गई।

अंचल सक्सेना ने कहा कि ज्ञान अंधकार में है अज्ञानता का चरम, सत्य धूमिल हो रहा असत्य का है चलन। मधु गौड़ ने कहा कि तबियत कुछ ठीक नहीं है बैचौनी है कल से, याद तुम्हारी नहा कर आ गई आंखों वाले जल से। नगर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कार्यक्रम में आने वालों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कैलाश मिश्रा, सदा नंद शुक्ल, सौरभ सारस्वत, यशवंत सिंह, शिवम पांडेय, अलका पांडेय, कविता तिवारी, बिंदु दुबे, मधुरिमा द्विवेदी, अशोक मिश्रा, निहारिका पटेल, राम मोहन शुक्ल, राम अवतार शर्मा इंदु, आदि मौजूद रहे।

# संकल्प विकसित भारत के तहत छेदुई पतिया व मुर्गहा में कार्यक्रम सम्पन्न



?निघासन खीरी। विधानसभा में सरकार द्वारा निरंतर अभियान हमारा संकल्प विकसित भारत चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत छेदुई पतिया व मुर्गहा में भारत संकल्प विकसित संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें विकसित भारत संकल्प रथ के द्वारा सरकार की योजना के बारे में जगह जगह लोगों को जागरूक किया गया।इस कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री मा0 अजय मिश्र टेनी जी के सानिध्य में ग्राम पंचायत छेदुई पतिया के विद्यालय में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम निरंतर नागेन्द्र सिंह सेंगर के संयोजन में चलाया जा रहा है।कार्यक्रम में पहुंचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिथि पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दयाशंकर मौर्य रहे।कार्यक्रम में सभी विभाग के लोगों ने स्टाल लगाकर लोगों को बारी बारी से जानकारियां दी गई। मुख्य अतिथि दयाशंकर मौर्य ने सरकार की योजनाओं के बारे में खूब बखान किया। कार्यक्रम का संबोधन करते हुए संयोजक नागेन्द्र सिंह सेंगर ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत पांच लाख तक का इलाज मुफ्त में आयुष्मान कार्ड को अन्तर्गत कराया जाएगा और किसान सम्मन निधि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत पात्र लोगों को आवास मिल रहा है आप सभी को विकसित भारत बनाना है। तो मोदी जी को 2024 में प्रधानमंत्री बनाना है। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक वेद प्रकाश मौर्य ने किया।इस दौरान रतीराम लोधीए जिलापंचायत सदस्य संजय गिरिएप्रधान प्रधान सुभाषए रामनिवासएरमेश गुप्ताएशुकलाम्बबर शुक्लाए धर्मेंद्र चौधरीएआदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# बरामद की पॉच वर्ष पूर्व चोरी की गई बाइक



गुरसहायगंज (कन्नौज)। पुलिस अधीक्षक अमित कमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्गदर्शन एवं सदर क्षेत्राधिकारी डा. प्रियंका बाजपेई के पर्यवेक्षण में कोतवाली पुलिस द्वारा संदिग्ध/वाहन चेकिंग के दौरान युवक के चोरी की बाईक, तमंचा व कारतूसों को बरामद किया है। रविवार को प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में कस्बा प्रभारी राबिन सिंह, उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह नें हमराह सिपाहियों कुलदीप कुमार, दीपांशु गंगवार, गजेन्द्र यादव के साथ नगर के चौराहा पर वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक पुलिस बल देखकर भाग खडा हुआ जिसे आवश्यक बल प्रयोग कर दबोच लिया गया। युवक के पास से पड़ोसी जनपद हरदोई से 5 वर्ष पूर्व चोरी की गई बाइक, एक 12 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद किये। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम राम लखन पुत्र अंगद सिंह निवासी ग्राम गढ़िया कछपुरा बताया है। पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने कार्रवाई की गई। उधर उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह नें रामाश्रम में वाहन चेकिंग के दौरान 11 वाहनों के चालान काटे।

# अब बांदा में भी हो रहा बेहतर उपचार



बाँदा। मेडिकल कालेज बनने के बाद से चिकित्सा के क्षेत्र में लगातार नई नई उपलब्धियाँ देखने को मिल रही हैंए जिससे बांदा और उसके आस पास के मरीजों को बड़े शहरों में भटकना नहीं पड़ रहा, बल्कि कई मरीज तो बड़े शहरों से मायूस हो कर जब बांदा वापस आ रहे हैं तो उनका भी उपचार यहं हो रहा है, जो बांदा के लिए किसी उपलब्धि से कम नहीं है । ऐसा ही एक लिंग कैंसर का मामला रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में देखने को मिला । बबेरू तहसील के पल्हरी गांव का रहने वाला लक्ष्मण प्रसाद 28 वर्ष पुत्र श्री राम प्रसाद काफी समय से लिंग कैंसर से पीड़ित था लक्ष्मण कानपुरए प्रयागराज आदि कई बड़े शहरों में इलाज कराने गया लेकिन कही उसका उपचार नहीं हो पायाए तब वो पिछले हफ्ते बांदा के रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के सर्जरी विभाग में कार्यरत यूरो सर्जन डाक्टर सोमेश त्रिपाठी से मिला डाक्टर सोमेश त्रिपाठी ने जब लक्ष्मण की जांचें कराई तो लिंग कैंसर की पुष्टि हुई डाक्टर सोमेश ने लक्ष्मण को तुरंत ऑपरेशन कराने की सलाह दी लक्ष्मण कई बड़े शहरों से थक हार कर वापस आया था तो वो तुरन्त ऑपरेशन कराने को तैयार गया और सोमेश त्रिपाठी और उनकी टीम ने लगभग ढाई घण्टे चले ऑपरेशन के बाद लक्ष्मण के लिंग से कैंसर निकाल कर अलग कर दिया कुछ समय चिकित्सीय सेवा में रखने के बाद लक्ष्मण को शुक्रवार को छुट्टी दे दी गई और वो खुशी खुशी अपने घर चला गया। डाक्टर सोमेश ने अपनी योग्यता से लक्ष्मण की सर्जरी के बाद उसके लिंग को इस तरह से बना दिया जिससे उसकी दैनिक क्रियाएं भी प्रभावित नहीं हुई । यूरो सर्जन डाक्टर सोमेश त्रिपाठी ने इस सफल ऑपरेशन के बारे में बताया कि उनके मेडिकल कालेज बांदा के लगभग दो ढाई साल के कार्यकाल में ये पहला लिंग कैंसर का ऑपरेशन हैए शायद ये बांदा के चिकित्सा के इतिहास का भी पहला लिंग कैंसर का सफल ऑपरेशन होगा ।

# बच्चों ने किया अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन



निघासन। नगर पंचायत निघासन में झंडी रोड पर स्थित नंदीश्वर बाबा स्थान पर चल रहे श्री राम लीला मेला में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने भाग लेकर अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।निघासन में चल रहे राम लीला मेला में बच्चों में निखार लाने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की आकृति वर्माए टुकटुक मौर्याए आराध्या वर्मा के साथ. साथ जिला पंचायत इंटर कॉलेजए द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कॉलेजए ओम साईं पब्लिक स्कूलए मां भारती जूनियर हाईस्कूलए निघासन मॉडर्न एजुकेशनल स्कूलए महंत गुरूचरण दास शिक्षण संस्थानए ठाकुर प्रसाद सरस्वती शिक्षा निकेतनए मॉडर्न गुरुकुल एकेडमीए इंडियन पब्लिक स्कूलए बीण् सीण् पब्लिक स्कूलए आदर्श जनता विद्यालयए शिवम आदर्श बाल विद्या मंदिरए शांति देवी ज्ञानोदय जूनियर हाईस्कूलए आदि विद्यालयों के बच्चों ने भाग लेकर अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए समाज के उत्थान के लिए नृत्यएगीतए एकांकी आदि की मनमोहक झांकियां की प्रस्तुति देकर आए हुए आगंतुकों का मन मोह लियाए जिसमें कार्यक्रम समापन पर निर्णायक डाण्निरुपमा दीक्षितए डाण्सुधा रावतए वैष्णवी पाण्डेय ने ओम साईं पब्लिक स्कूल निघासन को प्रथमए ठाकुर प्रसाद सरस्वती शिक्षा निकेतन गौढ़ी पुरवा को द्वितीयए जिला पंचायत इंटर कॉलेज निघासन को तृतीय घोषित किया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यालयों बच्चों को एवं साथ में आए हुए प्रधानाचार्यो कोए मेला मुख्य आयोजक प्रदीप गुप्ता ए कार्यवाहक अध्यक्ष सुरजीत सिंह चानीए मेला कमेटी के महामंत्री केण्केण्मौर्य ए कोषाध्यक्ष मनोज वर्माए ने पुरुस्कार देकर उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं प्रदान किया।

# मार्ग दुर्घटना में मौत की शिकार हुयी छात्रा के परिजनों को सपाइयों ने भेंट की आर्थिक मदद

**कानपुर देहात।** बीते दिनों हुई दुर्घटना में मृतक छात्रा के पारिवारिक जनों को आर्थिक मदद देकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के कहने पर पूर्व सांसद राजाराम पाल ने रसूलाबाद के पाल नगर में पीडित परिजनों को आर्थिक मदद भेंट की। शुक्रवार को रसूलाबाद कस्बे के आरपीएस इंटर कॉलेज के बाहर बेकाबू ट्रक ने पाल नगर की रहने वाली हाईस्कूल की छात्रा चांदनी को रौंद दिया था। जिसे घटनास्थल पर ही चांदनी की मौत हो गई थी।

नाराज परिजनों ने जाम भी लगा दिया था। सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान ने पूरे घटनाक्रम के विषय में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को अवगत कराया था। इसके बाद रविवार को सपा ने 10 सदस्यी अपना प्रतिनिधिमंडल पाल नगर गांव भेजा। जहां प्रतिनिधिमंडल ने अखिलेश यादव द्वारा भेजी गई एक लाख रुपए की सहायता धनराशि की चेक परिवार को सौंपीं। साथ ही आश्वासन दिया की पार्टी पीड़ित परिवार के साथ हमेशा खड़ी है और आगे भी आर्थिक मदद परिवार को मिलती रहेगी। प्रतिनिधि मंडल में शामिल पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर ने कहा कि घटना बहुत दु:खद थी। एक परिवार की बेटी की असमय मौत हो गई।

दुर्घटना के बाद भाजपा के लोगों द्वारा केवल भ्रम फैलाया जा रहा था। अभी तक परिवार को शासन से कोई मदद नहीं मिली। अखिलेश यादव ने मामले में संजीदगी दिखाई और तत्काल एक लाख रुपये की मदद मृतक छात्रा के पारिवारिक जनों को भिजवाई। इसके लिए हम सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आभारी हैं। वहीं जिला उपाध्यक्ष हाजी फैजान खान ने कहा कि किसी की परिवार की बेटी की मौत हुई हैए इसमें हर व्यक्ति को चाहिए कि उसके सुख.दुख में उसके साथ खड़ा रहे और बढ़ चढ़कर मदद करे। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दरियादिली दिखाई है वह काबिले मुबारकबाद है। जिला प्रभारी नरेंद्र यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय अध्यक्ष की सह्र्दयता थी कि उन्होंने घटना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक मदद सुनिश्चित की। प्रमुख रूप से सपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार बबलू राजाए प्रदेश सचिव ओमप्रकाश पाल बंटेए पूर्व जिलाध्यक्ष समरथ पाल, विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर राजपूत, जोन प्रभारी आरपी पाल, पूर्व प्रत्याशी यदुनाथ संखवार, सदस्य जिला पंचायत विश्राम सिंह यादव मटल्लू, गोपाल गुप्ता, विजय गुप्ता, कुलदीप यादव प्रेमी, ग्राम प्रधान संजीव पाल, हाकिम सिंह पाल, धीरज यादव, शिवम सेंगर आदि रहे।

# राजस्थान में पहला मंत्रिमंडल विस्तार कुछ दिनों में होने की संभावना

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान** में पहला मंत्रिमंडल विस्तार कुछ दिनों में होने की उम्मीद है और इसमें युवा और अनुभवी दोनों नेताओं को मौका दिया जा सकता है। भाजपा के सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। पहली बार विधायक बने भजन लाल शर्मा ने इस महीने की शुरुआत में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। राजस्थान की 200 सदस्यों वाली विधानसभा में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 30 मंत्री हो सकते हैं।

भाजपा के एक सूत्र ने बताया, "मंत्रिमंडल का पहला विस्तार सोमवार या मंगलवार को होने की उम्मीद है और लगभग 15 विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि मंत्रिमंडल में युवा के साथ ही अनुभवी विधायकों को भी जगह मिलने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्रियों के लिए संभावितों में बाबा बालकनाथ, शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, संदीप शर्मा, जवाहर सिंह बेदाम और महंत प्रताप पुरी शामिल हैं। मुख्यमंत्री शर्मा ने हाल ही में दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य से मुलाकात की थी और माना जाता है कि उन्होंने उनके साथ मंत्रिमंडल विस्तार से संबंधित मामलों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री और उनके दो उपमुख्यमंत्री क्योंकि जयपुर जिले के निर्वाचन क्षेत्रों से विधायक के रूप में चुने गए थे, इसलिए उम्मीद है कि मंत्री राज्य के अन्य हिस्सों से होंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जयपुर के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं, वहीं दीया कुमारी विद्याधर नगर और प्रेम चंद बैरवा दूदू से विधायक हैं।

सूत्रों ने बताया, रणनीति मंत्रिमंडल में जातियों और क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व के बीच संतुलन बनाए रखने की होगी। संभावना है कि ज्यादातर मंत्री 40-55 वर्ष की आयु वर्ग के होंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया, "यह एक ऊर्जावान टीम होगी। जब से भजन लाल शर्मा को नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है, तब से पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं में उत्साह है, जो मानते हैं कि एक समर्पित कार्यकर्ता को उच्च पद पर पहुंचाया जा सकता है। मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही सरकारी कामकाज में भी तेजी आएगी। वित्त विभाग ने शुक्रवार को सभी विभागों को अगले आदेश तक कार्यों के लिए नई निविदाएं आमंत्रित नहीं करने का निर्देश दिया था और कहा था कि ऐसे सभी कार्य सरकार की मंजूरी के बाद शुरू होंगे। सरकार ने अपने विभागों से यह भी कहा है कि यदि निविदाएं आमंत्रित करने के बाद कार्य आदेश जारी नहीं किया गया है तो वे अगले निर्देश तक कार्य आदेश जारी न करें। एक आदेश में, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा ने विभागों को यह भी निर्देश दिया है कि यदि किसी परियोजना के लिए काम शुरू नहीं हुआ है तो नए कार्यों को रोक दिया जाए। वित्त विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार, "सभी प्रशासनिक विभागों को पूर्व में दी गई प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति की स्थिति में निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। विभागों से कहा गया है कि ऐसी सभी स्वीकृतियों को मुख्यमंत्री या विभागीय मंत्रियों के संज्ञान में लाया जाए और कार्य किया जाए और उनकी मंजूरी के बाद ही अनुमति दी जाएगी।

राजस्थान में भाजपा सरकार की 10 प्रमुख प्राथमिकताओं में हर जिले में महिला पुलिस थाना और सभी पुलिस थानों में महिला डेस्क स्थापित करना, प्रमुख शहरों में एंटी-रोमियो स्क्वाड का गठन और विभिन्न मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाना शामिल है। जिनमें सरकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले भी शामिल हैं। सरकार की प्राथमिकताओं में 6,800 करोड़ रुपए के निवेश से क्षेत्रीय विरासत केंद्रों की स्थापना, केजी से पीजी तक सभी छात्राओं को मुफ्त शिक्षा प्रदान करना और प्रशिक्षण के माध्यम से पांच लाख युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए पर्यटन क्षेत्र में 2,000 करोड़ रुपए का निवेश करना अन्य प्राथमिकताएं शामिल हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पेपर लीक मामलों की जांच के लिए एसआईटी और एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

## उत्तराखंड में कड़े भू कानून, मूल निवास के मुद्दे पर युवाओं ने रैली निकाली

**भाषा।** देहरादून

**उत्तराखंड** में मूल निवास का मुद्दा गरमाने के बीच रविवार को हजारों लोगों ने यहां कड़े भू कानूनों को बहाल करने तथा मूल निवास प्रमाणपत्र के लिए 1950 को ऑफ तारीख माने जाने की मांग को लेकर विशाल रैली निकाली। रैली में शामिल होने के लिए लोग विशेषकर युवा हाथों में तख्तियां और झंडे थामकर सुबह से ही परेड ग्राउंड में एकत्रित होने लगे और दोपहर को हजारों लोगों का हुजूम नारे लगाते हुए सड़क पर निकल पड़ा। प्रदर्शनकारी तत्कालीन त्रिवेंद्र सिंह रावत सरकार के कार्यकाल में शिथिल किए गए भू कानूनों को फिर से बहाल किए जाने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए रावत सरकार ने भू कानूनों को शिथिल करने का निर्णय लिया था। रैली के समन्वयक मोहित डिमरी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता अपने अधिकारों के लिए तब तक लड़ना जारी रखेगी जब तक कि मूल निवास प्रमाणपत्र के लिए 1950 को कट ऑफ तारीख माने जाने तथा कड़े भू कानून को बहाल करने समेत उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं। डिमरी ने कहा कि सरकार को प्रदेश में 250 वर्ग मीटर तक ही भूमि खरीदने की व्यवस्था को बहाल करना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद्र खंडूरी ने भूमि खरीद की सीमा 250 वर्ग मीटर निर्धारित करते हुए भू कानूनों को कड़ा कर दिया था।

## नौसेना ने भारत के पश्चिमी तट पर वाणिज्यिक जहाज पर हमले की जांच आरंभ की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** नौसेना ने अरब सागर में भारत के पश्चिमी तट के पास मंगलूर बंदरगाह जाने वाले एक मालवाहक जहाज पर संदिग्ध ड्रोन हमले की जांच शुरू कर दी है। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वाणिज्यिक जहाज के सोमवार को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। नौसेना ने कहा, नौसेना एक्सप्लोसिव ऑर्डनेंस डिस्पोजल (ईओडी) विशेषज्ञ जहाज को साफ करने और आगे की जांच करने के लिए मुंबई पहुंचने पर एमवी केम प्लूटो पर सवार होंगे।

उसने रविवार को कहा कि भारतीय नौसेना सभी हितधारकों के साथ स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है और क्षेत्र में वाणिज्यिक नौवहन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) द्वारा एमवी केम प्लूटो पर ड्रोन हमले की सूचना दिए जाने के तुरंत बाद नौसेना और भारतीय तटरक्षक शनिवार को एक युद्धपोत और समुद्री गश्ती विमान सहित अपने संसाधन तैनात करके कार्रवाई में जुट गए। वाणिज्यिक जहाज में मौजूद चालक दल में 21 भारतीय सदस्य हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सऊदी अरब के अल जुबैल बंदरगाह से नव मंगलूर बंदरगाह पर कच्चा तेल ले जा रहा जहाज पोरबंदर से लगभग 217 समुद्री मील की दूरी पर हमले का शिकार हुआ। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि लाइबेरिया के ध्वज वाला जहाज अब मुंबई की ओर जा रहा है और भारतीय तटरक्षक जहाज आईसीजीएस विक्रम उसे सुरक्षा प्रदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक पोत सोमवार को मुंबई पहुंचेगा। शनिवार को अपनी प्रतिक्रिया का विवरण साझा करते हुए, नौसेना ने कहा कि उसके मिशन के लिए तैयार पोत एमटी केम प्लूटो पर मिसाइलाड्रोन हमले से जुड़ी अरब सागर में हुई समुद्री घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया देने के लिए भेजे गए थे। उसने कहा, 23 दिसंबर को लगभग पौने आठ बजे 22 चालक दल (21 भारतीय और एक वियतनामी) वाले जहाज में हमले के बाद आग लगने की सूचना मिली थी, यह हमला मिसाइल या ड्रोन से होने की आशंका है। स्थिति पर प्रतिक्रिया करते हुए, भारतीय नौसेना ने नियमित निगरानी के लिए क्षेत्र में सक्रिय एक समुद्री गश्ती विमान को उधर भेजा। अधिकारियों ने कहा कि नौसेना ने शनिवार को ड्रोन हमले के स्थान पर स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक आईएनएस मोरमुगाओ को भेजा।

उसने एक बयान में कहा, नौसेना के समुद्री गश्ती विमान ने 23 दिसंबर को अपराह्न एक बजकर 15 मिनट पर एमटी केम प्लूटो के ऊपर से उड़ान भरी और चालक दल के साथ संपर्क स्थापित किया। इसमें कहा गया है कि नौसेना ने आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए सभी भारतीय समुद्री नौवहन एजेंसियों को मौजूदा स्थिति का विवरण भी दिया है। नौसेना ने कहा कि आईएनएस मोरमुगाओ ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि क्या किसी सहायता की आवश्यकता है, शाम साढ़े सात बजे जहाज के साथ संचार स्थापित किया। एक अधिकारी ने मामले की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए नाम न छापने की शर्त पर बताया कि नौसेना ने हमले की उत्पत्ति सहित घटना की जांच शुरू कर दी है। यह घटना इजराइल-हमास संघर्ष के बीच ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा लाल सागर में जहाजों पर हमले तेज करने की पृष्ठभूमि में हुई है।

इससे पहले भारतीय तटरक्षक बल ने शनिवार को कहा कि एमवी केम प्लूटो ने मुंबई की तरफ बढ़ना शुरू क दिया है। इससे पहले उसे हुए नुकसान का आकलन किया गया और बिजली उत्पादन प्रणाली ठीक की गई। उसने कहा, भारतीय तटरक्षक जहाज विक्रम पोत के गुजरने के दौरान उसकी सुरक्षा करेगा। भारतीय तटरक्षक संचालन केंद्र स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। इससे पहले शनिवार को, ब्रिटेन की रॉयल नेवी के तहत काम करने वाले यूकेएमटीओ ने कहा कि उसे एक जहाज पर अनक्रूड एरियल सिस्टम (यूएएस) द्वारा हमले की रिपोर्ट मिली, जिससे विस्फोट हुआ और आग लग गई। यह घटना भारत में वेरावल से 200 समुद्री मील दक्षिण पश्चिम में हुई। उसने कहा कि आग बुझा दी गई और कोई हताहत नहीं हुआ।

## अधिकारी और भाजपा विधायक के कहने पर चलाया था बुलडोजर

### अंकिता भंडारी हत्याकांड का गवाह

**भाषा।** कोटद्वार

**उत्तराखंड** के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड के गवाह बुलडोजर चालक दीपक ने कहा कि उसने तत्कालीन उपजिलाधिकारी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक के कहने पर वनंत्रा रिजॉर्ट में जेसीबी चलाई थी। यहां शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी की अदालत में अपना बयान दर्ज कराते हुए ऋषिकेश के श्यामपुर क्षेत्र के रहने वाले दीपक ने कहा कि उसने तत्कालीन उपजिलाधिकारी और मौजूदा यमकेश्वर विधायक रेनु बिष्ट के निर्देश पर जेसीबी चलाकर रिजॉर्ट का गेट, चारदीवारी, दो कमरों की दीवारें और खिड़कियां तोड़ी थीं।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज पुंडीर और अमित सजवाण ने बताया कि दीपक ने अदालत को बताया कि उस दौरान वह सत्एंद्र सिंह रावत की जेसीबी चलाता था और उनके निर्देश पर वह 23 सितंबर 2022 को जेसीबी लेकर वनंत्रा रिजॉर्ट गया था।

## संस्कारवान बनाती है श्रीरामचरितमानसः स्वामी रामानंद सरस्वती

**भाषा।** नैनीताल



**प्रभु** श्रीराम और हनुमानजी के अनन्य भक्त स्वामी रामानंद सरस्वती ने कैंची धाम तीर्थ यात्रा में सत्संग करते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा लिखी गई श्रीरामचरितमानस हिन्दू परिवारों के लिए संजीवनी है।

घर के सभी लोगों को हनुमान चालीसा और एक सदस्य को प्रतिदिन रामचरितमानस का पाठ अवश्य करना चाहिए। इससे बच्चों से लेकर बड़ों तक के जीवन में संस्कारों का असर पड़ता हैं। भारतीय मूल के प्रवासी डॉ. आरएस द्विवेदी स्वामी रामानंद सरस्वती के रूप में विख्यात हैं। अमेरिका सरकार में वरिष्ठ वैज्ञानिक रहते हुए भी दुनियाभर में भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में लगे हैं। हर साल महीनेभर की स्वदेश यात्रा में वह अधिकतर तीर्थाटन करते हैं। इसी श्रृंखला में स्वामी जी ने परिजनों व भक्तों के साथ हनुमत् स्वरूप बाबा नीब करौरी महाराज की हृदयस्थली कैंची धाम नैनीताल में दर्शन कर सुंदर कांड का पाठ किया।

स्वामी जी ने कैंची धाम में लेखक व वरिष्ठ पत्रकार सियाराम पांडेय शांत द्वारा लिखी बुलडोजर और मणिपुर की आग पुस्तक का विमोचन भी किया। स्वामी जी के साथ कैंची धाम यात्रा में अरुणा द्विवेदी, अशोक द्विवेदी, धमेंद्र सक्सेना, नरेश दीक्षित, राजीव, अनुराग द्विवेदी, रामू पांडेय, रमेश शर्मा, प्रदीप मिश्र, नरेंद्र द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, नीलम दीक्षित, प्रियम् आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## कुत्ते के भौंकने पर विवाद के बाद महिला की हत्या की

**इंदौर( भाषा )।** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में कथित तौर पर कुत्ते के भौंकने को लेकर हुए विवाद में 35 वर्षीय एक व्यक्ति ने बुजुर्ग महिला के पेट में लात मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार रात मुसाखेड़ा इलाके में उस समय हुई जब शांति नगर निवासी आरोपी अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। आजाद नगर थाना प्रभारी नीरज मेढा ने बताया कि रात करीब साढ़े 10 बजे जब आरोपी एक सामुदायिक भवन के पास पहुंचा तो एक कुत्ते ने उस पर भौंकना शुरू कर दिया और लगातार भौंकता रहा, जिस कारण वह सड़क को पार नहीं कर सका। उन्होंने बताया कि इस कारण व्यक्ति ने चिल्लाना शुरू कर दिया। अधिकारी ने बताया कि कुत्ते की मालकिन 65 वर्षीय महिला अपने घर से बाहर आई और इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि आरोपी ने कथित तौर पर महिला के पेट में लात मार दी, जिसकी वजह से वह सड़क पर गिर गई। अधिकारी ने बताया कि कुछ लोगों ने महिला को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई।

# पेज एक का शेष

## केंद्र ने...

के संविधान के प्रावधानों का पालन भी नहीं किया गया। मंत्रालय के सूत्र ने कहा, डब्ल्यूएफआई के संविधान की प्रस्तावना के नियम 3 (ई) के अनुसार, डब्ल्यूएफआई का उद्देश्य अन्य बातों के अलावा कार्यकारी समिति द्वारा चयनित स्थानों पर यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग) के नियमों के अनुसार सीनियर, जूनियर और सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने की व्यवस्था करना है। सूत्र ने कहा कि नई संस्था ने उसी परिसर (बृजभूषण का आधिकारिक बंगला) में काम करना शुरू कर दिया है जहां से पिछले पदाधिकारी काम करते थे और जहां कथित तौर पर खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। सूत्र ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि नवनिर्वाचित निकाय पूर्व पदाधिकारियों के पूर्ण नियंत्रण में है जो खेल संहिता का पूर्ण उल्लंघन है। उन्होंने कहा, महासंघ का संचालन पूर्व पदाधिकारियों द्वारा नियंत्रित परिसर से हो रहा है। यह कथित परिसर भी वही है जहां खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है और वर्तमान में अदालत इस मामले की सुनवाई कर रही है। भारतीय कुश्ती महासंघ के नवनिर्वाचित कार्यकारी निकाय द्वारा लिए गए फैसले स्थापित कानूनी और प्रक्रियात्मक मानदंडों की घोर उपेक्षा को दर्शाते हैं जो डब्ल्यूएफआई के संवैधानिक प्रावधानों और राष्ट्रीय खेल विकास संहिता दोनों का उल्लंघन है। नई संस्था के ए सभी कदम निष्पक्ष और पारदर्शी शासन के स्थापित मानदंडों के विपरीत हैं। इन कदमों में अध्यक्ष की ओर से पूर्ण मनमानी की बू आती है जो सुशासन के स्थापित सिद्धांतों के खिलाफ है और पारदर्शिता तथा उचित प्रक्रिया से रहित है। निष्पक्ष खेल, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए संचालन के मानदंडों का पालन महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों, हितधारकों और जनता के बीच विश्वास बनाने के लिए यह महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने का निर्णय कार्यकारी समिति को सूचित करके प्रक्रियात्मक तरीके से किया जाना चाहिए था जो नहीं किया गया। इस तरह के निर्णय (राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन) कार्यकारी समिति द्वारा लिए जाते हैं जिसके समक्ष एजेंडे को विचार के लिए रखा जाना आवश्यक होता है। डब्ल्यूएफआई संविधान के नियम 11 के अनुसार बैठक के लिए नोटिस और कोरम शीर्षक के तहत, कार्यकारी समिति की बैठक के लिए न्यूनतम नोटिस अवधि के लिए 15 दिन का समय होता है और कोरम एक-तिहाई प्रतिनिधियों का होता है। उन्होंने कहा, यहां तक कि कार्यकारी समिति की आपातकालीन बैठक के लिए भी न्यूनतम नोटिस अवधि सात दिन और एक तिहाई प्रतिनिधियों के कोरम की आवश्यकता स्पष्ट है। सूत्र ने कहा, डब्ल्यूएआई के नियम 10 (डी) के अनुसार महासंघ के सामान्य कामकाज को देखना, बैठकों का विवरण तैयार करना, महासंघ के सभी रिकॉर्ड तैयार करना, आम सभा और कार्यकारी समिति की बैठक बुलाना डब्ल्यूएफआई के महासचिव का काम है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि महासचिव कार्यकारी समिति की उक्त बैठक में शामिल नहीं थे जो बिना किसी नोटिस या कोरम के आयोजित की गई थी। डब्ल्यूएफआई के नवनिर्वाचित महासचिव प्रेम चंद लोचब ने चुनाव के एक दिन बाद संजय सिंह को लिखा था कि कुछ राज्यों ने आयु वर्ग और जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कार्यक्रम और स्थल में बदलाव पर आपत्ति जताई है।

## कोविड ने...

संक्रमणों के संक्रमण के बीच, विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में प्रवेश करने वाले देशों में, कोविड-19 मामलों में वृद्धि का कारण बन सकता है। सिंह ने कहा, सीमित उपलब्ध साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए, जेएन-1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वर्तमान में वैश्विक स्तर पर कम आंका गया है। यह अनुमान लगाया गया है कि यह वैरिएंट अन्य वायरल और बैक्टीरियल संक्रमणों के संक्रमण के बीच, विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में प्रवेश करने वाले देशों में, कोविड-19 मामलों में वृद्धि का कारण बन सकता है। डॉ. खेत्रपाल सिंह ने कहा, चूंकि लोग छुट्टियों के मौसम में यात्रा करते हैं और उत्सव मनाने के लिए इकट्ठा होते हैं, घर में अधिक समय एक साथ बिताते हैं, वो भी ऐसे समय सांस की बीमारियों और वायरस के फैलने के लिए मौसम अनुकूल हो। ऐसे में सभी को सुरक्षा के उपायों को बढ़ाने के साथ तबियत खराब होने पर चिकित्सकों की सलाह से तत्काल उपचार कराना चाहिए। क्षेत्रीय निदेशक ने विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले लोगों के लिए कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के खिलाफ टीकाकरण के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित सभी कोविड-19 टीके जेएन-1 सहित सभी प्रकारों से होने वाली गंभीर बीमारियों और मौतों से रक्षा करते रहेंगे। जबकि सार्स कोविड-2 द्वारा उत्पन्न जोखिमों का पता लगाने और तेजी से आकलन करने के लिए एक वैश्विक प्रणाली स्थापित करने और मजबूत करने में काफी प्रगति हुई है, लेकिन कोविड-19 मामलों के परीक्षण और रिपोर्टिंग में कमी आई है। एक एजेंसी ने कोविड के नए वेरिएंट को रोकने के लिए वैक्सीन की प्रभावकारिता पर एम्स के पूर्व निदेशक और वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट रणदीप गुलेरिया के हवाले से कहा है कि, हमें एक वैक्सीन की आवश्यकता है जो वायरस के व्यापक प्रकार को कवर करे। हमारे पास कई उत्परिवर्तन हैं जेएन-1 ओमिक्रॉन की ही एक उपवंशावली है। तो एक वैक्सीन जो ओमीक्रॉन के खिलाफ बनाई गई है वह इस वैरिएंट के खिलाफ भी प्रभावी होगी। हमें यह दिखाने के लिए पहले और अधिक डेटा की आवश्यकता है कि जनसंख्या में वर्तमान प्रतिरक्षा क्या है, और जो सुरक्षा हमें पिछले टीकाकरण के आधार पर मिली है, उसके आधार पर ही हम यह तय कर सकते हैं कि क्या हमें एक नए टीके की आवश्यकता है, जो उन्होंने कहा, वर्तमान में चल रहे तनाव को कवर करता है, और यह कुछ ऐसा है जिसे नियमित रूप से करना होगा क्योंकि वेरिएंट बदलते रहेंगे। भारत में सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) के प्रमुख डॉ. एनके अरोड़ा ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में सबवेरिएंट के खिलाफ टीके की कोई अतिरिक्त खुराक की आवश्यकता नहीं है। डॉ. एनके अरोड़ा ने बताया, हमने बड़ी संख्या में वायरस से सबवेरिएंट की पहचान की। इनमें से 400 से अधिक सबवेरिएंट और उनके म्यूटेशन की पहचान की है। अभी तक इनमें से कोई भी ओमिक्रॉन संस्करण के सबवेरिएंट अधिक गंभीर बीमारी या अस्पताल में भर्ती होने से जुड़ा नहीं है। रविवार को अपडेट किए गए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार एक दिन में 656 कोविड संक्रमणों की बढ़ोतरी के साथ, सक्रिय मामलों की संख्या 3,742 तक पहुंच गई है। 24 घंटे की अवधि में केरल में एक नई मौत के साथ मरने वालों की संख्या 5,33,333 दर्ज की गई। मामले की मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, देश में अब तक कोविड टीकों की 220.67 करोड़ खुराकें लगाई जा चुकी हैं।

## द्रमुक नेता...

गया था। बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रक्षात्मक तरीके से ही सही, मारन की कथित टिप्पणी की निंदा की। यादव ने कहा कि उनकी राजद की तरह, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक एक ऐसी पार्टी है जो सामाजिक न्याय में विश्वास करती है और ऐसी पार्टी के नेता के लिए ऐसी टिप्पणी करना अशोभनीय है। यादव ने पटना में कहा, अगर डीएमके सांसद ने जातिगत अधर्मों को उजागर किया होता, अगर उन्होंने बताया होता कि केवल कुछ सामाजिक समूहों के लोग ही ऐसी खतरनाक नौकरियां लेते हैं, तो इसका कोई मतलब होता। लेकिन बिहार और यूपी की पूरी आबादी के बारे में अपमानजनक बातें करना निंदनीय है। हम इसकी निंदा करते हैं हमारा मानना है कि लोगों को देश के अन्य हिस्सों से आने वाले लोगों के प्रति सम्मानजनक होना चाहिए। वीडियो क्लिप में, मारन ने कथित तौर पर कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार राज्यों में जिन लोगों ने केवल हिंदी सीखी है, वे तमिल सीखने के बाद तमिलनाडु में घर बनाते हैं, साफ सड़कें और शौचालय बनाते हैं। मारन को कथित तौर पर कहते सुना गया कि अगर हिंदी सीखने वालों की यही हालत होती है। मारन की कथित टिप्पणी वाली वीडियो क्लिप पर भाजपा ने कहा कि द्रमुक सांसद की टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक है और इसमें हिंदी भाषी लोगों के लिए अपमानजनक संदर्भ हैं। इस मामले के फिर से उछलने का कारण स्पष्ट नहीं है और इसका तत्काल पता भी नहीं चल सका है। तमिलनाडु के मूल निवासी सुंदर पिचाई का उदाहरण देते हुए, मारन ने कहा कि वह अब गुगल के प्रमुख हैं और अगर उन्होंने हिंदी सीखी होती, तो वह एक श्रमिक के रूप में निर्माण क्षेत्र में कार्यरत होते। चूंकि तमिलनाडु के बच्चे शिक्षित होते हैं और अच्छी अंग्रेजी सीखते हैं, इसलिए उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में रोजगार मिलता है और अच्छा वेतन मिलता है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने ताजा टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह निश्चित तौर पर डीएमके की आदत बन गई है। एक के बाद एक कई नेता ऐसी टिप्पणियां करते हैं और इससे पहले उन्होंने सनातन धर्म पर भी हमला बोला था। आगे उन्होंने कहा, लेकिन कांग्रेस पार्टी और भारतीय गठबंधन की अन्य पार्टियां इसलिए कुछ नहीं कह रही हैं, क्योंकि शायद वे सभी इसमें एक साथ हैं। तमिलनाडु भाजपा के उपाध्यक्ष नारायणन तिरुपति ने कहा, हालांकि यह एक पुरानी टिप्पणी है, लेकिन यह द्रमुक नेताओं के असली रंग को दर्शाता है जो उत्तर भारतीयों के खिलाफ अपमानजनक और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि डीएमके प्रवक्ता जे कॉन्स्टैंडिन रवींद्रन ने जानबूझकर झूठ फैलाने के लिए भाजपा पदाधिकारियों की निंदा की। द्रमुक एक समतावादी समाज के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। तमिलनाडु जैसा कोई विशेष राज्य श्रेष्ठ नहीं है। रवींद्रन ने कहा, उत्तर प्रदेश या बिहार जैसा कोई अन्य राज्य नहीं है। भाजपा के लोगों का गलत इरादा स्पष्ट है। उन्होंने स्पष्ट किया, दयानिधि मारन के भाषण का सार एक व्यक्ति को उपलब्ध अवसरों के बारे में है, जब उसने मातृभाषा के अलावा अंग्रेजी भाषा भी अच्छी तरह से सीखी हो।

## सिटी ऑफ...

2021 के विधानसभा चुनावों में उन्हें खारिज कर दिया। घोष ने ब्रिगेड परेड ग्राउंड में 1 लाख लोगों के इकट्ठा होने के भाजपा के दावे को खारिज करते हुए कहा, कोई भी धार्मिक कार्यक्रम उन्हें वोट नहीं दिलाएगा, उन्हें बंगाल में कोई वोट नहीं मिलेगा। घोष ने कहा, हमने पहले भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए थे, जिसमें 5,000 से कुछ अधिक लोग शामिल हुए थे...यह उससे बड़ा नहीं था।

## राम मंदिर...

साथ ही बाज़ारों में राम ध्वजा सहित श्री राम के चित्र एवं अनेक वस्तुओं पर राम मंदिर की प्रतिकृति छपी अथवा उकेरी चीज़ें भी दिखाई देनी शुरू हो गई हैं और उम्मीद की जाती है कि इन सब की बिक्री भी देश भर में बड़े पैमाने पर होगी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सभी प्रतिष्ठित मंदिरों और मठों में राम चरितमानस और हनुमान चालीसा का पाठ कराएगी। कार्यक्रम 14 जनवरी से प्रारंभ होकर प्रतिष्ठा समारोह तक चलेगा। योजना के मुताबिक, हर जिले में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से स्थानीय कलाकार 14 जनवरी मकर संक्रांति से 22 जनवरी 2024 को रामलला के अभिषेक तक लगातार रामचरितमानस और हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे।

## कश्मीर में...

चलाईं जिससे उनकी मौत हो गई। उनके परिवार के सदस्यों ने कहा कि मीर स्थानीय मुअज्जिन बन गए थे और वह मस्जिद में अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित थे। मुअज्जिन उसे कहते हैं जो अजान के जरिए लोगों को नमाज के लिए आमंत्रित करता है। घटना के बाद मीर के घर और मस्जिद परिसर में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। मीर के परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटे और एक बेटी है। मुस्तफा ने पत्रकारों से कहा, वह (मीर) मेरे चचेरे भाई थे। वह हर दिन अजान पढ़कर नमाज के लिए लोगों को आमंत्रित करते थे। आज सुबह जब मैं हमेशा की तरह कुरान पढ़ रहा था, तो उन्होंने अजान शुरू कर दी, इसलिए मैंने कुरान बंद कर दी। मुस्तफा ने कहा, उन्होंने अशहदु अन्ना मोहम्मदु रसूल-अल्लाह पढ़ा और फिर अजान बंद हो गई। मैंने केवल जोर से रहम की आवाज सुनी। यह भारी आवाज में थी। मुस्तफा ने कहा कि उन्हें लगा कि मीर ने किसी अन्य कारण से अपना फोन बंद कर दिया होगा और अनुमान लगाया कि वह चक्कर आने के कारण गिर गए होंगे। लेकिन कुछ देर बाद लोगों को घटना के बारे में पता चला। उन्होंने कहा, मेरी बेटी ने आकर मुझे बताया कि शफी चाचा की मौत हो गई है। हम उनके घर गए और पता चला कि मीर को बारामूला (अस्पताल) ले जाया गया है... हमें बताया गया कि उन्हें गोली लगी है। मीर के कुछ रिश्तेदारों ने दावा किया कि उन्हें चार बार गोली मारी गई थी। मीर के छोटे भाई अब्दुल करीम ने कहा कि वह सो रहे थे, लेकिन आवाज सुनकर जाग गए पर सोचा कि माइक्रोफोन में समस्या के कारण ऐसा हुआ होगा। उन्होंने कहा, मेरी बहू ने बताया कि उसने लोगों के रोने की आवाज सुनी है। करीम ने कहा, मीर हर दिन अजान पढ़ते थे। मुझे लगता है कि यह एक साजिश थी क्योंकि इमाम साहब शनिवार को घर जाते हैं और रविवार को लौटते हैं। राजनीतिक दलों ने हत्या की निंदा की और पूर्व पुलिस अधिकारी के परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) ने कहा कि हिंसा को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पार्टी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जेकेएनसी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला बारामूला की दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हैं, जहां सेवानिवृत्त एसपी मोहम्मद शफी मीर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि केंद्र द्वारा प्रचारित सामान्य स्थिति के दिखावे को बनाए रखने की कीमत निर्दोष लोगों को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने एक्स पर कहा कि आतंकवादी हमले में पांच जवान शहीद हो गए, सेना द्वारा हिरासत में तीन निर्दोष नागरिकों को यातनाएं देकर मार डाला गया, कई अब भी अस्पतालों में अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अब एक सेवानिवृत्त एसपी की हत्या कर दी गई। भारतीय जनता पार्टी ने इस कृत्य को कायरतापूर्ण बताया और कहा कि आतंक और आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अलताफ ठाकुर ने कहा, उन लोगों ने 72 वर्षीय सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की हत्या का कायरतापूर्ण कृत्य किया, जिनका कोई धर्म नहीं है। शैतानी ताकतें अजान भी बर्दाश्त नहीं कर सकतीं। आतंक और आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता। इस हत्या की कड़ी निंदा करता हूं, शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना और एकजुटता व्यक्त करता हूं। जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी के प्रमुख अल्ताफ बुखारी ने एक्स पर कहा, बारामूला के गैंटमुल्ला में सेवानिवृत्त एसएसपी मोहम्मद शफी मीर की कायरतापूर्ण हत्या की निंदा करता हूं। अत्यंत दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। दिवंगत आत्मा को शांति मिले। उन्होंने कहा कि यह कायरतापूर्ण कृत्य हत्यारों के असली रंग को दिखाता है क्योंकि उन्हें अजान के समय गोली मारी गई थी। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने भी हत्या की निंदा की। लोन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक और दुखद खबर। मेरी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं मोहम्मद शफी साहब के परिवार के साथ हैं। अल्लाह उन्हें जन्नत दे। और आशा करता हूं कि जम्मू-कश्मीर पुलिस अपने सामने आने वाली चुनौतियों को पहचानेगी। सुरक्षा खतरे का मूल्यांकन करना एक विज्ञान है और इसे पसंद, नापसंद और किसी की मर्जी के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने एक्स पर अपने शोक संदेश में कहा कि एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी मोहम्मद शफी मीर पर मस्जिद में प्रार्थना के लिए अजान देते समय हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले दुःख प्रकट किया है। उन्होंने इस बर्बर कृत्य को कायरता पूर्ण बताया और कहा कि आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा। दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।

# प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य 140 करोड़ लोगों को आत्मनिर्भर बनाना: शाह

**भाषा।** अहमदाबाद



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में गरीबों सहित 140 करोड़ लोगों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं और उन्होंने इसके लिए समर्पण के साथ काम किया है। शाह यहां पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों को आसान ऋण दिलाने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं तथा साथ ही उनका लक्ष्य गरीब लोगों को भी आत्मनिर्भर बनाना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में गरीब लोगों को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम-स्वनिधि योजना) के लाभार्थियों को ऋण देने के कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल भी मौजूद थे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाने का आह्वान किया है और वह देश को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रक्षा, सभी प्रकार के व्यवसायों तथा अन्य क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा धानमंत्री मोदी सभी गरीबों सहित 140 करोड़ लोगों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और विकास के अलावा, प्रधानमंत्री ने 60 करोड़ गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम किया है। शाह ने कहा, पिछले नौ वर्षों में, लगभग तीन करोड़ लोगों को अपना घर मिला, चार करोड़ लोगों को बिजली कनेक्शन मिला, 10 करोड़ लोगों को गैस सिलेंडर मिले, 12 करोड़ लोगों को शौचालय मिले, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिला और 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपए की स्वास्थ्य बीमा (योजना) में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को गरीबी से बाहर लाने के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। गृह मंत्री ने कहा, मेरे निर्वाचन क्षेत्र (गुजरात में गांधीनगर) में 1.5 लाख से अधिक लोगों ने पीएम-स्वनिधि योजना का लाभ उठाया है, जिसके तहत बिना किसी गारंटी के छोटे व्यवसाय और हाथ गाड़ियां चलाने वालों को वित्तीय सहायता दी जाती है। मुख्यमंत्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुरू की गई योजनाओं के परिणामस्वरूप देश में गरीब लोग अब आत्मनिर्भर जीवन जी रहे हैं। शाह अपने निर्वाचन क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर हैं, जहां उनका विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने का कार्यक्रम है।

# ठाणे के अस्पताल में 24 घंटे में 18 मरीजों की मौत के मामले में दो चिकित्सक निलंबित

**भाषा।** ठाणे (महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र** के ठाणे शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में 24 घंटे में 18 मरीजों की मौत होने के चार महीने से अधिक समय बाद शहर के नगर निकाय प्रशासन ने ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में दो चिकित्सकों को निलंबित कर दिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। ठाणे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का गृह क्षेत्र है और नगर निकाय संचालित अस्पताल में 12 और 13 अगस्त को बड़ी संख्या में मरीजों की मौत होने के बाद विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए कुप्रबंधन का आरोप लगाया था। ठाणे महानगरपालिका (टीएमसी) के एक प्रवक्ता ने बताया कि एक दिन में इतने मरीजों की मौत के मामले में ड्यूटी में लापरवाही बरतने के लिए एक असिस्टेंट डॉक्टर और एक एसोसिएट डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि मौत पर सियासी घमासान के बीच मुख्यमंत्री शिंदे ने मामले की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का आदेश दिया था। समिति की रिपोर्ट विधानसभा के हाल के शीतकालीन सत्र के दौरान पेश की गई थी। टीएमसी में एक सूत्र ने बताया कि 12-13 अगस्त को मरीजों की मौत के संबंध में कुछ चिकित्सकों और प्रबंधन के वरिष्ठ कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इससे पहले, अधिकारियों ने बताया था कि कुछ मरीजों को गंभीर हालत में कलवा अस्पताल लाया गया था और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। उन्होंने बताया था कि कुछ बुजुर्ग मरीज थे। एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना के प्रवक्ता एवं ठाणे के पूर्व महापौर नरेश म्हास्के ने कहा था कि अस्पताल में क्षमता से अधिक मरीज भर्ती थे और उसमें एक दिन में 650 मरीजों का इलाज किया जा रहा था। बहरहाल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और विधायक जितेंद्र आव्हाड ने आरोप लगाया था कि अस्पताल में कुप्रबंधन है और उन्होंने प्रशासन से स्थिति ठीक करने को कहा था।

## दंतेवाड़ा में पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले मे रविवार को सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में कम से कम तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है।पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कटेकल्याण थाना क्षेत्र के अंतर्गत डब्बाकुन्ना गांव के पास एक पहाड़ी पर शाम करीब साढ़े पांच बजे उस समय मुठभेड़ हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी।उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस की जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और बस्तर फाइटर्स के जवानो ने दंतेवाड़ा-सुकमा अंतर-जिला सीमा पर तुमकपाल पुलिस शिविर से डब्बाकुन्ना की ओर अभियान शुरू किया था। गोलीबारी तुमकपाल और डब्बाकुन्ना के बीच पहाड़ी पर हुई। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद मौके से तीन पुरुष नक्सलियो के शव बरामद किए गए जो वर्दी पहने थे। उन्होने बताया कि मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा मे विस्फोटक और हथियार भी बरामद किए गए है।

## बेरोजगारी देश में सबसे ज्वलंत मुद्दा है : कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि बेरोजगारी देश का सबसे ज्वलंत मुद्दा है। भाजपा नीत केंद्र सरकार पर हमला करते हुए खरगे ने एक्स पर एक पोस्ट मे कहा, देश का युवा पूछ रहा है कि सालाना दो करोड़ नौकरियां कहां गईं? भर्ती परीक्षाओ से नौकरी मिलने तक का सफर इतना जटिल क्यों हो गया है? उन्होने कहा, बेरोजगारी देश का सबसे ज्वलंत मुद्दा है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के जुलाई 2022-जून 2023 के आंकड़ो का हवाला देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 15-29 वर्ष की आयु के व्यक्तियों की बेरोजगारी दर 10 प्रतिशत है। पीएलएफएस आंकड़ो का हवाला देते हुए खरगे ने कहा कि जुलाई 2022-जून 2023 की अवधि मे देश में 15-19 वर्ष आयु वर्ग मे ग्रामीण क्षेत्र मे बेरोजगारी दर 8.3 प्रतिशत थी, जबकि इसी अवधि मे शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी दर 13.8 प्रतिशत थी। उन्होने पूछा, एमएसएमई क्षेत्र को बर्बाद कर, करोड़ो युवाओ की नौकरियां छीन, उनका भविष्य क्यों बर्बाद किया गया?

## तेजस्वी ने सांसद मारन के बयान की आलोचना की

**पटना।** बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने हिंदी पट्टी के लोगो के बारे मे द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद दयानिधि मारन के कथित बयान को लेकर रविवार को उनकी आलोचना की। मारन ने कथित तौर पर कहा था कि हिंदी पट्टी के लोग तमिलनाडु मे शौचालय साफ कर रहे है और अन्य छोटे-मोटे काम कर रहे है।यादव ने कहा कि उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरह, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक भी ऐसी पार्टी है जो सामाजिक न्याय मे विश्वास करती है और ऐसी पार्टी के नेता के लिए इस तरह की टिप्पणी करना अशोभनीय है। राजद नेता ने कहा, अगर द्रमुक सांसद ने जातीय अन्याय को उजागर किया होता, अगर उन्होने बताया होता कि केवल कुछ सामाजिक समूहो के लोग ही ऐसे खतरनाक काम करने के लिए मजबूर होते है।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Hanzalah, S/o. Mohammad Ozair, R/o. AB-452, Amarpuri, Nabi Karim, Paharganj, New Delhi-110055 have changed my name from Hanzalah to MD Hanzalah for all future purposes.

PD(228)A

# प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के छात्रों से संवाद किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के लगभग हर जिले के करीब 250 वंचित छात्रों से बातचीत की, जो वतन को जानो-यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत देश का दौरा कर रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के आवास पर आयोजित यह संवाद कार्यक्रम अनौपचारिक था। ए छात्र केंद्र सरकार के कार्यक्रम के तहत जयपुर, अजमेर और नई दिल्ली का दौरा कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना में इस यात्रा का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के युवाओं को देश की सांस्कृतिक और सामाजिक विविधता से रूबरू कराना है। प्रधानमंत्री ने छात्रों से उनके यात्रा अनुभव और उनके द्वारा देखे गए चर्चित स्थानों के बारे में पूछा तथा उनके साथ जम्मू-कश्मीर की समृद्ध खेल संस्कृति पर चर्चा की। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने छात्रों से खेलों में उनकी भागीदारी के बारे में जानना चाहा और जम्मू-कश्मीर की युवा तीरंदाज शीतल देवी का उदाहरण दिया, जिन्होंने हांगझू में एशियाई पैरा खेलों में तीन पदक जीते थे। मोदी ने जम्मू-कश्मीर के युवाओं की प्रतिभा की भी सराहना की और कहा कि उनमें किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने की क्षमता है। बयान में कहा गया है कि उन्होंने छात्रों को देश के विकास के लिए काम करने और योगदान देने तथा 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में मदद करने की सलाह दी। जम्मू-कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल के निर्माण के बारे में मोदी ने कहा कि इससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। चंद्रयान-3 और आदित्य-एल। मिशन की सफलता पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन वैज्ञानिक उपलब्धियों ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। इस साल जम्मू-कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों के आने के बारे में मोदी ने कहा कि वहां पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने छात्रों को रोजाना योग करने के लिए प्रोत्साहित किया।



## निर्यात बढ़ाना, आयात घटाना है देशभक्ति का नया रास्ता: गडकरी

पणजी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि निर्यात बढ़ाना और आयात कम करना देशभक्ति और स्वदेशी को अपनाने की दिशा मे आगे बढ़ने का नया रास्ता है। उन्होने कहा कि वह दिन भारत के लिए नई आजादी की तरह होगा, जब देश पेट्रोल या डीजल की एक बूंद भी आयात नही करेगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने साप्ताहिक पत्रिका पांचजन्य के कार्यक्रम सागर मंथन 2.0 मे कहा कि पेट्रोल और डीजल के आयात को रोकना दुनिया मे आतंकवाद को रोकने से जुड़ा हुआ है। उन्होने कहा, जब तक यह आयात बंद नही होगा, दुनिया भर मे आतंकवाद नही रुकेगा। मेरे जीवन का मकसद पेट्रोल और डीजल के आयात को रोकना है। मै उस दिन को भारत के लिए एक नई आजादी मानता हूं, जब देश मे पेट्रोल और डीजल की एक बूंद भी आयात नही की जाएगी।

# सेना ने पुंछ में तीन नागरिकों की मौत की जांच के आदेश दिए

**भाषा।** नई दिल्ली

**सेना ने जम्मू**-कश्मीर के पुंछ जिले में तीन नागरिकों की मौत की गहन आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले से परिचित लोगों ने रविवार को यह जानकारी दी। ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि इन तीन लोगों की सेना की हिरासत में मौत हुई है। पुंछ में 21 दिसंबर को अज्ञात आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में सेना के चार जवानों की हत्या के मद्देनजर सेना ने कथित तौर पर तीन नागरिकों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया था। यह तीनों नागरिक 22 दिसंबर को मृत पाए गए थे। इन लोगों के रिश्तेदारों और नेताओं ने आरोप लगाया है कि तीनों की मौत हिरासत में यातना के कारण हुई। सेना ने इस हमले के सिलसिले में आठ लोगों को अपनी हिरासत में लिया था। इस मामले से परिचित लोगों ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में नागरिकों की मौत की गहन जांच का आदेश दिया गया है।


# कर्नाटक में जातीय जनगणना व्यवस्थित ढंग से नहीं कराई गई, नए सिरे से सर्वेक्षण कराएं: एदियुरप्पा

**भाषा।** दावणगेरे (कर्नाटक)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता बी एस एदियुरप्पा ने रविवार को कहा कि जातीय जनगणना नाम से चर्चित कर्नाटक का सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण व्यवस्थित ढंग से नहीं कराया गया, ऐसे में राज्य की कांग्रेस सरकार से अनुरोध है कि वह नए सिरे से सर्वेक्षण कराए और तथ्यों को लोगों के सामने रखे।कर्नाटक में वर्चस्व रखने वाले दो समुदायों (वोक्किलगा और लिंगायत) ने भी इस सर्वेक्षण को अवैज्ञानिक करार देते हुए अस्वीकार कर दिया है तथा मांग की है कि इसे खारिज कर नए सिरे से सर्वेक्षण कराया जाए।पूर्व मुख्यमंत्री एदियुरप्पा ने कहा, सभी के दिमाग में यह बात है कि सर्वेक्षण व्यवस्थित ढंग नहीं कराया गया। इसलिए नए सिरे से जाति आधारित सर्वेक्षण कराया जाए तथा तथ्यों से लोगों को अवगत कराया जाए। मैं सरकार से इस दिशा में ईमानदार प्रयास करने की अपील करता हूं। एदियुरप्पा लिंगायत समुदाय से आते हैं। साल 2015 में सिद्धरमैया की अगुवाई वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार (2013-2018) ने राज्य में 170 करोड़ रुपए के अनुमानित खर्च से सामाजिक-आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण कराया था जिसे जातीय जनगणना कहा गया था। तत्कालीन अध्यक्ष एच कंठराजू की अध्यक्षता में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को इस जातीय जनगणना की रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। यह सर्वेक्षण सिद्धरमैया के बतौर मुख्यमंत्री पहले कार्यकाल के समापन के समीप 2018 में पूरा हुआ था लेकिन उसे न तो स्वीकार किया गया और न ही सार्वजनिक किया गया था।हाल में बिहार सरकार द्वारा अपनी जातीय सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी किए जाने के बाद एक वर्ग की ओर से कर्नाटक सरकार पर जातीय सर्वेक्षण रिपोर्ट जारी करने का दबाव पड़ने लगा।

# किसानों के नाम पर राजनीति करने वालों की पहचान हो: खट्टर


**भाषा।** भिवानी



**हरियाणा के मुख्यमंत्री** मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को कहा कि किसानों के नाम पर राजनीति करने वाले, रास्ता रोककर धरना देने वाले लोगों की पहचान की जानी चाहिए। खट्टर ने किसानों के मसीहा माने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा यहां कि वर्तमान राज्य सरकार भी किसान हितैषी है और आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा कृषि समुदाय का अहित किया है। मुख्यमंत्री ने लोहारू विधानसभा क्षेत्र के लिए 112 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए अनेक कार्य किए हैं।खट्टर ने भिवानी जिले के गांव सिंघानी में आयोजित अन्नदाता सम्मेलन में कहा, वर्तमान राज्य सरकार भी किसान हितैषी है और किसान व कृषि हमारी नीतियों के सदैव केंद्रीय बिंदु रहे हैं। किसानों के लिए हमारी सरकार ने निरंतर कल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिनका लाभ उन्हें मिल रहा है। हमारी सरकार किसानों के हित में निर्णय लेती है। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, कांग्रेस ने हमेशा किसानों को कमजोर करने का काम किया है और उन्हें हमेशा गुमराह कर उनका अहित किया है। उन्होंने कहा, चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा थे, हर समय किसानों के लिए सोचते थे। सबको पता है कि चौधरी चरण सिंह कांग्रेस में गए। वे आजादी के बाद 20 साल लगातार कांग्रेस की सरकार में रहे। मुख्यमंत्री ने कहा, लेकिन किसानों को कांग्रेस ने हमेशा कमजोर करके रखा, उनको कभी आगे बढ़ने नहीं दिया। इसलिए 1967 में उन्होंने (चरण सिंह ने) कांग्रेस को छोड़ दिया और किसानों के हित के लिए नई पार्टी बनाई। उन्होंने यह भी कहा कि चौधरी चरण सिंह ने सभी सरकारी योजनाओं को छोटे और सीमांत किसानों के लाभ के लिए तैयार करने की वकालत की, जो उस समय कुल किसान आबादी का 51 प्रतिशत थे।खट्टर ने कहा कि आज छोटे किसानों की संख्या 80 प्रतिशत से अधिक हो गई है, जो एक विकट चुनौती है, जिसके लिए किसानों की आय बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा, किसानों को जागरूक होकर आगे बढ़ना चाहिए। जो लोग किसानों के साथ राजनीति करते हैं, उनको पहचाना जाना चाहिए।

# मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष बिरला से की मुलाकात

**भाषा।** नई दिल्ली



**मध्य प्रदेश के** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से मुलाकात की और इस दौरान राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर उनसे चर्चा की। बिरला ने इस मुलाकात के दौरान विश्वास जताया कि यादव अपनी प्रगतिशील सोच से मध्य प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि यादव ने केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इसके मुताबिक, यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं और खेलों को अभूतपूर्व प्रोत्साहन दिया जा रहा है और मध्य प्रदेश सरकार भी इसी दिशा में आगे बढ़ रही है। आने वाले समय में प्रदेश सरकार खेल की विभिन्न विधाओं में स्टेडियम और अन्य खेल अधोसंरचना विकसित कर युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करेगी। ठाकुर ने इस संबंध में यादव को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार खेलों के मामले में राज्य सरकार का पूर्ण सहयोग करेगी। यादव ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से उनके निवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद यादव की बिरला से यह पहली मुलाकात थी।बिरला ने मुख्यमंत्री यादव को नए पद व दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं और विविध विषयों पर चर्चा की तथा विश्वास व्यक्त किया कि वह अपनी प्रगतिशील सोच से मध्य प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से एक्स पर एक पोस्ट में कहा गया कि यादव ने मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की।

# तमाम अपमान, अनादर सहने के बावजूद सेवा के रास्ते से नहीं हटना चाहिए: धनखड़

**भाषा।** नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति जगदीप** धनखड़ ने रविवार को खुद को पीड़ित बताते हुए कहा कि तमाम अपमान सहने के बावजूद किसी को सेवा के रास्ते से कभी नहीं हटना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हर किसी को दूसरों के दृष्टिकोण को जगह देनी चाहिए लेकिन जब दूसरों को उनके रास्ते से हटाने के इरादे से विचार प्रस्तुत किए जाते हैं तो लोगों को अपनी रीढ़ की ताकत दिखानी चाहिए। यहां भारतीय सांख्यिकी सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि वह उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति हैं, लेकिन लोग मुझे भी नहीं छोड़ते। उन्होंने कहा, क्या मुझे अपनी मानसिकता बदलनी चाहिए? नहीं। क्या इससे रास्ता भटक जाना चाहिए? नहीं। उपराष्ट्रपति की टिप्पणी संसद के हाल में समाप्त हुए शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में व्यवधान और राज्यसभा से विपक्षी सदस्यों के बड़े पैमाने पर निलंबन की पृष्ठभूमि में आई है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया था कि असहमति की आवाज को दबाया जा रहा है, वहीं धनखड़ ने कहा कि सदन में गतिरोध को हल करने के लिए बातचीत के सभी प्रयास विफल होने के बाद यह (निलंबन का) आखिरी कदम है। युवा अधिकारियों के रूप में उन्हें देश के विकास के प्रति उन लोगों से कभी डरना नहीं चाहिए जिनका हाजमा खराब है। उन्होंने कहा, मैं पीड़ित हूं। पीड़ित जानता है कि अंदर से कैसे झेलना है। सभी अपमान, सभी अनादर को झेल लें- हम भारत माता की सेवा में हैं। आपको ईमानदारी और उच्च मानक दिखाने होंगे। खुद को पीड़ित बताते हुए धनखड़ परोक्ष रूप से उस घटना का जिक्र कर रहे थे, जहां संसद के नए भवन की सीढ़ियों पर लोकसभा के एक विपक्षी सदस्य ने उनकी नकल की थी।

# क्विक न्यूज

## धर्मांतरित आदिवासियों को एसटी से हटाने की मांग को लेकर रैली

**रांची।** झारखंड मे हजारो आदिवासियो ने ईसाई और इस्लाम जैसे अन्य धर्मो को अपनाने वाले आदिवासियो को अनुसूचित जनजाति (एसटी) की सूची से हटाने की मांग को लेकर रांची स्थित मोरहाबादी मैदान मे रविवार को एक रैली निकाली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) समर्थित वनवासी कल्याण केंद्र से संबद्ध जनजाति सुरक्षा मंच (जेएसएम) के बैनर तले क्रिसमस से एक दिन पहले उलगुलान आदिवासी उलगुलान महारैली का आयोजन किया गया। राज्य के विभिन्न हिस्सो से आए आदिवासियो ने पारंपरिक पोशाक पहनकर और धनुष, तीर, तलवार तथा दरांती जैसे हथियार लहराते हुए रैली मे भाग लिया। रैली मे पद्म विभूषण से सम्मानित और पूर्व केंद्रीय मंत्री करिया मुंडा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और राज्यसभा सदस्य समीर ओरांव, जेएसएम के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत और कई अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सुदर्शन भगत ने कार्यक्रम से इतर पीटीआई-भाषा से कहा, "रैली का मुख्य उद्देश्य उन आदिवासियो को सूची से हटाने की मांग करना था जिन्होंने अन्य धर्म अपना लिए है। उन्हे अनुसूचित जनजातियो को मिलने वाले आरक्षण के लाभ से वंचित किया जाना चाहिए। उनके पास वास्तविक आदिवासियो के लाभ लेने का कोई अधिकार नही है। समीर ओरांव ने कहा कि आदिवासियो को उनकी संस्कृति, आस्था और परंपरा की रक्षा करते हुए विकास के लिए सशक्त बनाने के लिए कई लाभ दिए गए है।

## स्वदेश निर्मित युद्धपोत आईएनएस इंफाल मंगलवार को नौसेना में शामिल किया जाएगा

नई दिल्ली। सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइलो से लैस स्वदेश निर्मित स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आईएनएस इंफाल को मंगलवार को औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना मे शामिल किया जाएगा, जिससे हिंद महासागर मे चीन की बढ़ती गतिविधियो के बीच भारत की समुद्री क्षमता मजबूत होगी। यह पहला युद्धपोत है जिसका नाम पूर्वोत्तर क्षेत्र के किसी शहर के नाम पर रखा गया है। राष्ट्रपति ने अप्रैल 2019 मे इसकी मंजूरी दी थी। अधिकारियो ने कहा कि युद्धपोत को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी मे मुंबई स्थित नौसेना की गोदी (डॉकयार्ड) मे आयोजित एक समारोह मे शस्त्र बल मे शामिल किया जाएगा। उन्होने कहा कि युद्धपोत का नाम मणिपुर की राजधानी के नाम पर रखा जाना राष्ट्रीय सुरक्षा और समृद्धि के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करता है। इस पोत का वजन 7,400 टन और कुल लंबाई 164 मीटर है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलो और पोत विध्वंसक मिसाइलो तथा टॉरपीडो से लैस है। बंदरगाह और समुद्र दोनो मे व्यापक परीक्षण कार्यक्रम पूरा करने के बाद आईएनएस इंफाल 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। इसके बाद, पोत ने पिछले महीने विस्तारित-रेंज वाली सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया, जो नौसेना में शामिल किए जाने से पहले किसी भी स्वदेशी युद्धपोत के लिए इस तरह का पहला परीक्षण था।

## कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच डब्ल्यूएचओ ने देशों से निगरानी बढ़ाने को कहा

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने दक्षिण-पूर्व एशिया के देशो से कोविड-19 और इसके नए उप-स्वरूप जेएन.1 तथा इन्फ्लूएंजा सहित श्वसन रोगो के बढ़ते मामलो को देखते हुए निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने का आग्रह किया है।डब्ल्यूएचओ ने लोगो से भी ऐहतियाती कदम उठाने की अपील की है। डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा, कोविड-19 वायरस विश्व स्तर पर सभी देशो मे फैलता, परिवर्तित और प्रसारित होता रहता है। वर्तमान साक्ष्य से पता चलता है कि जेएन.1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम कम है। इसके विकास के अनुसार हमे अपनी प्रतिक्रिया तय करनी चाहिए और लगातार नजर रखनी चाहिए। उन्होने कहा, इसके लिए देशो को निगरानी और अनुक्रमण को मजबूत करना होगा और आंकड़ो को साझा करना सुनिश्चित करना होगा। डब्ल्यूएचओ ने जेएन.1 को इसके तेजी से वैश्विक प्रसार के बाद इसे निगरानी मे रखे जाने वाले स्वरूप के रूप मे वर्गीकृत किया है। हाल के सप्ताहो मे, जेएन.1 के मामले कई देशो मे सामने आए है और इसका प्रसार विश्व स्तर पर तेजी से बढ़ रहा है। सिंह ने कहा, सीमित उपलब्ध साक्ष्यो को ध्यान मे रखते हुए जेएन.1 द्वारा उत्पन्न अतिरिक्त सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिम को वर्तमान मे वैश्विक स्तर पर कम आंका गया है।यह आशंका है कि यह स्वरूप अन्य वायरल और बैक्टीरियल संक्रमणो के बीच कोविड-19 के मामलो मे वृद्धि कर सकता है खासकर उन देशो मे जहां सर्दियो का मौसम शुरू हो रहा है। डॉ. खेत्रपाल सिंह ने कहा, चूंकि लोग छुट्टियो के मौसम मे यात्रा करते है और उत्सव मनाने के लिए इकट्ठा होते है, घर के अंदर बहुत सारा समय एक साथ बिताते है, जहां खराब वायु संचरण (वेंटिलेशन) श्वसन रोगो का कारण बनने वाले वायरस के संचरण की मदद करता है, इसलिए उन्हें सुरक्षात्मक उपाय करने चाहिए और अस्वस्थ होने पर समय पर इलाज कराना चाहिए। क्षेत्रीय निदेशक ने विशेष रूप से उच्च जोखिम वाले लोगो के लिए कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के खिलाफ टीकाकरण के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होने कहा, डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित सभी कोविड-19 टीके जेएन.1 सहित सभी प्रकारो से होने वाली गंभीर बीमारियो और मौत से रक्षा करते रहेंगे।

## हमले की जद में आए तेल टैंकर एमवी साईबाबा पर सवार सभी भारतीय सुरक्षित

नई दिल्ली। दक्षिणी लाल सागर मे कथित तौर पर ड्रोन हमले की जद मे आया एमवी साईबाबा नामक तेल टैंकर भारतीय ध्वज वाला पोत नही है। भारतीय अधिकारियो और अमेरिकी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। इस पोत पर चालक दल के सभी 25 सदस्य भारतीय बताए जाते है और हमले मे कोई हताहत नही हुआ है। अमेरिकी मध्य कमान ने कहा कि दक्षिणी लाल सागर मे शनिवार को यमन के हूती विद्रोहियो के ड्रोन हमलो की चपेट मे आए दो पोत मे से एक भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ जब भारत के पश्चिमी तट के पास अरब सागर मे एक वाणिज्यिक पोत एमवी कैम प्लूटो पर शनिवार को संदिग्ध ड्रोन हमले के बाद धमाका हुआ। जहाज के चालक दल मे 21 भारतीय शामिल थे लेकिन हमले मे किसी के हताहत होने की कोई खबर नही है। भारतीय सेना के एक अधिकारी ने कहा, पोत एमवी साईबाबा पर सवार चालक दल के सभी 25 सदस्य भारतीय बताए जाते है और हमले मे कोई हताहत नही हुआ है। उन्होंने कहा कि एमवी साईबाबा गैबॉन-ध्वज वाला पोत है और इसे भारतीय पोत रजिस्टर से प्रमाणन प्राप्त हुआ है। इससे पहले, अमेरिकी सेना ने तेल टैंकर एमवी साईबाबा को भारतीय ध्वज वाला पोत करार दिया था। बताया जाता है कि ए पोत भारत की तरफ बढ़ रहा था। अधिकारियो ने कहा कि भारतीय नौसेना हालात पर करीबी नजर बनाए हुए है। अमेरिकी मध्य कमान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दक्षिणी लाल सागर में शनिवार को यमन के हूती विद्रोहियो के ड्रोन हमलो की चपेट मे आए दो पोत मे से एक भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर भी है। कमान की ओर से जारी बयान मुताबिक, स्थानीय समयानुसार रात करीब आठ बजे अमेरिकी नौसैन्य बल की मध्य कमान को दक्षिणी लाल सागर मे दो पोत से खबर मिली कि उन पर हमला किया गया है।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने डब्ल्यूएफआई के निलंबन को ढोंग करार दिया

**मुंबई।** शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने रविवार को कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को निलंबित करना एक ढोंग है। एनसीपी ने कहा कि ऐसा करके सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला पहलवानो की मदद नही करने के आरोप से खुद को मुक्त नही कर सकती। खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएफआई को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया क्योंकि नवनिर्वाचित संस्था ने उचित प्रक्रिया का पालन नही किया और पहलवानो को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की जल्दबाजी मे घोषणा की। मंत्रालय ने साथ ही कहा कि नई संस्था पूरी तरह से पूर्व पदाधिकारियो के नियंत्रण मे काम कर रही थी जो राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुरूप नही है। डब्ल्यूएफआई के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे जिसमें पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह और उनके पैनल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने एक्स (पूर्व मे ट्विटर) पर लिखा, यदि ऐसा किया जा सकता है तो उन्होंने चुनाव क्यों कराने दिए?

## ज्यादती होगी तो पहलवानों के पक्ष में अग्रणी भूमिका निभाएंगे : खाप पंचायत

भिवानी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नवनिर्वाचित संस्था को खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद यहां फोगाट खाप पंचायत ने पहलवानो को न्याय दिलाने के लिए एक बैठक की और कहा कि अगर खिलाड़ियों के साथ ज्यादती हुई तो खाप उनके पक्ष में अग्रणी भूमिका निभाएगी। कुश्ती को लेकर मचे घमासान के बीच फोगाट खाप भी मैदान मे उतरने को तैयार है। साथ ही फोगाट खाप ने सरकार से खेल महासंघ के अध्यक्ष पद पर न सिर्फ खिलाड़ी की नियुक्ति करने बल्कि महिला खिलाडि2399ी की कोच महिला ही नियुक्त करने की मांग की। रविवार को चरखी दादरी के स्वामी दयाल धाम पर फोगाट खाप की कार्यकारिणी बैठक प्रधान बलवंत नंबरदार की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनावो के बाद बने हालातो के साथ-साथ साक्षी मलिक द्वारा संन्याय लेने और ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया द्वारा पद्मश्री लौटाने के बारे मंथन किया गया। खाप पदाधिकारियो ने पहलवानो द्वारा किए गए फैसलो को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्हें अपने फैसले पर विचार करने के लिए कहा। खाप पदाधिकारियो ने कहा, खिलाड़ी राजनीति की भेंट चढ़ रहे है, जहां साक्षी मलिक को खून के आंसू रोने पर मजबूर होना पड़ा, वही न्याय की उम्मीद छोड़ चुके बजरंग पूनिया को पदमश्री वापस लौटाना पड़ा। खाप हरियाणा के खिलाडि2399ी के सम्मान व न्याय दिलाने के लिए पहले भी साथ थी और आगे भी अग्रणी भूमिका निभाएगी। खाप प्रधान बलवंत नंबरदार ने कहा, डब्ल्यूएफआई निलंबित होने पर खिलाडियो को भविष्य बनाने की उम्मीद दिखी है।

# संघर्ष : गाजा में 14 इजराइली सैनिकों की मौत

● हमास के मजबूत होने के संकेत

भाषा। तेल अवीव



**गाजा** पट्टी में शुक्रवार और शनिवार हुए संघर्ष में कम से कम 14 इजराइली सैनिक मारे गए। इजराइल की सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। अक्टूबर के अंत में इजराइल के जमीनी हमले की शुरुआत के बाद से सबसे हिंसक संघर्ष वाले दिनों में से एक में इजराइली सैनिकों की मौत का यह सबसे अधिक आंकड़ा है और इस बात संकेत है कि हमास कई हफ्तों के भीषण युद्ध के बावजूद अब भी लड़ाई लड़ रहा है। हालांकि, इजराइली सैनिकों की मौत के बढ़ते आंकड़ों के युद्ध के लिए इजराइली जनता के समर्थन में एक महत्वपूर्ण कारक बनने की संभावना है। हमास के नेतृत्व वाले आतंकवादियों ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में आम नागरिकों को निशाना बनाकर हमला किया था, जिसमें 1,200 लोग मारे गए थे और 240 लोगों को बंधक बना लिया था। युद्ध ने गाजा पट्टी के कुछ हिस्सों को तबाह कर दिया है, अनुमान के मुताबिक 20,400 से अधिक फलस्तीनी मारे गए तथा गाजा की 23 लाख लोगों की आबादी में से लगभग 85 प्रतिशत विस्थापित हो गए। इजराइल अब भी हमास के शासन और सैन्य क्षमताओं को कुचलने तथा शेष 129 बंदियों को रिहा करने के घोषित लक्ष्यों को मजबूती से पूरा करने में जुटा है। इजराइल के हमले के खिलाफ बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव और फलस्तीनियों के मारे जाने तथा अभूतपूर्व कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद यह समर्थन ज्यादातर स्थिर रहा है। सैनिकों की मौत की बढ़ती संख्या उस समर्थन को कमजोर कर सकती है। यहूदी बहुल और अनिवार्य सैन्य सेवा वाले देश इजराइल में सैनिकों की मौत एक संवेदनशील और भावनात्मक विषय है।

## दो मकानों पर इजराइली हमले में 90 से अधिक फलस्तीनियों की मौत, बाइडन का युद्धविराम के अनुरोध से इनकार

**राफा।** गाजा में दो मकानों पर इजराइल के हमले में एक बड़े परिवार के दर्जनों लोगों समेत 90 से अधिक फलस्तीनी नागरिक मारे गए। बचावकर्मियों, अस्पताल के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक दिन पहले ही संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने चेतावनी दी थी कि क्षेत्र में कोई जगह सुरक्षित नहीं है और इजराइल की आक्रामकता से लोगों तक मानवीय मदद पहुंचाने में अत्यधिक बाधा आ रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से शनिवार को बात की और इसे निजी बातचीत करार दिया। एक दिन पहले बाइडन प्रशासन ने एक बार फिर राजनयिक संदर्भ में इजराइल का बचाव किया। शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रस्ताव अंगीकार किया जिसमें गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता की आपूर्ति में तेजी लाने का आह्वान किया गया है। हालांकि प्रस्ताव में युद्ध विराम का जिक्र नहीं है। नेतन्याहू के साथ फोन पर हुई बातचीत के बारे में बाइडन ने कहा, मैंने युद्ध विराम के लिए नहीं कहा। नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि इजराइल अपने लक्ष्यों को हासिल करने तक युद्ध जारी रखेगा।

## राम मंदिर उद्घाटन समारोह के लिए विशेष वस्तुएं भेजेगा नेपाल

भाषा। काठमांडू

**नेपाल अगले महीने** अध्योध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह के लिए विभिन्न प्रकार के आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयां भेजेगा। रविवार मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। माय रिपब्लिका समाचार पत्र की खबर के अनुसार ए वस्तुएं भेजने के लिए जनकपुर धाम–अयोध्या धाम यात्रा आयोजित की जाएगी। जानकी मंदिर रामरोशन दास वैष्णव के संयुक्त महंत ने कहा कि यात्रा 18 जनवरी को शुरू होकर 20 जनवरी को संपन्न होगी और इसके साथ लाई गईं वस्तुएं उसी दिन श्रीराम मंदिर न्यास को प्रदान की जाएंगी। मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी होगा। जनकपुरधाम से आरंभ होने वाली यात्रा जलेश्वर नाथ, मलंगवा, सिमरौनगढ़, गढ़ीमाई, बीरगंज से होते हुए बेतिया, कुशीनगर,

## क्विक न्यूज

### अमेरिकी सांसदों ने कैलिफोर्निया में हिंदू मंदिर में तोड़-फोड़ की कड़ी निंदा की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में तीन प्रमुख भारतीय अमेरिकी सांसदो सहित कई नेताओं ने कैलिफोर्निया मे एक हिंदू मंदिर मे तोड़-फोड़ किए जाने की घटना की कड़े शब्दो मे निंदा की और दोषियो के खिलाफ कड़ी कार्वाई की मांग की है। कैलिफोर्निया के नेवार्क मे स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर को भारत विरोधी भित्तिचित्रो से विरूपित किया किया और उसमे तोड़-फोड़ की गई। पुलिस इस मामले को नफरती अपराध मानकर जांच कर रही है। सांसद रो खन्ना ने एक्स पर एक पोस्ट मे कहा कि वह कैलिफोर्निया के नेवार्क मे स्थित स्वामीनारायण मंदिर मे तोड़-फोड़ की घटना की कड़े शब्दो मे निंदा करते है। स्वामीनारायण मंदिर खन्ना के निर्वाचन क्षेत्र मे आता है। खन्ना ने कहा, धार्मिक स्वतंत्रता अमेरिकी लोकतंत्र का मूल है , जिन लोगो ने इस घटना को अंजाम दिया है उन्हे न्याय के कटघरे मे लाया जाना चाहिए। खन्ना ने कहा कि उन्हे यह जानकर खुशी हुई कि समुदाय के लोग इस नफरत के खिलाफ एक साथ आ रहे है और भित्तिचित्रो को हटा रहे है। उन्होने कहा, समुदाय की यह पहल बुराई का जवाब अच्छाई से दे रही है। सांसद राजा कृष्णामूर्ति ने स्वामीनारायण मंदिर को विरूपित किए जाने की घटना को निंदनीय करार दिया और कहा कि वह इसकी कड़े शब्दो में निंदा करते है। कृष्णामूर्ति ने कहा कि उन्हे खुशी है कि समुदाय के लोग मंदिर के समर्थन मे रैली निकाल रहे है। उन्होने कहा, हमे कट्टरता के सभी रूपो के खिलाफ एकजुटता से खड़ा होना चाहिए। जिन्होंने तोड़-फोड़ की है उन्हे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। सांसद श्री थानेदार ने भी तोड़-फोड़ के इस शर्मनाक कृत्य की कड़े शब्दो में निंदा की है। कैलिफोर्निया से सांसद बारबरा ली, ओहियो से सांसद नीरज अंतानी ने भी इस घटना की कड़े शब्दो मे निंदा की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के दक्षिण और मध्य एशियाई मामलो के ब्यूरो ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हम कैलिफोर्निया मे श्री स्वामीनारायण मंदिर को नुकसान पहुंचाने की घटना की निंदा करते है। हम नेवार्क पुलिस विभाग के प्रयासो का स्वागत करते है ताकि घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जा सके। कैलिफोर्निया के नेवार्क मे पुलिस विभाग ने पीटीआई-भाषा को एक ई-मेल बयान में कहा कि शुक्रवार सुबह लगभग 8:35 बजे, पुलिस को श्री स्वामीनारायण मंदिर मे दीवारो पर नारे लिखने की सूचना मिली। बयान मे कहा गया कि अधिकारी हरकत मे आए और मंदिर के प्रबंधन सदस्यो से मुलाकात की जिन्होने इसे डराने वाला कृत्य बताया।

### लाल सागर में भारतीय ध्वज वाले तेल टैंकर पर हूती विद्रोहियों ने ड्रोन से हमला किया : अमेरिका

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी मध्य कमान ने कहा है कि दक्षिणी लाल सागर मे यमन के हूती विद्रोहियों के ड्रोन हमलो की चपेट मे आए दो पोत मे से एक भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर भी है। अमेरिका की मध्य कमान ने एक बयान मे कहा कि 23 दिसंबर को, यमन के हूती-नियंत्रित क्षेत्रो से दक्षिणी लाल सागर मे अंतरराष्ट्रीय पोत लेन मे दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी गईं। हालांकि, किसी भी जहाज के इन हमलो से प्रभावित होने की सूचना नही है। बयान के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार अपराह्न तीन बजे से रात आठ बजे के बीच, यूएसएस लैबून (डीडीजी 58) दक्षिणी लाल सागर में गश्त कर रहा था और इसने यमन मे हूती-नियंत्रित क्षेत्रों से आने वाले चार ड्रोन को मार गिराया। यूएसएस लैबून इन ड्रोन के निशाने पर था। इस घटना मे कोई हताहत नही हुआ और न ही किसी प्रकार की क्षति हुई। इसके मुताबिक, स्थानीय समयानुसार रात करीब आठ बजे अमेरिकी नौसेना बल की मध्य कमान को दक्षिणी लाल सागर में दो पोत से रिपोर्ट मिली कि उन पर हमला किया गया है।, नॉर्वे के ध्वज वाले तेल टैंकर एमावी ब्लामानेन ने हूती विद्रोहियों के ड्रोन द्वारा उन्हें निशाना बनाए जाने की सूचना दी है, जिसमें किसी के घायल होने या क्षति की सूचना नही है। इसके मुताबक, भारतीय ध्वज वाले एक अन्य तेल टैंकर एमावी साईबाबा ने भी उस पर ड्रोन हमले की सूचना दी। इस हमले मे भी किसी के घायल होने की सूचना नही है।

### ब्रिटेनः चोरी की साजिश रचने के आरोप में भारतीय मूल के मां-बेटे को जेल

**लंदन।** दक्षिण-पूर्व इंग्लैड मे स्थानीय सिख समुदाय द्वारा एक शादी के लिए जुटाई की गई धनराशि को चुराने की साजिश रचने के आरोप मे भारतीय मूल की महिला और बेटे को अलग-अलग अवधि के लिए कारावास की सजा सुनाई गई है।साउथेम्प्टन मे रहने वाली कलवंत कौर (41) और उनके बेटे जंग सिंह लंकनपाल (22) पर चोरी की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। इन आरोपों को अक्टूबर में दोनों ने कबूल भी कर लिया था। साउथेम्प्टन क्राउन कोर्ट में शुक्रवार को दोनों को पेश किया गया, जहां अदालत ने कौर को 15 महीने और लंकनपाल को 30 महीने जेल की सजा सुनाई।हैम्पशायर कांस्टेबुलरी की वेस्टर्न एरिया क्राइम टीम की डिटेक्टिव कांस्टेबल जेस स्विफ्ट ने कहा, कौर और लंकनपाल ने समुदाय के लोगों की मदद करने के लिए जुटाई गई धन राशि को चोरी करने की साजिश रची थी। उन्होंने कहा, कौर ने पहले खुद को अपराध के एक गवाह के रूप मे पेश करने की कोशिश की, लेकिन बाद मे यह साबित हो गया है कि उसने धनराशि के बारे में जानकारी होने का इस्तेमाल इस चोरी को अंजाम देने के लिए मदद करने में किया। जांच-पड़ताल के जरिए हम उनके दोष साबित करने मे सफल हुए और दोनों को इस अपराध के लिए दोषी ठहराया गया और अब वे जेल में सजा काटेंगे। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया कि स्थानीय सिख समुदाय की महिलाओं के एक समूह ने एक शादी के लिए लगभग आठ हजार पाउंड की धनराशि जुटाई थी, जिन्हें साउथेम्प्टन के क्लोवेली रोड स्थित एक घर मे रखा गया था।यह भी बताया गया कि 15 अक्टूबर को जब महिलाएं जुटाई गई धनराशि गिन रही थी तभी एक बंदूकधारी व्यक्ति घर मे घुस आया और लोगों को धमका कर धनराशि उसके हवाले करने को कहा। साउथेम्प्टन क्राउन कोर्ट को बताया गया कि अपराधी ने भागने के लिए जिस वाहन का इस्तेमाल किया था, वह उन महिलाओं मे से एक के नाम पर पंजीकृत था जो धनराशि जुटाने में मदद कर रही थी और जांच में वह महिला कलवंत कौर निकली।

### बीएनपी के 12 घंटे के बंद के मद्देनजर बांग्लादेश में बीजीबी की 147 प्लाटून तैनात

**ढाका।** बांग्लादेश में सात जनवरी के चुनाव से पहले कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को देशभर में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) की 147 प्लाटून तैनात की गई।देश में शेख हसीना की सरकार के इस्तीफे की मांग करते हुए विपक्षी बीएनपी और उसके सहयोगी दलो का 12 घंटे का सड़क, रेल और जल परिवहन जाम चल रहा है।बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके अधिकतर दक्षिणपंथी सहयोगी दलो का आरोप है कि वर्तमान सरकार के अधीन कोई भी चुनाव निष्पक्ष नही होगा। इन दलो ने चुनाव की निगरानी के लिए देश के संविधान मे संशोधन कर गैर दलीय अंतरिम सरकार स्थापित करने की मांग की है।ढाका ट्रब्यून अखबार की खबर है कि इन विपक्षी दलो की नाकेबंदी सुबह छह बजे शुरू हुई जो शाम छह बजे समाप्त होगी।इस अखबार के अनुसार बीजीबी के जन संपर्क अधिकारी शरीफुल इस्लाम ने कहा कि देश मे जिन 147 प्लाटून को तैनात किया गया है, उनमे 16 टीम ढाका और उसके आसपास के जिलो मे गश्ती कर रही है।देश मे 31 अक्टूबर के बाद यह विपक्षी दलो की ऐसी 12 वी तथा 20 दिसंबर को सरकार के खिलाफ असहयोग आंदोलन की बीएनपी की घोषणा के बाद पहली नाकेबंदी है। बीएनपी ने 20 दिसंबर को लोगो से इस आंदोलन के तहत करो और विभिन्न सरकारी सेवाओ के बिलो का भुगतान नही करने की अपील की थी।राष्ट्रीय राजधानी ढाका में बीएनपी और उसके सहयोगी दलों ने इस नाकेबंदी और असहयोग आंदोलन के समर्थन मे अलग-अलग विरोध रैलियां निकाली।सरकार विरोधी नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियो ने गैर दलीय कार्यवाहक सरकार के अधीन चुनाव कराने तथा बीएनपी की बीमार अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया समेत हिरासत मे बंद सभी विपक्षी नेताओं एवं कार्यकर्ताओ रिहा करने की मांग की।जिया (79) फिलहाल कई स्वास्थ्य समस्याओं के चलते अस्पताल मे है।

### फारस की खाड़ी के विवादित द्वीपों पर बयान को लेकर ईरान ने रूसी दूत को तलब किया

**दुबई।** फारस की खाड़ी में विवादित द्वीपों पर बयान को लेकर ईरान ने रूसी दूतावास के प्रभारी को तलब कर विरोध दर्ज कराया है। ईरान की मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस और अरब देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में एक संयुक्त बयान जारी कर फारस की खाड़ी में विवादित द्वीपों पर ईरान के दावे को चुनौती दी थी। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरना ने कहा कि रूसी दूत को शनिवार को तलब कर मॉस्को को देने के लिए एक नोट सौंपा गया। इसमे तेहरान ने मोरक्को मे जारी छठे अरब-रूसी सहयोग मंच के बयान का विरोध किया, जिसमे द्वीपों पर ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच विवाद को सुलझाने के लिए शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान किया गया था। इरना ने एक अलग रिपोर्ट में कहा कि शनिवार को, ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियान ने अपने रूसी समकक्ष से फोन पर बात की और कहा, अंतरराष्ट्रीय संबंधो में देशो की संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करना बुनियादी सिद्धांतों में से एक है।

### ब्रिटेन के गृह मंत्री डेट रेप मजाक के लिए आलोचनाओं के घेरे में

**लंदन।** ब्रिटेन के गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली की अपनी पत्नी को डेट रेप नशीला पदार्थ पिलाने को लेकर किए गए मजाक के लिए चौतरफा आलोचना हो रही है और उनसे इस्तीफे की मांग की जा रही है। डेट रेप एक नशीला पेय पदार्थ है जिसे पीने के बाद व्यक्ति होश मे नही रहता है और उसे यह पता नही रहता है कि दवा के नशे में उसके साथ क्या हुआ है। क्लेवरली का यह बयान तब सामने आया है जब सरकार ने इस नशीले पदार्थ पर कार्वाई करने की तैयारी कर ली है जिसे क्लेवरली ने घिनौना अपराध बताया था। प्रधानमंत्री के घर पर एक कार्यक्रम में अपनी पत्नी को नशीला पदार्थ देने को लेकर किए गए मजाक के बाद क्लेवरली से इस्तीफा देने की मांग की गई है। संडे मिरर अखबार की एक खबर के मुताबिक, क्लेवरली ने 18 दिसंबर को प्रधानमंत्री के आवास पर एक कार्यक्रम में महिला अतिथियों से अपनी लंबी शादी का राज बताते हुए मजाकिया अंदाज में कहा था कि उनकी पत्नी हमेशा हल्की बेहोशी की हालत में रहती है ताकि उसे कभी यह ख्याल न आए कि बाहर और भी बेहतर मर्द है।

## पाकिस्तान में छत गिरने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत

**पेशावर (पाकिस्तान)।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान मे शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण कच्चे मकान की छत गिरने से रविवार को एक महिला और उसके आठ बच्चों की मौत हो गई। बचाव अधिकारियो के अनुसार, यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ऐबटाबाद जिले के तहारी गांव में हुई। उन्होंने बताया कि घटना मे एक महिला और उसकी चार बेटियो समेत आठ बच्चों की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों ने मलबे से नौ शव निकाले। मारे गए लोगों की उम्र का अभी पता नही चला है। घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद बचाव अधिकारी तीन एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय निवासियों की मदद से आग पर काबू पाया। खैबर पख्तूनख्वा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री अरशद हुसैन ने घटना पर दुख जताया और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। जियो न्यूज की एक खबर के मुताबिक, जुलाई मे आग लगने की घटना मे एक ही परिवार के 10 सदस्य मारे गए थे, जिनमें एक शिशु और एक महिला शामिल थी।

## चीन के प्रधानमंत्री ने भूकंप प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया

**बीजिंग।** चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने उत्तर-पश्चिम चीन में भूकंप प्रभावित गांवों का दौरा किया और बचाव एवं राहत दलों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि भूकंप प्रभावित इलाको मे लोग सर्दियो मे सुरक्षित रूप से रहें। ली ने शनिवार को गांसु प्रांत के जिशिशान काउंटी के साथ-साथ पड़ोसी किंघई प्रांत के मिन्हे काउंटी के कई गांवो का दौरा किया। इस क्षेत्र मे गत सोमवार आधी रात को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमे 148 लोगों की मौत हो गई और 781 लोग घायल हुए है। साथ ही कई इमारते भी क्षतिग्रसत हो गईं। प्रधानमंत्री ने आपदा से प्रभावित लोगो से बात की और पुनर्वास, राहत आपूर्ति और अस्थाई आवासो के निर्माण से संबंधित कार्यो की प्रगति का जायजा लिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की दोषसिद्धि के खिलाफ दायर अपील वापस की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान मे उच्चतम न्यायालय कार्यालय ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले मे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की तीन साल की सजा को रद्द करने का अनुरोध करने वाली अपील वापस कर दी है। रविवार को एक मीडिया रिपोर्ट मे यह जानकारी दी गई। रजिस्ट्रार कार्यालय ने शनिवार को संविधान के अनुच्छेद 185 के तहत 71 वर्षीय खान द्वारा अपने वकील लतीफ खोसा के माध्यम से दायर अपील वापस कर दी। खान ने अपील के जरिए इसी तरह की याचिका को खारिज करने के इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के 11 दिसंबर, 2023 के फैसले को चुनौती दी थी। डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अवैध रूप से सरकारी उपहार बेचने के लिए उच्च न्यायालय के एक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वारा पांच अगस्त को खान को दोषी ठहराए जाने के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की गई थी।

## फ्लोरिडा शॉपिंग मॉल गोलीबारीः एक व्यक्ति की मौत, एक अन्य घायल

**ओकाला (अमेरिका)।** मध्य फ्लोरिडा मे एक शॉपिग मॉल मे शनिवार को गोलीबारी की घटना मे एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। ऐसा प्रतीत होता है कि हमला स्पष्ट रूप से उस व्यक्ति को निशाना बनाकर किया गया था। ओकाला पुलिस प्रमुख माइक बाल्कन ने शनिवार शाम संवाददाताओं को बताया कि ओरलैंडो से लगभग 80 मील उत्तर-पश्चिम मे स्थित ओकाला के पैडॉक मॉल में व्यक्ति को कई बार गोली मारी गई जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि घटना में एक महिला घायल हुई है। बाल्कन ने कहा कि हमलावर घटनास्थल से फरार हो गया और बंदूक वही छोड़ गया। घटना के बारे में सूचना मिलने के बाद पुलिस दोपहर करीब तीन बजकर 40 मिनट पर मॉल पहुंची।

## वर्ष 2023 में भारत-अमेरिका संबंध : तीन कदम आगे बढ़े, एक कदम पीछे हटे

भाषा। वाशिंगटन



**भारत-अमेरिका** संबंधों को लेकर वर्ष 2023 कई मायनों में ऐतिहासिक साबित हुआ। एक ऐसा वर्ष जब एक भविष्योन्मुख पहल शुरू की गई और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक दुर्लभ राजकीय यात्रा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेजबानी की और फिर भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनकी नई दिल्ली की यात्रा संपन्न हुई। हालांकि, साल का अंत एक निराशाजनक घटनाक्रम के साथ हुआ, जब बाइडन प्रशासन ने न्यूयॉर्क की अदालत में एक अमेरिकी नागरिक को इस देश की धरती पर एक अलगाववादी सिख नेता की हत्या की साजिश रचने के लिए एक भारतीय अधिकारी का नाम लेते हुए आरोपपत्र दाखिल किया। तथ्य यह है कि एक तरफ तो अमेरिका कथित साजिश पर आरोप पत्र के साथ अदालती कार्यवाही की तरफ बढ़ गया जबकि सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमले के लिए जिम्मेदार लोगों और अमेरिका में शीर्ष भारतीय राजनयिकों को खुले तौर पर धमकियां मिलने के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं की। यह एक स्पष्ट प्रतिबिंब है कि जब दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र के बीच विश्वास की बात आती है तो बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। वर्ष 2023 में, मोदी और बाइडन दोनों ने कई प्रयास किए और ऐसे कदम उठाए जिनका उद्देश्य दोनों देशों के बीच एक विश्वसनीय साझेदारी स्थापित करना था, जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने क्रिटिकल एंड इमरजेंसी टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) की शुरुआत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के नेतृत्व में अपने प्रतिनिधिमंडल को भेजने से की। आईसीईटी, अमेरिका-भारत साझेदारी में एक प्रमुख मील का पत्थर है, जिसे रणनीतिक सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग के तहत अहम माना जा रहा है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया है। भारत सरकार अमेरिकी कंपनियों को देश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने और अपनी मौजूदगी बढ़ाने की सुविधा के लिए कई कदम उठा रही है। दूसरी ओर, बाइडन ने न केवल भारत के साथ जेट इंजन विनिर्माण सौदे को अभूतपूर्व मंजूरी दी।

## इंडोनेशिया में चीनी स्वामित्व वाले निकेल संयंत्र की भट्ठी में विस्फोट, 13 लोगों की मौत, 46 घायल

भाषा। पालू

**इंडोनेशिया** के सुलावेसी द्वीप पर चीनी स्वामित्व वाले निकेल संयंत्र में रविवार को एक धातु गलाने वाली भट्टी में विस्फोट हो गया, जिसमें कम से कम 13 कर्मचारियों की मौत हो गई जबकि करीब 46 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस और कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इंडोनेशिया में निकेल गलाने वाले संयंत्रों में होने वाली घातक दुर्घटनाओं के मद्देनजर यह ताजा घटना है। यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरराष्ट्रीय विकास कार्यक्रम का हिस्सा है जिसे बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के नाम से जाना जाता है। इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वैश्विक स्तर पर बैटरी के उत्पादन में निकेल एक प्रमुख घटक है। सेंट्रल सुलावेसी के पुलिस प्रमुख अगस नुगरोहो ने कहा कि भट्ठी की मरम्मत के दौरान अचानक विस्फोट होने से कम से कम चार चीनी और नौ इंडोनेशियाई श्रमिकों की मौत हो गई। नुगरोहो ने कहा कि यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसने भट्ठी को ध्वस्त कर दिया और संयंत्र की इमारत की बगल की दीवारों के कुछ हिस्सों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि इस हादसे में 14 चीनी नागरिकों समेत करीब 46 श्रमिक घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या कंपनी की लापरवाही के कारण यह मौतें हुईं। यह हादसा पीटी इंडोनेशिया मोरोवाली औद्योगिक पार्क की सहायक कंपनी पीटी इंडोनेशिया त्सिंगशान स्टेनलेस स्टील में हुई, जिसे पीटी आईएमआईपी के नाम से जाना जाता है।

## फ्रांस में रोके गए विमान के 303 यात्रियों की हिरासत अवधि बढ़ाने को लेकर सुनवाई शुरू

भाषा। पेरिस

**मानव तस्करी के** संदेह में फ्रांस के अधिकारियों ने निकारगुआ जा रहे जिस विमान को पेरिस से 150 किलोमीटर दूर वैट्री हवाई अड्डे पर रोक रखा है उसके 303 यात्रियों से रविवार को चार न्यायाधीशों ने पूछताछ शुरू की। स्थानीय अखबार ने यह जानकारी दी। खबर के मुताबिक न्यायधीश यात्रियों को और अधिक समय तक हिरासत में रखने के संबंध में फैसला करेंगे। यात्रियों में अधिकतर भारतीय हैं। ले मोंडे अखबार ने खबर दी, न्यायाधीशों के पास सीमा पुलिस द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हिरासत आदेश को शुरू में आठ दिनों के लिए और यदि आवश्यक हो तो और आठ दिन बढ़ाने का अधिकार है। यात्रियों से पूछताछ करने के लिए उनके पास दो दिन का समय है। अनुवादक न्यायाधीशों का सुनवाई में सहयोग कर रहे हैं। फ्रांसीसी मीडिया के मुताबिक कुछ यात्री हिंदी और कुछ तमिल में बात कर रहे हैं और ऐसा माना जाता है कि उन्होंने अपने परिवारों से टेलीफोन के माध्यम से संपर्क किया है। अखबार ने मामले से जुड़े एक सूत्र के हवाले से बताया कि दस यात्रियों ने शरण देने का अनुरोध किया है। फ्रांसीसी अभियोजकों के मुताबिक विमान में 11 बिना अभिभावक के नाबालिग और दो वयस्क यात्री गत शुक्रवार से ही हिरासत में हैं, उनकी हिरासत शनिवार शाम को अगले 48 घंटे तक बढ़ा दी गई थी। विमान का स्वामित्व रोमानियाई चार्टर कंपनी लीजेंड एयरलाइंस के पास है। कंपनी की वकील लिलियाना बाकायोको ने मानव तस्करी में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। लिलियाना ने बताया कि एक साझीदार कंपनी ने विमान को किराए पर लिया था और वही प्रत्एक यात्री के पहचान दस्तावेज को सत्यापित करने के लिए जिम्मेदार थी। वह उड़ान से 48 घंटे पहले यात्रियों की पासपोर्ट जानकारी विमानन कंपनी को देती है। फ्रांस में मानव तस्करी के लिए 20 साल तक की सजा का प्रावधान है। फ्रांस में भारत के दूतावास ने शनिवार



को कहा कि संदिग्ध मानव तस्करी के आरोप में फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा यात्रियों को हिरासत में लिए जाने के बाद भारतीय नागरिकों की मदद करने के लिए उसके कर्मचारी पेरिस के पास हवाई अड्डे पर मौजूद हैं।दूतावास ने शनिवार शाम को ही सोशल मीडिया पर एक अद्यतन संदेश में स्थिति के शीघ्र समाधान की कोशिश में लंबे क्रिसमस अवकाश सप्ताहांत पर काम करने के लिए फ्रांसीसी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। इससे पहले दूतावास ने कहा था कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई से उड़ान भरने वाले विमान को बृहस्पतिवार को तकनीकी पड़ाव के दौरान मार्ने के शालोन्स-वैट्री हवाई अड्डे पर उतारने के बाद उसे अपने नागरिकों के लिए राजनयिक पहुंच प्राप्त हुई थी।भारतीय दूतावास ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया, वर्तमान में पेरिस से 150 किलोमीटर पूरब में वैट्री हवाई अड्डे पर मौजूद भारतीयों की मदद और स्थिति के शीघ्र समाधान के लिए फ्रांसीसी सरकार के साथ काम कर रहे हैं। फ्रांसीसी समाचार प्रसारण टेलीविजन और रेडियो नेटवर्क बीएफएम टीवी ने बताया था कि विमान यात्रियों को हवाई अड्डे के प्रतीक्षा क्षेत्र में रखा जाए या नहीं, यह तय करने के लिए स्वतंत्रता और हिरासत मामलों के न्यायाधीश के समक्ष सुनवाई इस रविवार से शुरू होगी।

## ईरानी नौसेना में दो अत्याधुनिक क्रूज मिसाइलें शामिल

भाषा। दुबई

**ईरान की नौसेना** ने रविवार को घरेलू स्तर पर निर्मित अत्याधुनिक क्रूज मिसाइलों को अपने शस्त्रागार में शामिल किया। सरकारी टीवी पर यह खबर दी गई। टीवी पर कहा गया कि तलाइह और नासिर, दोनों क्रूज मिसाइलें राजधानी तेहरान से लगभग 1,400 किलोमीटर (850 मील) दक्षिण-पूर्व में स्थित एक नौसैनिक अड्डे पर पहुंची हैं। नौसेना प्रमुख एडमिरल शाहरम ईरानी ने कहा कि तलाइह की मारक क्षमता 1,000 किलोमीटर (620 मील) से अधिक है और उन्होंने इसे पूरी तरह से स्मार्ट कहा। ईरानी ने कहा कि क्रूज मिसाइल यात्रा के दौरान लक्ष्य बदलने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि नासिर की मारक क्षमता 100 किलोमीटर (62 मील) है और इसे युद्धपोतों पर स्थापित किया जा सकता है। पिछले महीने, एक इजराइली अरबपति के स्वामित्व वाले वाणिज्यिक जहाज पर हिंद महासागर में एक संदिग्ध ईरानी ड्रोन ने हमला किया था, क्योंकि इजराइल ने गाजा पट्टी में ईरान समर्थित हमास के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है।

## क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बेथलहम में सन्नाटा



● इजराइल-हमास युद्ध के कारण नहीं मनाया जा रहा जश्न

भाषा। बेथलहम (पश्चिमी तट)

**आम तौर पर** गुलजार रहने वाला ईसा मसीह का जन्मस्थान बेथलहम रविवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर किसी वीरान शहर सा नजर आया जहां इजराइल-हमास युद्ध के चलते जश्न नहीं मनाया जा रहा। मैंगर स्क्वायर (चौक) को जगमग करने वाली उत्सव की रोशनी और क्रिसमस ट्री नजर नहीं आए साथ ही विदेशी पर्यटकों और उत्साही युवाओं की वो भीड़ भी नदारद दिखी जो हर साल छुट्टी मनाने के लिए पश्चिमी तट के शहर शहर में एकत्र होती थी। दर्जनों फलस्तीनी सुरक्षा बल खाली चौक पर गश्त करते दिखे। छह साल से यरूशलम में रह रहे वियतनाम के एक फ्रांसिस्कन भिक्षु ब्रदर जॉन विन्ह ने कहा, इस साल, बिना क्रिसमस ट्री और रोशनी के, यहां बस अंधेरा है। उन्होंने कहा कि वह हर साल क्रिसमस मनाने बेथलहम आते हैं। क्रिसमस के जश्न का रद्द होना शहर की अर्थव्यवस्था के लिए एक गंभीर झटका है। बेथलहम की आय का अनुमानित 70 प्रतिशत हिस्सा पर्यटन से आता है। पर्यटन से होने वाली लगभग पूरी आय क्रिसमस के मौसम के दौरान होती है। कई प्रमुख एयरलाइनों द्वारा इजराइल के लिए उड़ानें रद्द करने के कारण, बहुत कम विदेशी लोग आ रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों का कहना है कि बेथलहम में 70 से अधिक होटलों को बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिससे हजारों लोग बेरोजगार हो गए हैं। मैंगर स्क्वायर से कुछ ही कदमों की दूरी पर स्थित आफतीम रेस्तरां के मालिकों में से एक अला आ सलामेह ने कहा, जब कुछ लोगों (गाजा में) के पास रहने के लिए घर तक नहीं है, तो हम एक पेड़ लगाने और सामान्य रूप से जश्न मनाने को उचित नहीं ठहरा सकते हैं। सलामेह ने कहा कि क्रिसमस की पूर्व संध्या आमतौर पर साल का सबसे व्यस्त दिन होता है। सलामेह ने कहा, आम तौर पर आपको बैठने के लिए एक भी कुर्सी नहीं मिलती, हम सुबह से आधी रात तक खाली नहीं रहते हैं। सलामेह ने कहा कि इस साल केवल एक टेबल कुछ पत्रकारों द्वारा बुक की गई है।

### जर्मनी और आस्ट्रिया में क्रिसमस समारोह स्थलों के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई

**फ्रैंकफर्ट।** जर्मनी के क्लोन शहर में महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थानो पर जाने पर पाबंदी लगा दी गई है तथा क्रिसमस के अवसर पर श्रद्धालुओं को आधी रात की प्रार्थना सभा कार्यक्रम के सिलसिले में जांच से गुजरना पड़ रहा है। पुलिस ने संभावित हमले का संकेत मिलने के बाद यह कदम उठाया है।लेकिन एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि वे डरें नही तथा क्रिसमस का उत्सव मनाने से संकोच नही करें।गिरजाघरों मे जाने के इच्छुक लोगों ने दर्शनीय स्थलों पर जाने पर रोक के बावजूद कैथ्इल (गिरजाघर मे) मे प्रार्थना सेवाओं मे हिस्सा लिया। एक दिन पहले ही पुलिस खोजी कुत्तो के साथ गिरजाघर पहुंची थी और तलाशी ली थी।आस्ट्रिया के वियना मे भी पुलिस ने कहा कि धमकी की गुप्त सूचना के आधार पर वह गिरजाघरो और बाजारो के आसपास सुरक्षा बढ़ा रही है। उसने उससे ज्यादा कुछ नही बताया लेकिन डीपीए समाचार एजेंसी ने बिना किसी सूत्र का हवाला दिए खबर दी है कि एक इस्लामिक चरमपंथी संगठन ने धमकी दी है।क्लोन में पुलिस ने कहा कि उसके पास नए साल के मौके पर हमले की सूचना आई है लेकिन उसके बाद भी वह क्रिसमस पर एहतियात बरत रही है। गिरजाघर के सामने खड़े पुलिस प्रवक्ता वुल्फगैग बाल्डेस ने कहा, यदि नए साल के लिए भी सूचना है तो भी कैथ्इल के आसपास के क्षेत्र में आज बड़ी संख्या में लोग है, क्योंकि आज क्रिसमस अर्धरात्रि प्रार्थना सभा है। यह उन गिरजाघरो मे एक है जहां सबसे अधिक लोग पहुंचते है। मुख्य स्टेशन भी नजदीक ही है। कैथ्इल के प्रोवोस्ट गुइडो एसमैन ने कहा, बहुत सारे लोग है और यही कारण है कि हमने कहा कि यदि संकेत है तो हम लोगों की रक्षा के लिए जरूरी हरसंभव कदम उठाएंगे।

# भारतीय महिलाओं का दिखा दम

● भारत ने एकमात्र टेस्ट आठ विकेट से जीता

● ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम को पहली बार टेस्ट में हराया

**भाषा।** मुंबई



भारतीय महिला क्रिकेट टीम के 28 साल में टेस्ट क्रिकेट के पहले घरेलू सत्र का शानदार अंत हुआ जब मेजबान टीम ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट में आठ विकेट की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को पहली बार टेस्ट मैच में शिकस्त दी। मैच के अंतिम दिन भारत ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय गेंदबाजों ने सुबह 28 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट चटकाए जिससे मेहमान टीम दूसरी पारी में 261 रन पर सिमट गई। भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 19वें ओवर में दो विकेट पर 75 रन बनाकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा रोड्रिग्स भी 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारतीय महिला टीम 1995 के बाद पहली बार किसी सत्र में घरेलू सरजमीं पर एक से अधिक टेस्ट खेल रही थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे मैच के दौरान टीम दबदबा बनाने में सफल रही। भारत ने इससे पहले डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिला टीम को भी एकमात्र टेस्ट में 347 रन के बड़े अंतर से हराया था। यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से इंग्लैंड के खिलाफ किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट में यह भारत की पहली जीत है। भारतीय महिला टीम ने अब तक 40 टेस्ट में सात जीत दर्ज की है जबकि छह मैच गंवाए है। टीम के 27 मैच ड्रॉ रहे हैं। पिछले हफ्ते इंग्लैंड के खिलाफ जीत के दौरान जहां जेमिमा, शुभा सतीश और रेणुका सिंह ठाकुर जैसे नए टेस्ट सितारे उभरे तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 साल की रिचा घोष ने पदार्पण करते हुए 52 रन की पारी खेली। चौथे दिन की सुबह भारतीय स्पिनरों का दबदबा रहा। स्नेह राणा (63 रन पर चार विकेट) और राजेश्वरी गायकवाड़ (42 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में अधिक समय नहीं लगाया। ऑस्ट्रेलिया की नजरें अपनी 46 रन की बढ़त को मजबूत करने पर टिकी थी लेकिन पहले सत्र में 45 मिनट के भीतर ही उसने अपने बाकी बचे पांच विकेट गंवा दिए। पूजा वस्त्राकर (40 रन पर एक विकेट) ने ऐशलेग गार्डनर (07) को पगबाधा करके भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई। स्नेह ने इसके बाद अनाबेल सदरलैंड (27) और एलेना किंग (00) को पवेलियन भेजा। राजेश्वरी ने किम गार्थ (04) को आउट करके पारी की पहली सफलता हासिल की और फिर जेस योनासेन (09) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का अंत किया। पहली पारी में 219 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 261 रन बनाए। पहली पारी में 406 रन बनाने वाले भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला। शेफाली वर्मा (04) ने पारी की पहली गेंद पर चौका मारा लेकिन गार्थ के इसी ओवर में विकेटकीपर एलिसा हीली को कैच दे बैठीं।

# कोहली-रोहित ने अभ्यास में बहाया पसीना

**भाषा।** सेंचुरियन





**विश्व कप** के निराशाजनक फाइनल को एक महीना बीत चुका है और इसकी टीस अब तक कायम है लेकिन रोहित शर्मा और विराट कोहली ने रविवार को यहां टेस्ट श्रृंखला के अभ्यास के दौरान बिना बातचीत किए पसीना बहाया क्योंकि वे जानते हैं कि आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है। भारतीय क्रिकेट टीम 31 साल से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है और अपने करियर के अंतिम पड़ाव में कोहली और रोहित वो ही हासिल करना चाहेंगे जो कोई अन्य भारतीय टीम नहीं कर सकी है। कोहली परिवार के साथ छोटे ब्रेक के बाद लंदन से यहां पहुंचे हैं और रोहित विश्व कप के बाद तीन हफ्ते तक खुद को मीडिया से दूर रखने के बाद अभ्यास के दौरान थोड़े सहज दिखे। दोनों ने अलग अलग नेट और मध्य पिच पर अभ्यास किया। एक घंटे से ज्यादा समय तक थ्रोडाउन का सामना भी किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई जबकि दोनों ने बीच बीच में छोटे ब्रेक भी लिए। यह सब विश्व कप के दौरान अभ्यास सत्र से काफी अलग था क्योंकि तब ध्यान अपने अभ्यास और हंसी मजाक पर भी लगा होता था। कोच राहुल द्रविड़ की नजरें मध्य नेट पर गड़ी थीं जहां केएल राहुल पैड लगाए मौजूद थे। कोना भरत ने पहले घंटे में विकेटकीपिंग ग्लव्ज नहीं पहने जिससे कोई शक नहीं रह गया कि विकेटकीपिंग कौन करेगा। स्लिप में खिलाड़ियों के साथ जब राहुल ने विकेटकीपिंग तो यह साफ हो गया और उनके साथ युवा यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल मौजूद थे। सुपरस्पोर्ट पार्क में सभी खिलाड़ियों ने तीन घंटे तक कड़ा अभ्यास किया। इस शांति के बीच रोहित का मजाकिया अंदाज बरकरार रखा जिन्होंने एक मशहूर यूट्यूबर के साथ मजाक करते हुए कहा कि श्रृंखला कवर करने आए दूसरे पत्रकारों को उनका इशारा करते हुए तुम्हारे लिए चुनौती है क्योंकि अन्य भी यहां पर मौजूद हैं। रोहित और जायसवाल सबसे पहले नेट पर पहुंचे, उन्होंने बारी बारी जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर की गेंदों का सामना किया। रोहित ने अश्विन की गेंद को स्वीप कर दिखाया कि जहां तक सलामी बल्लेबाजी का संबंध है तो उनमें कुछ नहीं बदला है। इसी दौरान कोहली भी आ गए और उन्होंने कोच द्रविड़ से थोड़ी बातचीत की जो रोहित को बल्लेबाजी करते हुए देख रहे थे। कुछ देर बाद कोहली पैड पहनकर थ्रोडाउन नेट पर आ गए जहां रोहित और जायसवाल भी कुछ देर में पहुंच गए। रोहित ने अपने युवा साथी जोड़ीदार से पूछा, तुझको पहले जाना है कि मैं जाऊं। एक थ्रोडाउन विशेषज्ञ दयानंद ने कप्तान से पूछा, दादा आपके लिए कौन सा गेंदबाज रखें, दाएं हाथ वाला या बाएं हाथ वाला। कप्तान को किसी से भी कोई परेशानी नहीं थी जिन्होंने नेट बल्लेबाजी करना शुरू कर दिया था। दोनों ने अच्छा डिफेंस दिखाया, लेंथ पर काफी गेंद छोड़ीं और कभी कभार ड्राइव शॉट भी लगाए और एक दूसरे की बल्लेबाजी भी देखी। बाद में रोहित जायसवाल और गिल को पुल शॉट लगाते हुए, शरीर का संतुलन बनाने के बारे में बताते दिखे जिन्हें भविष्य के रोहित-कोहली की जोड़ी कहा जाता है। अगले दो हफ्ते तक काफी कुछ दाव पर लगा होगा जिससे टीम अपने मुख्य कोच की तरह संजीदा दिखी। जो विश्व कप के दौरान माहौल से बिलकुल अलग था। कागिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन और संभवत: गेराल्ड कोएत्जे के चार तेज गेंदबाजों के आक्रमण के खिलाफ भारत के बल्लेबाजी गहराई को कम करने की संभावना नहीं है जिससे यहां के तेज गेंदबाजों के मुफीद हालात में शार्दुल ठाकुर फिर से अश्विन को पछाड़ सकते हैं।

## भुल्लर ने सत्र की अंतिम टाटा स्टील टूर गोल्फ चैम्पियनशिप जीती

**जमशेदपुर।** स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां अंतिम दौर में छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर एक शॉट से सत्र की अंतिम टाटा स्टील टूर चैंपियनशिप जीत ली। भुल्लर (64-66-67-66) ने 2020 के बाद दूसरी बार यह चैंपियनशिप अपने नाम की। उनका कुल स्कोर 25 अंडर 263 रहा जिससे उन्होंने 45 लाख रुपए की पुरस्कार राशि हासिल की। पंजाब के कपूरथला के इस 35 वर्षीय गोल्फर का यह 12वां पीजीटीआई खिताब है। भुल्लर ने 2020 के अपने 24 अंडर 264 के कुल स्कोर में सुधार किया। उन्होंने रविवार को अंतिम दौर में छह ईगल और चार बर्डी लगाई। राहिल गंगजी (70-62-65-67) 24 अंडर 264 के कुल स्कोर से उप विजेता रहे। उन्हें 30 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली जिससे वह पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में 26 पायदान ऊपर पहुंच गए जिससे उन्होंने साल का समापन छठे स्थान से किया। चंडीगढ़ के अंगद चीमा 23 अंडर 265 के कुल स्कोर से तीसरे स्थान पर रहे।

## एजेंटों को लेकर नए नियम बनाने पर विचार कर रहा है पीसीबी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) एक नया नियम लागू करने पर विचार कर रहा है जो किसी भी एजेंट या कंपनी को एक समय में दो या तीन से अधिक खिलाड़ियों को उनके साथ अनुबंधित करने से रोक देगा। दो एजेंसियों के पाकिस्तान टीम के दर्जनों खिलाड़ियों और अधिकारियों से अनुबंध करने के बाद बोर्ड के कामकाज का संचालन कर रही क्रिकेट प्रबंधन समिति के अगले कुछ दिनो मे इस नियम पर अंतिम फैसला करने की उम्मीद है। एक एजेंट तल्हा रहमानी और उनकी कंपनी साया कॉर्पोरेशन ने बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी और मुहम्मद रिजवान सहित सात से आठ प्रमुख पाकिस्तानी खिलाड़ियों और अधिकारियो का प्रतिनिधित्व किया है। पीसीबी को अब पता चला है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर्स संघ (आईसीए) के रूप में जानी जाने वाली एक अन्य एजेंसी ने भी ऐसा किया है और वर्तमान मे ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए कई खिलाड़ियों और अधिकारियों के साथ उसका अनुबंध है।

## बोले कोच महावीर फोगाट, मंत्रालय का बहुत बढ़िया फैसला

**भिवानी।** पिछले 11 महीनों से विवादों से घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नवनिर्वाचित संस्था को खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता महावीर फोगाट ने कहा कि यह बहुत बढ़िया फैसला है। महिला पहलवान गीता और बबीता के पिता फोगाट ने कहा, खेल मंत्रालय का यह फैसला बहुत बढ़िया है। इससे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ेगा। चुनाव से पहले ही दिख रहा था कि ए होगा और हुआ भी वही, लेकिन अब सरकार ने जो फैसला लिया है, वो बिल्कुल ठीक है। उनका यह भी कहना है कि सभी कुश्ती राज्य संघों को भी भंग कर देना चाहिए और नए सिरे से संघ बनाकर फिर से चुनाव कराए जाने चाहिए। मंत्रालय को सभी राज्य की संस्थाओं को भी भंग कर देना चाहिए और नए सिरे से संघ बनाकर फिर से चुनाव कराए जाएं क्योंकि हरियाणा-पंजाब में इनके (बृजभूषण शरण सिंह) आदमियों के वोट हैं तो ऐसे में निष्पक्ष चुनाव कैसे होंगे।

# मैंने कुश्ती से संन्यास ले लिया है : बृजभूषण

● डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद प्रतिक्रिया ● अब नए सदस्य करेंगे फैसला

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय कुश्ती** महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने रविवार को यहां कहा कि उन्होंने इस खेल से संन्यास ले लिया है क्योंकि उनके पास कई अन्य जिम्मेदारियां हैं जिनमें अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव भी शामिल हैं। बृजभूषण ने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के बाद यह टिप्पणी की। इससे पहले खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित करने के लिए सरकार ने उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना और खिलाड़ियों को तैयारी के लिए नोटिस दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की जल्दबाजी में की गई घोषणा को आधार बताया। मंत्रालय ने साथ ही कहा कि नई संस्था पूरी तरह से पूर्व पदाधिकारियों के नियंत्रण में काम कर रही थी जो राष्ट्रीय खेल संहिता के अनुरूप नहीं है। डब्ल्यूएफआई के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे जिसमें बृजभूषण के विश्वासपात्र संजय सिंह और उनके पैनल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। बृजभूषण ने कहा, मैंने 12 वर्ष तक कुश्ती की सेवा की। अच्छा या बुरा किया यह समय बताएगा। मैंने अब कुश्ती से संन्यास ले लिया है। मैं अब इस खेल से नाता तोड़ रहा हूं। अब जो भी निर्णय लेने हैं चाहे वह सरकार से संपर्क करना हो या कानूनी प्रक्रिया को संभालना हो, इसका फैसला अब नवनिर्वाचित सदस्य करेंगे। लोकसभा चुनाव पास में हैं और मुझे आगे बढ़ना है। बृजभूषण ने स्पष्ट किया कि अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप को आयोजित करने का फैसला इसलिए जल्दबाजी में लिया गया क्योंकि वह नहीं चाहते थे कि युवा खिलाड़ी अपने करियर का एक महत्वपूर्ण साल गंवाए। पुरानी समिति को अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन का फैसला इसलिए जल्दबाजी में करना पड़ा क्योंकि 31 दिसंबर को वर्ष 2023 का प्रतियोगिता चक्र समाप्त हो जाएगा और अगर टूर्नामेंट का आयोजन बाद में किया जाता है तो पहलवानों का पूरा एक साल बर्बाद हो जाएगा। अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन गोंडा के नंदिनी नगर में करने की भी आलोचना की गई।

## हम सरकार को अपनी स्थिति बताएंगे, निलंबन रद्द करने की मांग करेंगे: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने पीटीआई से कहा कि वह सरकार को अपनी स्थिति के बारे मे बताकर निलंबन रद्द करने की मांग करेंगे कि उन्होने फैसले करते समय किसी तरह से नियमो का उल्लंघन नही किया है और अगर मामले का समाधान नही होता तो वे कानूनी विकल्प भी तलाश कर सकते हैं। सरकार ने रविवार को डब्ल्यूएफआई की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित कर दिया क्योंकि उसका मानना है कि उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना और खिलाड़ियो को तैयारी के लिए नोटिस दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा की गई। संजय सिंह ने कहा, हम खेल मंत्री से मिलने का समय मांग रहे है और उनसे निलंबन हटाने का आग्रह करते है। अगर बातचीत से मामला नही सुलझता तो हम कानूनी विकल्प तलाश सकते है। हम सरकार को बताएंगे कि हमने निर्णय करते समय नियमों का पालन किया है। हम सबूत पेश करेंगे। जो भी फैसले किए गए वह सर्वसम्मति से किए गए।

# जैसमीन व अरुधंती क्वार्टरफाइनल में

● महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

**भाषा।** ग्रेटर नोएडा



**राष्ट्रमंडल खेलों की** कांस्य पदक विजेता जैसमीन (60 किग्रा) और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन अरूंधती चौधरी (66 किग्रा) ने रविवार को यहां 5-0 के समान स्कोर से जीत हासिल कर महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। जैसमीन ने राउंड 16 मुकाबले में मणिपुर की थोंगाम कुंजारानी देवी पर 5-0 की जीत से अंतिम आठ में जगह बनाई जिसमें उनकी भिड़ंत महाराष्ट्र की पूनम कैथवास से होगी। अरूधंती का सामना क्वार्टरफाइनल में पंजाब की कमलप्रीत कौर से होगा। अरूंधती ने राउंड 16 में अमिता को 5-0 से पराजित किया। अन्य महत्वपूर्ण मुकाबलों में साक्षी (57 किग्रा) ने दिल्ली की ज्योति पर रैफरी द्वारा मैच रोके जाने से राउंड 16 में प्रवेश किया जिसमें वह तेलंगाना की रेफा मोहिद के सामने होंगी। हरियाणा की स्वीटी बूरा (81 किग्रा) क्वार्टरफाइनल में महाराष्ट्र की साई देवखर के सामने होंगी। स्वीटी ने राउंड 16 में उत्तर प्रदेश की कनिष्का के खिलाफ जोरदार मुक्के जड़े जिससे तीसरे राउंड में रैफरी ने मुकाबला रोककर 2023 विश्व चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता स्वीटी को विजेता घोषित किया।

बीबीएल में अंपायर से बदतमीजी से लगे प्रतिबंध के खिलाफ अपील गंवाई टॉम कुरेन ने सिडनी, 24 दिसंबर (एपी) इंग्लैंड के आल राउंडर टॉम कुरेन की हाल में बिग बैश लीग मैच के दौरान अंपायर के साथ गलत व्यवहार करने के लिए लगे चार मैचों के प्रतिबंध को बदलने की अपील खारिज कर दी गई। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को कुरेन पर आचार संहिता के 2.17 अनुच्छेद के अंतर्गत तीसरे लेवल के उल्लघंन के लिए यह प्रतिबंध लगाया था। इस खिलाड़ी ने 11 दिसंबर को होबार्ट हरिकेन्स के खिलाफ मैच से पहले सिडनी सिक्सर्स टीम के अभ्यास के दौरान अंपायर से बदतमीजी की थी। इस घटना के वीडियो फुटेज में भी दिखा कि कुरेन ने विकेट से दूर रहने के अंपायर के निर्देश का पालन करने से इनकार कर दिया था।

# केएल राहुल से विकेटकीपिंग को लेकर चर्चा की, वह आश्वस्त हैं: द्रविड़



**सेंचुरियन।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रविवार को कहा कि केएल राहुल टेस्ट क्रिकेट में विकेटकीपिंग को लेकर आश्वस्त हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में भारतीय टीम के नए विकेटकीपर को कुछ नया करने का अवसर मिलेगा। केएस भरत का टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी पक्ष कमजोर है। भारतीय टीम प्रबंधन के पास इशान किशन के रूप में अन्य विकल्प था लेकिन उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए विश्राम का फैसला किया है। ऐसे में भारतीय टीम प्रबंधन के पास राहुल ही सर्वश्रेष्ठ विकल्प हैं। द्रविड़ ने यहां पत्रकारों से कहा, मैं इसे रोमांचक चुनौती के रूप में देखता हूं। यह निश्चित तौर पर उनके पास कुछ अलग करने का मौका है। इशान के यहां नहीं होने से उन्हें यह मौका मिला है। हमारे पास चयन के लिए दो विकेटकीपर हैं और राहुल उनमें से एक है। हमने उनसे इस बारे में चर्चा की और वह पूरी तरह से आश्वस्त है। वह इस भूमिका को निभाने के लिए उत्साहित है। द्रविड़ इस बात को समझते हैं कि टेस्ट क्रिकेट में विकेटकीपिंग की चुनौती पूरी तरह से भिन्न होती है लेकिन उनको पूरा विश्वास है कि राहुल अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे क्योंकि 50 ओवरों के प्रारूप में उन्होंने यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। हम जानते हैं कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अक्सर विकेटकीपिंग नहीं की है लेकिन वह 50 ओवर की क्रिकेट में लगातार ऐसा करते रहे हैं। पिछले पांच-छह महीनों में उन्होंने अच्छी तरह से तैयारी की है। उन्होंने इस बीच काफी विकेटकीपिंग की है।

## तीसरे दिन हरमनप्रीत का स्पैल टर्निंग प्वाइंट रहा: राणा

मुंबई। ऑलराउंडर स्नेह राणा ने रविवार को यहां कहा कि भारत और आस्ट्रेलिया के बीच एकमात्र महिला टेस्ट के तीसरे दिन कप्तान हरमनप्रीत कौर का स्पैल निर्णायक मोड़ (टर्निंग प्वाइंट) रहा। भारत ने यह टेस्ट आठ विकेट से जीता। टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की पहली जीत के बाद मैच मे निर्णायक मोड़ के बारे मे पूछे जाने पर स्नेह ने संवाददाताओ से कहा, हम ज्यादा नही सोच रहे थे और वर्तमान में रहना चाहते थे। हरमनप्रीत के दो विकेट निर्णायक मोड़ थे। स्नेह ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत से सहमति जताई कि टीम के मजबूत प्रदर्शन में मुख्य कोच अमोल मजूमदार की अहम भूमिका थी। जैसा कि हरमनप्रीत ने कहा, टीम मे उनकी अहम भूमिका थी। वह बहुत अनुभवी खिलाड़ी रहे है और उनके सभी सुझाव अच्छे रहे। हमने इसका पालन करने की कोशिश की है और इसका नतीजा पिछले दो टेस्ट मैच में देखा जा सकता है। हम बहुत आभारी है कि वह एक कोच के रूप मे आए है। भविष्य मे भी हमे उम्मीद है कि हम उनके मार्गदर्शन मे अच्छा प्रदर्शन करते रहेगे। चौथे और अंतिम दिन स्नेह, राजेश्वरी गायकवाड़ और दीप्ति शर्मा की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलिया ने 28 रन पर पांच विकेट खो दिए।स्नेह ने कहा कि वे सभी मैदान पर चर्चा के दौरान एक-दूसरे का साथ देती है जिसने उनके पक्ष मे काम किया।

## एलिसा ने कहा, यह कोई झटका नहीं

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली ने रविवार को कहा कि एकमात्र टेस्ट मे भारत के खिलाफ उनकी टीम की पहली हार कोई झटका नही है और अगले साल बांग्लादेश में होने वाला टी20 विश्व कप जीतना उनका लक्ष्य है। जब एलिसा से पूछा गया कि अपने दबदबे वाले रिकॉर्ड को ध्यान मे रखते हुए वह इस हार को कैसे देखती है तो उन्होंने मीडिया से कहा, शायद एक झटका भी नही है। यह एक ऐसा प्रारूप है जहां हम परिस्थितियो से अधिक परिचित नही है। एलिसा ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की टीम मे काफी बदलाव आया है लेकिन वे इस समय जिस स्थिति मे है उसमे सहज है।टीम के भीतर, हम जहां है और जिस तरह प्रगति कर रहे है और हम जहां जाना चाहते है, उससे हम वास्तव मे सहज है। एलिसा ने कहा, अगले साल के अंत मे बांग्लादेश मे टी20 विश्व कप होना है और यह हमारे लिए असली मौका है। ए बड़ी ट्रॉफियां है जिन्हे हम जीतना चाहते है। उन्होने कहा, हां, अब और तब के बीच की हर श्रृंखला महत्वपूर्ण है लेकिन साथ ही हम उस विश्व कप की तैयारी कर रहे है और यह सुनिश्चित करना चाहते है कि हम उन बड़े क्षणो को जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेले।

## प्राथमिकता देने से खेल में मदद मिली: स्टार्क

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सीनियर तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने स्वीकार किया कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए अतीत मे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की लुभावनी पेशकश ठुकराईं जिससे उन्हें अपने खेल में सुधार करने मे मदद मिली। पिछले हफ्ते हुई नीलामी में दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने स्टार्क को 24 करोड़ 75 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा और यह 2015 के बाद पहली बार है जब वह आईपीएल का हिस्सा बनेंगे। स्टार्क ने कहा कि आईपीएल के दौरान ब्रेक से उन्हें तरोताजा होने और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए फिट रहने में मदद मिली। एएपी ने स्टार्क के हवाले से कहा, एक तरह के क्रिकेट कार्यक्रम को व्यवस्थित करना ही काफी कठिन है, एक साथ दो की बात तो छोड़ ही दो। इसलिए मैने हमेशा क्रिकेट से दूर एलिसा के साथ समय बिताया है या परिवार के साथ समय बिताया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के लिए तैयार और फिट रहने के लिए अपने शरीर को तरोताजा रखा। मुझे इसका कोई अफसोस नही है। मुझे लगता है कि इससे निश्चित रूप से मेरे टेस्ट क्रिकेट को मदद मिली है। पैसा हमेशा अच्छा होता है और निश्चित रूप से इस साल भी था लेकिन मैने हमेशा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता दी है और मुझे लगता है कि इससे मेरे खेल को मदद मिली है।

## रियाज का बाबर को आश्वासन, न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए आराम नहीं दिया जाएगा: सूत्र

कराची। पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने कथित तौर पर बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को आश्वासन दिया है कि उन्हें आगामी मुकाबलों से मनमाने ढंग से बाहर नही किया जाएगा। इन दोनो सीनियर क्रिकेटरो ने मीडिया मे आई खबरो मे चिंता व्यक्त की थी कि चयन पैनल अगले महीने न्यूजीलैंड मे पांच मैचो की टी20 श्रृंखला के लिए उन्हे आराम देने की योजना बना रहा है। दोनो खिलाड़ियों के करीबी सूत्र ने कहा कि पूर्व कप्तान बाबर और विकेटकीपर बल्लेबाज रिजवान ने ऑस्ट्रेलिया से रियाज को फोन किया था और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरो की श्रृंखला के बारे मे स्पष्टीकरण मांगा था।सूत्र ने कहा, बाबर और रिजवान ने मुख्य चयनकर्ता को स्पष्ट कर दिया कि उन्होंने कभी भी आराम नही मांगा था क्योंकि वे अच्छा कर रहे थे। फिर मीडिया मे ऐसी खबरे क्यो चल रही थी कि चयनकर्ता उन्हें आराम देने जा रहे है। पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज रियाज ने इन दोनो के सामने स्वीकार किया था कि उन्होंने उन्हे न्यूजीलैंड के खिलाफ कुछ मैचो के लिए आराम देने का सुझाव दिया था लेकिन बाद मे उन्होंने अपना विचार बदल दिया।

## पोलार्ड अगले साल इंग्लैंड के कोचिंग स्टाफ से जुड़ेंगे

**लंदन।** वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान किरोन पोलार्ड अगले साल कैरेबियाई सरजमी और अमेरिका मे होने वाले टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड के कोचिंग स्टाफ से जुड़ेंगे। इंग्लैड एवं वेल्स क्रिकेट (ईसीबी) ने रविवार को इसकी घोषणा की। पोलार्ड ने अप्रैल 2022 मे क्रिकेट के सभी प्रारूपो से संन्यास ले लिया था। वह उस वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा थे जिसने 2012 टी20 विश्व कप जीता था। उन्होंने अपने करियर मे 637 टी20 मैच खेले है। ईसीबी ने मीडिया विज्ञप्ति मे कहा, वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान किरोन पोलार्ड को अगले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका मे होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैड पुरुष कोचिंग टीम मे नियुक्त किया गया है। इसमे कहा गया, पोलार्ड टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैड पुरुष टीम मे सहायक कोच के तौर पर जुड़ेंगे और स्थानीय हालात की जानकारी मुहैया कराएंगे। पोलार्ड ने 63 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में वेस्टइंडीज की कप्तानी की है। उन्होंने 101 मैच मे 1569 रन बनाए और 42 विकेट झटके। यह आल राउंडर मुंबई इंडियंस टीम का भी अहम हिस्सा था जिसने रोहित शर्मा की कप्तानी मे पांच इंडियन प्रीमियर लीग खिताब जीते थे।

## अवध क्लब प्लेट ग्रुप के फाइनल में

**लखनऊ।** मैन ऑफद मैच इस्लाम-61द्ध व आजमी 64 के अर्धशतकों से खानदान-ए-अवध क्लब ने द्वितीय अधीर दुबे टी.20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्लेट ग्रुप के पहले सेमीफाइनल में सीवीसीएल को 20 रन से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर रविवार को खेले गए मुकाबले में खानदान.ए.अवध क्लब ने ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 3 विकेट पर 179 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज आजमी ने 46 गेंदों पर 9 चौके व एक छक्के से 64 रन की तूफानी पारी खेली। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज इस्लाम ने 51 गेंदों पर सात चौके व एक छक्के की मदद से 61 रन की जिम्मेदारी भरी पारी खेली। सीवीसीएल से चरणजीत सिंह ने दो विकेट की जबकि एसके पांडे ने एक विकेट की सफलता हासिल की। जवाब में सीवीसीएल की पूरी टीम निर्धारित ओवर में छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी और लक्ष्य से 20 रन दूर रह गई। टीम से सिद्धार्थ भूटानी 45 और डॉ. रोहित भदौरिया 41 ने उम्दा पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इसके अलावा संजय गिरी ने 26 और संजय गुप्ता ने 18 रन का योगदान दिया।

# सहरावत, दिव्या ने एयर पिस्टल ट्रायल जीते

**भाषा।** नई दिल्ली

**हरियाणा के** करण सहरावत और कर्नाटक की दिव्या टीएस ने रविवार को यहां पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल (टी2) में जीत दर्ज की जिसके साथ राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं के नए सत्र के शुरुआती दो चयन ट्रायल संपन्न हुए। अंतरराष्ट्रीय सत्र की 2024 की शुरुआत में इंडोनेशिया के जकार्ता में होने वाली एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता से शुरू होगा जिसके लिए भारतीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा हो गई है। ओलंपियन सौरभ चौधरी पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में 586 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। सीनियर ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने भी 586 अंक जुटाए लेकिन अंदरूनी 10 अंक के करीब कम शॉट मारने के कारण वह दूसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के तीन निशानेबाजों आदित्य मार्ला, सहरावत और स्पर्धा के उप विजेता रहे शिव नरवाल ने अंतिम तीन क्वालीफाइंग स्थान हासिल किए। सहरावत ने हालांकि 24 निशाने के फाइनल में 243.0 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। शिव 242.6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। सेना के केदारलिंग उचागावने ने 222.4 अंक के साथ सौरभ को पछाड़कर तीसरा स्थान हासिल किया। महिला 10 मीटर टी2 फाइनल में दिव्या 243.8 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं। मनु भाकर (242.4) ने दूसरा स्थान हासिल किया। रिदम सांगवान 578 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर थीं। दिव्या ने दो अन्य निशानेबाजों के समान 574 अंक जुटाए थे लेकिन काउंटबैक में आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंची।

## राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर: मनन चंद्रा, विजय निचानी मास्टर्स स्नूकर के सेमीफाइनल में

**भाषा।** चेन्नई

**गत चैंपियन** मनन चंद्रा और विजय निचानी ने रविवार को यहां राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान लगातार दो जीत दर्ज करके मास्टर्स स्नूकर के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चंद्रा ने महाराष्ट्र के अनुराग के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में 4-0 की जीत से दिन की शुरुआत की। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में उन्होंने महाराष्ट्र के ही महेश को 4-2 से हराया। निचानी ने भी प्री क्वार्टर फाइनल में सुब्रत दास (ओडिसा) के खिलाफ 4-। से जीत दर्ज करके शानदार शुरुआत की। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में आईएच मनुदेव (कर्नाटक) को 4-2 से हराया। क्वार्टर के अन्य मुकाबलों में रजत खनेजा (हरियाणा) ने महेश (कर्नाटक) को 4-2 से, जबकि जे वरुण (तमिलनाडु) ने ध्रुव(पुणे) को 4-। से हराया।

# 2036 में भारत में हो सकता है ओलंपिक: शाह

● कहा, अहमदाबाद का सरदार पटेल परिसर होगा आयोजन स्थल

**भाषा।** अहमदाबाद



**गृह मंत्री अमित** शाह ने रविवार को उम्मीद जताई कि 2036 ओलंपिक यहां नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक बन रहे सरदार पटेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि देश 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश करेगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ओलंपिक की मेजबानी की जा सके, गुजरात सरकार ने बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कुछ बेहतरीन फर्म की सेवाएं ली हैं। शाह ने अपने गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित एक खेल टूर्नामेंट सांसद खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन पर बोलते हुए कहा कि मोदी ने सभी सांसदों से अपने क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कहा था। शाह ने कहा, यह प्रतियोगिता डेढ़ महीने तक चलेगी। मैं आपसे फाइनल के बाद मिलूंगा। खेल हमारे अंदर खेल भावना पैदा करते हैं। सम्मान से हारना महत्वपूर्ण है और जीतने की आदत रखना जरूरी है। जो लोग खेल या राजनीति में खराब खेलते हैं, कहा जाता है कि उनके अंदर खेल भावना की कमी है। शाह ने कहा कि गुजरात में भव्य नरेंद्र मोदी स्टेडियम के रूप में दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम मौजूद है और इसके करीब ही एक खेल परिसर बन रहा है। शाह ने कहा, (अगर भारत की बोली स्वीकार ली जाती है तो) यह खेल परिसर 2036 ओलंपिक की मेजबानी करेगा। सरकार ने सरदार पटेल खेल परिसर के लिए 4600 करोड़ रुपए और अहमदाबाद शहर में नवरंगपुरा खेल परिसर के लिए 600 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। यह भारत का सबसे बड़ा खेल परिसर होगा। गृहमंत्री ने कहा कि सरकार गुजरात में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए काफी खर्च कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी ने खेल महाकुंभ की शुरूआत तब की थी जब वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे जिससे राज्य के विभिन्न हिस्सों से कई खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने में मदद मिली।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।